सुप्रभात

रांची, मंगलवार

20.12.2022

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



epaper.khabarmantra.net पौष, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 157

12 सारा अली खान ने पूरी की ऐ वतन मेरे वतन की शूटिंग

## पहले दिन दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि, विपक्ष के हंगामे पर सीएम बोले

# लाश पर राजनीति करने की मंजूरी नहीं

→ शीतकालीन सत्र के पहले दिन दिवंगत नेताओं को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि

→ रबिता हत्याकांड को लेकर प्रमुख विपक्षी दल भाजपा के विधायकों ने जम कर हंगामा किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा शीतकालीन सत्र के पहले दिन जोरदार हंगामा हुआ। साहिबगंज की रबिता हत्याकांड को लेकर प्रमुख विपक्षी दल भाजपा के विधायकों ने जमकर हंगामा किया। सदन के भीतर और बाहर भाजपा विधायकों ने सरकार विरोधी नारेबाजी की और सीएम का इस्तीफा मांगा। साथ ही,सरकार से साहिबगंज रबिता हत्याकांड के हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग की गयी। इसके पहले हंगामे के बीच स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने सभापति तालिका, कार्यमंत्रणा समिति का मनोनयन किया। इसके बाद शोक प्रकाश की प्रक्रिया शुरू की गयी। इस दौरान भी विपक्षी सदस्य हंगाम करते रहे। स्पीकर ने कहा कि शोक प्रकाश के दौरान राजनीतिक बात से बचना चाहिए। ऐसे में परंपरा टूटेगी। सीएम ने भी समझाया और कहा कि वह विपक्ष की संवेदनाओं से वाकिफ हैं। इनकी बातों का जवाब दिया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि लाश पर राजनीति होने से सदन की गरिमा आहत होती है। समय पर सरकार जवाब देगी। विपक्ष के लोग मृतजनों पर राजनीति कर रहे हैं, जो मंजूर नहीं है। इससे पूर्व सदन में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।



### टेबल पर चढ़े रणधीर सिंह मार्शल आउट

**शोक प्रकाश** के दौरान भाजपा विधायक रणधीर सिंह अपने चेयर पर खड़े हो गये। इसकी वजह से उन्हें मार्शल आउट कर दिया गया। स्पीकर बार-बार बोलते रहे कि शोक प्रकाश के दौरान ऐसा होना अशोभनीय है। कांग्रेस के विधायक इरफान अंसारी, सरफराज आलम, उमाशंकर अकेला अपनी सीट पर खड़े होकर विपक्षी सदस्यों का विरोध करने लगे। मार्शल आउट किये जाने के बाद सदन के बाहर रणधीर सिंह ने कहा कि आदिवासी सीएम रहते एक आदिवासी युवती को टुकड़ों में काट दिया गया। राज्य में बेटियां सुरक्षित नही हैं। यदि जनता की सुरक्षा का आवाज उठाने पर मार्शल आउट किया जाता है तो मैं हजार बार मार्शल आउट होने को तैयार हूं।

### सभापति तालिका कार्यमंत्रणा समिति

स्पीकर ने सभापति के रूप में स्टीफन मरांडी, रामचंद्र चंद्रवंशी, सीता सोरेन, बिरंची नारायण व सबिता महतो को नामित किया। वहीं, स्पीकर स्वयं, सीएम हेमंत सोरेन, आलमगीर आलम, सीपी सिंह, सरयू राय, सुदेश महतो को कार्य मंत्रणा समिति का सदस्य मनोनीत किया।

### हत्याकांड के पीछे विकृत मानसिकता : सीएम

हंगामे के बीच सीएम हेमंत ने कहा कि रबिता हत्याकांड के पीछे सामाजिक विकृत मानसिकता है। उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं पर रोक लगनी चाहिए। सीएम ने कहा कि वह भी विपक्ष की संवेदनाओं से वाकिफ हैं, सरकार भी समय पर उनकी बातों का जवाब को तैयार है, पर अभी वो समय नहीं है। सीएम ने यह भी कहा कि लाश पर राजनीति होने से सदन की गरिमा आहत होती है। विपक्ष मृतजनों पर राजनीति कर रहे हैं। सीएम के इतना कहते ही भाजपा विधायक जोरदार शोर मचाने लगे। भाजपा के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने कहा साहिबगंज में आदिम जनजाति की बेटी के कई टुकड़े कर दिये गये। इससे पूरा राज्य शर्मसार व आक्रोशित है। उन्होंने कहा कि हत्यारा एक खास वर्ग का है। इतना कहते ही सत्ता पक्ष के लोग भी उनके विरोध में उठ खड़े हुए। मंत्री मिथिलेश ठाकुर और मंत्री बन्ना गुप्ता ने इस घटना को एक खास वर्ग से जोड़ने पर आपत्ति जतायी। स्पीकर ने कहा कि शोक प्रकाश के दौरान राजनीतिक बात से बचना चाहिए। इसे बाद में भी रखा जा सकता था।

### प्रदीप यादव ने फांसी देने की मांग की

दूसरी तरफ शोक प्रकाश पर दिवंगतों को श्रद्धांजलि देते हुए विधायक प्रदीप यादव ने साहिबगंज रबिता हत्याकांड का जिक्र किया और हत्यारे को सार्वजनिक रूप से फांसी देने की मांग की। उन्होंने कुछ दिन पूर्व दिल्ली में इसी तरह से श्रद्धा की हत्या हुई थी। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए नया कानून बनाना की जरूरत है। साहिबगंज के दिलदार अंसारी ने रबिता पहाड़िन को मार कर शव के कई टुकड़े कर फेंक दिया है।

## बड़ा तालाब में गिरी कार, बहादुर युवकों ने बचायी सबकी जान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित बड़ा तालाब में सोमवार को एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। बड़ा तालाब होकर गुजर रही तेज रफ्तार एक कार अचानक अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गयी। कार में एक व्यक्ति सहित महिला और दो बच्चे सवार थे। कार का आधा से अधिक भाग पानी में डूब गया था। वहां मौदूद तीन बहादुर युवकों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए चारों की चाज बचायी। वहीं कुछ लोग तो इस घटना की वीडीओ बनाने में लगे रहे। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल कर रही है। तीनों बहादुर युवकों ने देखते ही पानी में छलांग लगा दी। पहले कार को खींच कर किनारे पर लाया और फिर एक-एक कर सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। ये तीनों बहादुर युवक थे- मोहम्मद मोहसिन, मोहम्मद कलाम, और मोहम्मद साजिद। कार से बाहर आने के बाद भी परिवार सदमे में था। उनकी जान बचाने वाले युवकों ने अपनी गाड़ी में परिजनों को घर छोड़ दिया। तीनों युवकों को लोग बधाई दे रहे हैं। अगर समय रहते उन्होंने बहादुरी नहीं दिखायी होती तो बड़ा हादसा भी हो सकता था।

**आधी कार पानी में डूबी थी, दो बच्चे समेत चार थे गाड़ी में**



**कैसे हुआ हादसा :** बताया जा रहा है कि एक बाइक रैश ड्राइविंग करते हुए निकली, जिस कारण कार अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी। इधर कार अब भी तालाब में फंसी है। कार का संतुलन कैसे अचानक बिगड़ गया इस संबंध में अबतक पीड़ित परिवार ने कुछ नहीं बताया है। वहीं कार चला रहे युवक ने बताया कि अचानक गाड़ी पर से उनका नियंत्रण खो गया और गाड़ी सीधे तालाब में आ गिरी।

## कोल खदानों की क्षमता का हो रहा पूरा इस्तेमाल: जोशी



**नयी दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को स्पष्ट किया कि कोयला खदानों की 90 प्रतिशत क्षमता का इस्तेमाल किया जा रहा है और एक -दो वर्षों में देश में कोयला उत्पादन दो अरब टन तक पहुंच जायेगा। केन्द्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोमवार को राज्यसभा में पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सदन में जिस रिपोर्ट के हवाले से कहा जा रहा है कि देश में कोयला खदानों की पूरी क्षमता का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा, वह विदेशी संस्था की रिपोर्ट है। उसकी विश्वसनीयता नहीं है। उन्होंने कहा कि अभी कोयला खदानों की 90 प्रतिशत क्षमता का इस्तेमाल किया जा रहा है। वर्ष 2024-25 तक देश में कोयले का उत्पादन दो अरब टन तक पहुंच जायेगा। कांग्रेस की रंजीत रंजन ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा था कि कोयला खदानों की पूरी क्षमता का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा और देश में 13 करोड़ टन कोयले का आयात किया गया है। श्री जोशी ने कहा कि कांग्रेस की समस्या यह है कि वह देश की एजेंसियों और यहां तक कि सेना पर भी विश्वास नहीं करती। इसका कांग्रेस के सदस्यों ने कड़ा विरोध किया

## वंचितों को हक दिलाने सीएम ने सभी दलों को लिखा पत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने राज्य के सभी दलों के वरीय नेताओं, निर्दलीय विधायकों को पत्र लिख कर रिक्तियों में आरक्षण (संशोधन) विधेयक 2022 एवं झारखड स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा और परिणामी, अन्य लाभों को ऐसे स्थानीय व्यक्तियों तक विस्तारित करने के लिए विधेयक 2022 को अग्रेतर कार्रवाई के लिए केंद्र को भेजने का अनुरोध करने के लिए राज्यपाल से मिलने का आग्रह किया है।

व्यापक जनहित एवं राज्यहित में सीएम के आग्रह पर एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमडल मंगलवार को राज्यपाल से मिलेगा। प्रतिनिधिमंडल दोनों विधेयकों की शीघ्र भारत सरकार को भेजने का महामहिम से अनुरोध करेगा। राज्यपाल द्वारा 20 दिसंबर को अपराह्न तीन बजे मिलने का समय दिया है। सोमवार को

→ आरक्षण और नियोजन पर आज राज्यपाल से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

शीतकालीन सत्र के पहले दिन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद स्पीकर कक्ष में कार्यमंत्रणा की बैठक में सीएम ने झारखंड हाइकोर्ट से रद्द नियोजन नीति का मसला उठाया। उन्होंने कहा कि नियोजन नीति रद्द होने से युवाओं में आक्रोश है। यह निर्णय झारखंडी युवाओं के हक और अधिकार में बाधक बना है। ऐसे में अब 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है, ताकि झारखंड के स्थानीय को सरकारी नौकरी में उनका हक मिल सके। इसलिए उन्होंने स्थानीयता और नियोजन की समस्या से निपटने के लिए इस बिल पर राज्यपाल से हस्ताक्षर कराने के लिए मुलाकात की बात कही थी।

## सेना के लिए पिटाई शब्द बोलना गलत

**राहुल गांधी को जयशंकर का जवाब**

**नयी दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग में भारत-चीन के बीच झड़प को लेकर राहुल गांधी के बयान पर राजनीति तेज हो गयी है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राहुल गांधी के बयान पर आपत्ति जतायी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता को जवानों के लिए पिटाई शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। जयशंकर ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि हमारी सेना इस तरह की भाषा डिजर्व नहीं करती है। सेना का अपमान नहीं करना चाहिए। जवानों को किसी भी तरह से निशाने पर नहीं लेना चाहिए। हमारे जवान 13000 फीट की ऊंचाई पर सीमा की रक्षा कर रहे हैं। उनके लिए पिटाई जैसे शब्द का इस्तेमाल करना ठीक नहीं है। ऐसे शब्दों से सभी को बचना चाहिए।

## अजान शुरू होते ही सीजे ने रोका अपना संबोधन

### चीफ जस्टिस का विदाई समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ रवि रंजन के कार्यकाल का सोमवार आखिरी दिन था। उन्हें जजों एवं अधिवक्ताओं ने विदाई दी। इस मौके जस्टिस डॉ रवि रंजन ने कहा कि उन्होंने जो पाया उसके पीछे कड़ी मेहनत रही। किसी को मेहनत से नहीं भागना चाहिए। सफलता की कुंजी मेहनत ही है और इसका कोई विकल्प नहीं है। हालांकि इस दौरान अजान का वक्त हो रहा था, अजान सुनते ही उन्होंने पूरे अपना संबोधन तब तक रोक दिया, जबतक कि अजान न हो गया। चीफ जस्टिस के सर्व धर्म सम्मान के इस आरचण की काफी सराहना की। समारोह का आयोजन हाईकोर्ट परिसर में एडवोकेट एसोसिएशन ने किया था। मंगलवार को उनका जन्मदिन भी है। ऐसे में सोमवार को केक काटकर उनका जन्मदिन भी मनाया गया। चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन का कार्यकाल शानदार रहा। झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रहते हुए उन्होंने कई महत्वपूर्ण मामलों को पूरा किया। जस्टिस डॉ रवि रंजन ने कहा कि यह काफी महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने अधिवक्ताओं और जजों के साथ अपने अनुभव भी शेयर किये।



## स्मृति सिन्हा और अंकुश को मिला भिखारी ठाकुर सम्मान

**रांची।** भोजपुरी अभिनेत्री स्मृति सिन्हा और युवा गायक अंकुश राजा को भिखारी ठाकुर सम्मान 2022 से सम्मानित किया गया है। सोमवार को भोजपुरी के लोक कवि भिखारी ठाकुर की 135वीं जयंती के अवसर पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस दौरान रांची में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने आई भोजपुरी अभिनेत्री स्मृति सिन्हा और भोजपुरी के युवा गायक अंकुश राजा को भोजपुरी युवा विकास मंच एवं रिलेशनस की ओर से भिखारी ठाकुर सम्मान-2022 से सम्मानित किया गया। भोजपुरी युवा विकास मंच के अध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी ने अभिनेत्री और गायक को शॉल और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। द्विवेदी ने कहा कि





## न्यूज डायरी

### 28 से रांची में लगेगा खादी-सरस महोत्सव

**रांची।** मोरहाबादी मैदान में दो साल बाद खादी एवं सरस मेला लगेगा। इसे ले कर सोमवार को भूमि पूजन किया गया। झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के सीइओ आरसी बेसरा ने इस राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव नींव रखी। यह मेला 28 दिसंबर से 8 जनवरी 2023 तक चलेगा। इसमें देश भर के हस्तशिल्पकार, बुनकर, कारीगर खादी और सरस से जुड़ी दीदियों को फिर से अर्थिक रूप से सबल बनाने में महोत्सव सहयोग देगा।

### नये डीजीपी पर सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड में नये पुलिस प्रमुख की नियुक्ति में हो रही देरी का सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया है। शीर्ष कोर्ट की पीठ ने कहा कि झारखंड राज्य को निर्देश देते हैं कि वह यूपीएससी द्वारा बतायी गयी त्रुटियों पर ध्यान दे और 23 दिसंबर को या उससे पहले अपना जवाब सकारात्मक रूप से दाखिल करे। इसके बाद यूपीएससी 9 जनवरी, 2023 तक पद पर नियुक्ति से जुड़ी कार्रवाई करेगा।

### लापरवाही मामले में थाना प्रभारी सस्पेंड

**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के बीचों बीच ठेकेदार पर गोलीबारी मामले में लापरवाही बरतने वाले रामगढ़ थाना प्रभारी सुशील कुमार सिंह को एसपी पीयूष पांडेय ने सस्पेंड कर दिया है। उनकी जगह पर अभी तक किसी की पोस्टिंग नहीं हुई है। मामले में एसपी पीयूष पांडेय ने बताया कि थाना प्रभारी सुशील सिंह वरीय अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना कर रहे थे। इसके अलावा गोलीकांड में जांच कर रहे अनुसंधानकर्ता को कोई भी सहयोग नहीं कर रहे थे। इसके कारण उन्हें तत्काल सस्पेंड किया गया है। जल्द ही रामगढ़ थाना में नए पुलिस इंस्पेक्टर की पोस्टिंग की जायेगी।

### गोवा मुक्ति दिवस पर राष्ट्रपति ने दी बधाई

**पणजी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को गोवा के लोगों को राज्य मुक्ति दिवस के अवसर पर बधाई दी और कहा कि देश सशस्त्र बलों की वीरता के लिए उन्हें सलाम करता है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, मैं सभी देशवासियों, खासतौर पर गोवा के लोगों को अपनी शुभकामनाएं देती हूं और इसी के साथ हम उन स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने गोवा को औपनिवेशिक शासन से मुक्त कराने के लिए संघर्ष किया।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 51,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 71,500 रु./प्रति किलो |

## चीन में कोरोना का महाविस्फोट, 80 करोड़ लोगों पर खतरा

### अस्पतालों में लाशों का अंबार, मरीजों को नहीं मिल रही है जगह

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन में कोरोना महामारी का महाविस्फोट देखने को मिल रहा है। मरीजों को जमीन पर रखकर इलाज किया जा रहा है। पूर्वोत्तर चीन में अस्पतालों के मरीजों की लाश से भर जाने का वीडियो वायरल हो रहा है। माना जा रहा है कि 80 करोड़ लोगों पर खतरा मंडरा रहा है। मरीजों की संख्या इतनी ज्यादा हो गई है कि उन्हें जमीन पर लिटाना पड़ रहा है। अस्पतालों के हालात ठीक वैसे ही नजर आ रहे हैं जैसे भारत में हुए थे। मरीजों की संख्या इतनी ज्यादा हो गई है कि उन्हें जमीन पर लिटाना पड़ रहा है। वायरस विशेषज्ञों के मुताबिक चीन की करीब 60 प्रतिशत आबादी और धरती की कुल 10 फीसदी आबादी अगले 90 दिनों में संक्रमित हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह केवल शुरूआत भर है। अनुमान है कि कोरोना संक्रमण से 20 लाख लोगों की मौत हो सकती है। इसके अलावा 80 करोड़ लोग संक्रमित हो सकते हैं।

### 60 फीसदी आबादी खतरे में

इसकी चपेट में अब चीन की 60 फीसदी आबादी आ सकती है। पूर्वोत्तर चीन में अस्पतालों में लाशों का अंबार लग गया है लेकिन सरकार उसे छिपाने में जुट गयी है। श्मशान में आने वाले कोविड-सकारात्मक शवों की संख्या में अचानक वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के अनुसार कोरोना मरीजों से सभी अस्पताल भरे हुए हैं। चीनी समाचार वेबसाइट कैक्सिन ने सप्ताहांत में कोविड से दो मीडिया पत्रकारों सहित तीन मौतों की सूचना दी।

### चिकित्साकर्मी भी चपेट में

पूरे देश में कोविड-19 मामलों में वृद्धि के कारण चीन को भी चिकित्साकर्मियों की कमी का सामना करना पड़ रहा है। हालत बेहद खराब है। बीमार डॉक्टरों से मरीजों का इलाजकराया जा रहा है। कैक्सिन को पता चला कि बीजिंग के कई अस्पतालों को स्टाफ की कमी का सामना करना पड़ा है, क्योंकि अधिक डॉक्टर वायरस की चपेट में आ गये हैं।

### भारत के आठ राज्यों में कोरोना के नये मामले दर्ज

**नयी दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेश में कोरोना के सक्रिय नए मामले सामने आये हैं। अन्य राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में इनकी संख्या घटी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के सात सक्रिय मामलों में वृद्धि होने से इनकी संख्या बढ़कर 3,559 हो गयी है।

### सामाजिक अंकेक्षण स्रोत व्यक्ति संघ का सरकार से आग्रह

# मनरेगा का फिर से सामाजिक अंकेक्षण शुरू करने की मांग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सामाजिक अंकेक्षण स्रोत व्यक्ति संघ, झारखंड ने राज्य सरकार से मांग किया है कि राज्य में फिर से मनरेगा का सामाजिक अंकेक्षण का कार्य शुरू हो। संघ के अध्यक्ष मासूम अंसारी ने सीएम के अलावा राज्यपाल के नाम भी एक पत्र लिखा है। कहा कि मनरेगा के तहत स्थापित सामाजिक अंकेक्षण लेखा परीक्षा नियमावली 2011 के अनुसार वर्तमान सामाजिक अंकेक्षण इकाई को एक स्वतंत्र इकाई को निबंधित किया जाये। सभी ट्रेंड एवं कार्यरत स्रोत व्यक्तियों का समायोजन करते हुए सुरक्षा बीमा से संबंधित नीति बने। सभी मनरेगा योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण अनिवार्य है। मनरेगा योजनाओं में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने को लेकर प्रत्येक पंचायत में सोशल ऑडिट की प्रक्रिया फिर से शुरू की जानी चाहिये।


## कार्यालय नगर पंचायत, खूंटी

स्वच्छ सर्वेक्षण 2023

Declaration

This is notify that the people who are resident of Nagar Panchayat, Khunti must be cleaning their Septic Tank/Sewer on scheduled cleaning once in every 3 year within time. Otherwise penal action have been taken under the provision of Jharkhand Municipal Act 2011 and Jharkhand Faecal Sludge & Septage Management Policy 2017.

Sd/-
Executive Officer,
Nagar Panchayat, Khunti.

PR 285353 Urban Development(22-23)*D



## कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा

सूचना (3rd Call)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद, क्षेत्रान्तर्गत खादगढ़ा स्थित विवाह भवन का खुला डाक दिनांक–30.12.2022 को अपराह्न 03:00 बजे सें कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा के सभा कक्ष में किया जाएगा। इच्छुक डाकधारी आवेदन के साथ 54,000.00 का डीमाण्ड ड्राफ्ट, (कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा के नाम से देय होगा) आधार कार्ड, वोटर आई डी, अद्यतन होल्डिंग रसीद का छायाप्रति, आचरण प्रमाण–पत्र (अंचल/जिला स्तर से निर्गत) का छायाप्रति दिनांक– 30.12.2022 को अपराह्न 01:00 बजे तक जमा कर डाक में भाग ले सकते हैं।

नोटः– नियम एवं शर्ते नगर परिषद, लोहरदगा के सूचना पट्ट एवं **https://udhd.jharkhand.gov.in** पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, लोहरदगा।

PR 285421 (Lohardaga) 22-23 (D)



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०- ३०, वर्ष २०२२-२३**

माननीय विधायक श्री विकास कुमार मुण्डा, तमाड़ विधान सभा क्षेत्र के अनुशंसा के आलोक में अड़की प्रखण्ड के बीरबांकी स्वास्थ्य उपकेन्द्र बीरबांकी के लिए एम्बुलेन्स का क्रय जिसकी अनुशंसित राशि– 15,61,000.00 रूपये है। वित्तीय वर्ष 2021–22 एवं 2022–23 के लिए विधायक मद से FORCE Motors TRAX Ambulance BS VI, AC PS (2596 CC, 67KW/90HP) वाहन का क्रय किया जाना है। इस संबंध में मुहरबंद अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक निविदादाता निम्न शर्तों के अधीन दिनांक– 26.12.2022 के अपराह्न 01.00 बजे तक डाक अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से FORCE Motors TRAX Ambulance BS VI, AC PS (2596 CC, 67KW/90HP) हेतु कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी के कार्यालय में निविदा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। दिनांक–27.12.2022 को अपराह्न 04.00 बजे कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी के कार्यालय कक्ष में क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जायेगी। जिसमें निविदादाता/प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट https://www khunti.nin.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

PR 285429 Rural Development (22-23)_D



## झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची।

प्रेस विज्ञप्ति

"झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022" पूरे झारखण्ड राज्य में 12 सितम्बर 2022 से लागू है।

उक्त अधिनियम के आलोक में झारखण्ड राज्य में अवस्थिति निजी क्षेत्र के सभी नियोक्ता जो 10 से अधिक कामगार को नियोजित किए हो एवं 40,000/–(चालीस हजार) रू0 से अनाधिक वेतन देते हो को अधिनियम के अंतर्गत निबंधन कराना अनिवार्य होगा।

इस हेतु अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची के द्वारा निबंधन शिविर का आयोजन निम्नांकित तिथियों को किया जा रहा है :–

| क्रम0 सं0 | तिथि | समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 01. | 21.12.2022 बुधवार | 10:00 AM To 03:00 PM | JSIA कार्यालय Kokar |
| 02. | 23.12.2022 बृहस्पतिवार | 10:30 AM To 03:00 PM | K.M Udyog next to Premsons Motor, Tupudana |

सभी नियोजक उक्त तिथि को उपस्थित होकर यथाशीघ्र निबंधन कराना सुनिश्चित करें।

(आशा मैक्सिमा लकड़ा)
प्राधिकृत पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची।

PR 285397 Labour Employment and Traning(22-23)D



## कार्यालय नगर पंचायत, खूंटी
स्वच्छ सर्वेक्षण 2023

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, खूंटी द्वारा सैप्टिक टैंक सफाई की व्यवस्था की गई है। अतः जिन्हें भी सैप्टिक टैंक की सफाई करानी हो वे नगर पंचायत कार्यालय में आकर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। सैप्टिक टैंक सफाई के लिए प्रत्येक ट्रिप शुल्क निर्धारित की गई है, जो निम्नवत है:–

1. छोटी गाड़ी – 1500.00 रुपये प्रति ट्रिप
2. बड़ी गाड़ी – 2100.00 रुपये प्रति ट्रिप

नगर पंचायत कार्यालय में निर्धारित शुल्क का भुगतान कर सैप्टिक टैंक सफाई करा सकते हैं।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, खूंटी।

PR 285349 Urban Development(22-23)#D



## Office of the Nagar Parishad, Lohardaga

Notice Inviting Very Short Tender

e-Tender Reference No. 15/2022-23 Date- 17-12-2022

| S. No. | Gr. No. | Name of the Work | Approx Value of work (in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) | Cost of Bid Document by DD (Rs.) (non refundable) | Period of completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | Renovation of Livelihood Center for Urban Health and wellness centers and Polyclinics Patratoli, Lohardaga at ward No - 05 | 21,03,527.00 | 42,100.00 | 5000.00 | 45 Days |

Note: Updated estimated cost should be considered for earnest Money.

| Sl. No. | Procurement Officer | date of tender publish on website | Last date for submission of tender fee and earnest money. | Availability of tender on line for bidding | | Place, Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F | G |
| 1. | Executive officer Nagar Parishad, Lohardaga | 21-12-2022 Time 10:30 AM | N.P. Lohardaga 02-01-2023 up to 3:00 P.M. | Bid downloading Date- 21-12-2022 Time 11:00 A.M To Date 31-12-2022 Time 5:00 P.M. | Bid submission Date- 21-12-2022 Time 11:30 P.M To Date 31-12-2022 Time 5:00 P.M. | N.P. Lohardaga Date- 02-01-2023 Time 17:00 P.M |

Further details can be seen on website http://Jharkhandtenders.gov.in

Executive Officer
Nagar Parishad, Lohardaga

PR 285377 Lohardaga (22-23)_D


### कांग्रेस नेताओं ने की बैठक, प्रदेश अध्यक्ष को हटाने की मांग

# प्रदेश कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष को स्वीकार करने को तैयार नहीं: आलोक दूबे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** नवगठित प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त महासचिव आलोक दूबे ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस से जुड़े कार्यकर्ता एक दिन भी प्रदेश अध्यक्ष को स्वीकार करने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर पूरी तरह से पूर्व प्रभारी आरपीएन सिंह के प्रभाव एवं संपर्क में है। प्रदेश अध्यक्ष लगातार अपने विचारों को कांग्रेस में थोप रहे हैं। इसके खिलाफ पार्टी के अंदर जबरदस्त विरोध है। आलोक दूबे रांची के राजकीय अतिथिशाला में सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष की कार्यशैली से नाराज कई कांग्रेसियों की एक अहम बैठक के बाद मीडिया से बात कर रहे थे।

आलोक दूबे ने प्रदेश अध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि बिना इंटरव्यू दिए व्यक्ति को जिला अध्यक्ष बनाया गया, जो दिए थे उसे साजिश के तहत हटाया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष आज भी आरपीएन सिंह के इशारे पर भाजपा की गतिविधियों और एजेंडे को कांग्रेस पार्टी में संचालित कर रहे हैं।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सिर्फ अपने स्वार्थ के लिए काम कर रहे हैं। अगर अविलम्ब नहीं हटाया गया तो 2024 आते-आते यह आदमी पूरी पार्टी को लेकर भाजपा में भाग जाएगा। प्रदेश कांग्रेस महासचिव डॉ. राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि बैठक कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने के लिए बुलाया गया है। जिला कमिटी, प्रदेश कमिटी के गठन के बाद सभी जिला से आक्रोश की आवाज आ रही है।

वहीं साधुचरण गोप ने बताया कि बिना इंटरव्यू के ही बोकारो के जिलाध्यक्ष को चुनना, साहिबगंज में इंटरव्यू देकर जिला अध्यक्ष चुने गए व्यक्ति को हटाकर बिना इंटरव्यू दिए व्यक्ति को जिला अध्यक्ष बनाना प्रदेश अध्यक्ष की साजिश है। सचिव राकेश तिवारी ने कहा 30 वर्षों से हम संगठन के कामों में लगे हुए हैं, लाठियां खाई, जेल गए ऐसे कार्यकर्ता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। महिला कांग्रेस नेत्री विनीता पाठक नायक ने कहा आंदोलन करते हुए कांग्रेसी नेताओं को प्रदेश अध्यक्ष अगर यह कहते हैं उनका कोई वजूद नहीं है तो पहले उन्हें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।

राजकीय अतिथिशाला में बुलायी गयी बैठक में सभी सदस्यों ने राजेश ठाकुर को प्रदेश अध्यक्ष से हटाने का बिगुल फूंका। फैसला हुआ कि 24 दिसंबर से प्रदेश अध्यक्ष को हटाने को लेकर उनके गृह जिला बोकारो से विरोध प्रदर्शन की शुरूआत होगी। उसके बाद विरोधजिलों में होगा। प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय रांची आएंगे, तो कार्यकर्ताओं की मनोदशा से उन्हें अवगत कराया जाएगा। जनवरी में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलकर अपनी बातों को रखेंगे।

**बैठक में ये नेता थे उपस्थित** : बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमिटी में शामिल किए गए कई सदस्य उपस्थित थे। चुने हुए पदाधिकारियों में लालकिशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता, छोटू, सचिव चुने गए साधु चरण गोप, राकेश तिवारी, भरत रावत, ललन चौबे, मनोज झा, मोहम्मद फिरोज, उमेश चंद्र त्रिपाठी, हर्षवर्धन शाहदेव एवं कीर्तिमान नाथ, भरत रावत, संजीत यादव,शंकर कुमार साहू, उमर खान, फिरोज रिजवी मुन्ना,राजेश चंद्र राजू, रंजीत कुमार महतो, हरेराम यादव, देवराज खत्री, मुंजी सिंह, उदय प्रताप सिंह, नरेंद्र लाल गोपी, अमानत अंसारी, शिवशंकर उरांव, प्रदीप विश्वकर्मा, आशुतोष गोराई, रोहन गोसाई, बुद्धि सागर तिर्की, कुमार अभिषेक साहू, प्रदीप कुमार सिंह, सुमित कुमार, दीपक कुमार, विजय कुमार गुप्ता, आयुष गुप्ता, मनीष पाठक, शारदा कुमारी, सोनी नायक, रमेश उरांव, तापस कुमार झा, प्रवीण अनामिया, निप्पू निसार खान, सुमित कुमार, उदित कुमार, संजय कुमार बासु, रंजीत कुमार महतो, हरेराम यादव, मुंजी सिंह,उदय प्रताप सिंह, नरेंद्र लाल गोपी, अमानत अंसारी, शिवशंकर उरांव, प्रदीप विश्वकर्मा, आशुतोष गोराई, रोहन गोसाई, बुद्धि सागर तिर्की, कुमार अभिषेक साहू, प्रदीप कुमार सिंह, सुमित कुमार, दीपक कुमार, विजय कुमार गुप्ता, आयुष गुप्ता, मनीष पाठक, शारदा कुमारी, सोनी नायक, रमेश उरांव, तापस कुमार झा, प्रवीण अनामिया, निप्पू निसार खान, सुमित कुमार, उदित कुमार, संजय कुमार बासु मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### उच्च शिक्षा सचिव हाईकोर्ट में हुए सशरीर हाजिर

## कोर्ट ने सरकार से पूछा है एकल पीठ के आदेश में क्या है त्रुटियां

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एएस कॉलेज, देवघर के शिक्षकों के बकाया वेतन भुगतान से संबंधित एकल पीठ के आदेश के खिलाफ दायर सिद्धो कान्हू मुर्मू यूनिवर्सिटी और राज्य सरकार की अपील की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को हुई। सुनवाई के दौरान उच्च शिक्षा सचिव कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने उन्हें जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है, पूछा है कि एकल पीठ के आदेश में क्या-क्या त्रुटियां रही हैं। अगली सुनवाई 22 दिसंबर निर्धारित की गई है। दरअसल पूर्व की सुनवाई में हाईकोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार को शपथ पत्र दायर करने को कहा था कि जब आप एकल पीठ के आदेश से प्रभावित नहीं है तो आपने क्यों अपील दायर किया। कोर्ट ने सिद्धो कान्हू मुर्मू यूनिवर्सिटी को भी निर्देश दिया था कि शिक्षकों के बकाया वेतन से संबंधित पूरी फाइल को सीलबंद कोर्ट में प्रस्तुत करें तथा किन परिस्थितियों में आपने एकल पीठ के आदेश के खिलाफ एलपीए दाखिल करने का निर्णय लिया है उसे प्रतिशपथ पत्र दाखिल कर बताए।

**क्या है मामला** : एएस कॉलेज, देवघर में वर्ष 1990 के आसपास कई शिक्षक बहाल किए गए थे। एकल पीठ ने 2018 में इन शिक्षकों को नियमितीकरण से वंचित रखते हुए यह आदेश पारित किया था कि जिस अवधि में प्रार्थी शिक्षकों के द्वारा शिक्षण कार्य किया गया है उस अवधि का उन्हें लोएस्ट वेतनमान दिया जाए। एकल पीठ के आदेश के आलोक में सिदो कान्हू मुर्मू यूनिवर्सिटी के द्वारा राज्य सरकार से उक्त शिक्षकों के बकाया वेतन आदि की मांग की गई थी।

## हाईकोर्ट में लीव इनकैशमेंट से जुड़े मामले में हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के पांच न्यायाधीशों की बेंच ने लीव इनकैशमेंट से जुड़े मामले की सुनवाई की। पांच जजों की बेंच में चीफ जस्टिस डा रविरंजन, जस्टिस अपरेश कुमार सिंह, जस्टिस एस चंद्रशेखर, जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद और जस्टिस राजेश शंकर ने सुनवाई की। न्यायिक सेवा के रिटायर्ड अधिकारी कुमार मिश्रा के द्वारा लीव इनकेशमेंट के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। सोमवार की सुनवाई के बाद वृहद पीठ ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 10 फरवरी की तारीख मुकर्रर की है। झारखंड हाईकोर्ट ने इस मामले में हाईकोर्ट के अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया को अमेकस क्यूरी नियुक्त किया है। वह झारखंड हाईकोर्ट का पक्ष रख रहे हैं।

## राबिता के हत्यारे को मिले फांसी : धर्मेंद्र तिवारी

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि साहिबगंज के बोरियो में दिलदार अंसारी और परिवार द्वारा राबिया पहाड़ीन हत्याकांड दिल दहलाने वाली घटना को अंजाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि राबिया के हत्यारों को अविलम्ब फांसी होनी चाहिए। इधर अल्बर्ट एक्का चौक पर मोमबत्ती मार्च निकाल कर जगन्य हत्या का विरोध किया गया। इसका नेतृत्व श्री तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं के लिये सरकार को दोषी है। लोगों में धीरे-धीरे व्यवस्था के प्रति डर समाप्त हो गया है। कैंडल मार्च में मनोज कुमार सिंह, शिवानी लता, मंजू देवी, दुर्गेश चंद्रवंशी, अविनाश कुमार, विक्की कुमार, अंकित कुमार, अजय कुमार छोटू, मुकेश पाण्डेय, आशीष शीतल मुंडा, निरंजन कुमार उपस्थित थे।

### निर्वाचन को चुनौती वाली याचिका पर हुई सुनवाई

# विधायक ढुल्लू महतो की ओर से 8 गवाहों की दी गयी सूची

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के निर्वाचन को चुनौती देनेवाली जलेश्वर महतो की चुनाव याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में सोमवार को हुई। मामले में ढुल्लू महतो की ओर से 8 गवाहों की सूची दी गई। इन गवाहों में रिटर्निंग ऑफिसर, असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर भी शामिल है। ढुल्लू महतो ओर से एक शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि वे विधायक हैं और जनता के काम का काफी लोड रहता है। ऐसे में बाकी सारे गवाहों की गवाही पूरी होने के बाद में अपनी गवाही देंगे। मामले की अगली सुनवाई बुधवार को होगी।

जलेश्वर महतो की ओर से अधिवक्ता अरविंद कुमार लाल ने पैरवी की। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। बता दें कि जलेश्वर महतो की ओर से गवाही बंद हो चुकी है। जलेश्वर महतो ने ढुल्लू महतो के निर्वाचन को रद्द करने का आग्रह किया है। याचिका में कहा गया है कि जिस समय ढुल्लू महतो ने अपना नामांकन जमा किया था उस समय वे डिसक्वालिफाइड थे, क्योंकि उनको अलग-अलग धाराओं में सजा हुई है वह कुल मिलाकर 2 साल से ज्यादा का समय हो जाता है। सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले को आधार बनाते हुए कहा गया है कि ढुल्लू महतो का नामांकन रद्द होना चाहिए।

रिटर्निंग ऑफिसर को उसी समय ढुल्लू महतो का नामांकन कर रद्द कर देना चाहिए था, लेकिन उन्होंने नहीं किया। याचिका में यह भी कहा गया था बहुत से बूथ जैसे बूथ नंबर 266 में 600-700 वोट पड़े थे लेकिन रिटर्निंग ऑफिसर ने उसे जीरो दिखाया था। प्रार्थी जलेश्वर महतो की ओर से कहा गया है कि वे बहुत कम मतों के अंतर से हारे हैं, इसलिए ढुल्लू महतो के निर्वाचन को रद्द कर कुछ बूथों पर पुनर्मतदान करायी जाये।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा

शुद्धि पत्र

निविदा सूचना सं0 – 06/EE/RDSD/KODERMA/2022-23 आमंत्रित किया गया था। जिसमें पुनः संशोधित ग्रुप सं0 – 01 एवं 02 को संवेदक श्री संजीव कुमार तिवारी, असनाबाद, झुमरी तिलैया, कोडरम द्वारा निविदा के कार्यो में बाधा एवं कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। जिसके कारण निविदा को रद्द किया जाता है। जिसका पी0 आर0 सं0 – 284970 है। पुनः निविदा को आमंत्रित किया जायेगा। निविदा की सभी शर्तें पूर्वत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा

PR 285393 Rural Work Department(22-23)#D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

**ई-प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या - DWSD/Filter Bed-27/2022-23 (1st Call)

दिनांक–17.12.2022

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | Repair and Maintenance work of Filter Bed No. 1 to 6 [First 3 bed in first round and rest 3 in 2nd round] at Urban Water Supply Scheme, Medininagar Filtration Plant under DW&S Division, Medininagar for the year 2022-23. |
|---|---|---|
| 1 | प्राक्कलित राशि लगभग (लाख में) | 11.00 Lakh (ग्यारह लाख रूपये मात्र)। |
| 2 | अग्रधन की राशि | Rs. 22,000.00 (बाईस हजार रूपये मात्र)। |
| 3 | परिमाण विपत्र का मूल्य | Rs. 2500.00 (दो हजार पाँच सौ रूपये मात्र)। |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 (दो) माह। |
| 5 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 24.12.2022 / 04.00 बजे अपराह्न में। |
| 6 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 03.01.2023 / 5.00 बजे अपराह्न तक। |
| 7 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की तिथि एवं समय | 04.01.2023 / 05.00 बजे अपराह्न तक। |
| 8 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 05.01.2023 / 04.00 बजे अपराह्न में। |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 10 | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क नं0 | 9835068475 |
| 11 | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651-2480345 |

नोटः– 1. विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–88 (स्वी0) रांची, दिनांक 02.12.2022

2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
मेदिनीनगर।

PR 285411 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)


### आदित्यपुर, हजारीबाग, रांची, चास, देवघर, धनबाद और गिरिडीह है शामिल

# अमृत योजना के तहत राज्य में अबतक 7 शहरों में 42 कार्य पूरे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के सात शहरों को देश के बाकी शहरों की तरह अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) योजना का लाभ मिल रहा है। जून 2015 में शुरू की गयी इस योजना से झारखंड के सात शहर रांची, चास, देवघर, धनबाद, गिरिडीह, आदित्यपुर, हजारीबाग को चुना गया है। अमृत योजना के तहत इन शहरों में अब तक 42 अलग अलग तरह के कार्यों को पूरा कर लिया गया है जबकि 17 कार्य प्रगति पर है। चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह ने झारखंड में अमृत योजना और इसके लिए अब तक आवंटित धन राशि के संबंध में सूचनाओं की मांग जारी शीतकालीन सत्र में की थी। इसी आधार पर आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने यह सूचना दी है।

**अब तक इस योजना के लिए दिये गये पैसे** : आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर के मुताबिक झारखंड के चयनित सात शहरों में अमृत योजना के तहत जो 42 कार्य पूरे हुए हैं, उन पर 220.9 करोड़ व्यय किये गए हैं। जारी 17 कार्यों पर 1394.16 करोड़ व्यय होने हैं। इस योजना के तहत कुल 59 कार्यों के लिए 1615.06 करोड़ रुपये व्यय किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले तीन वर्षों के दौरान 354.46 करोड़ अमृत योजना के तहत आवंटित किये गये हैं। 2019-20 में 135.22 करोड़, 2020-21 में 109.62 करोड़ और 2021-22 के लिए भी इतनी ही राशि परियोजनाओं के लिए आवंटित की गयी है। अन्य घटकों से इसी अवधि के लिए 9.54 करोड़ मुहैया कराये गये हैं। परियोजनाओं के लिए पिछले तीन सालों में आवंटित 354.46 करोड़ में से 172.59 करोड़ का उपयोगिता प्रमाण पत्र मिल चुका है। अन्य घटकों के लिए जारी राशि में 6.89 करोड़ का यूसी उपलब्ध है।

**अमृत योजना में क्या है खास** : केंद्र सरकार के मुताबिक 25 जून 2015 को देश भर के चुनिंदा 500 शहरों और कस्बों में अमृत शुरू किया गया था। यह मिशन चयनित शहरों और कस्बों में जल आपूर्ति, सीवरेज और सेप्टिक प्रबंधन, वर्षा जल निकासी, हरे-भरे स्थान और पार्क और गैर-मोटर चालित शहरी परिवहन के क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने सभी राज्यों, संघ राज्य क्षेत्रों की राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएसपी) को मंजूरी दे दी है। इसमें 35,990 करोड़ रुपये की प्रतिबद्ध केंद्रीय सहायता सहित संपूर्ण मिशन अवधि के लिए 77,640 करोड़ रुपये शामिल है। अब तक राज्यों, संघ राज्य क्षेत्रों ने 82,222 करोड़ रुपये लागत वाली 5873 परियोजनाएं शुरू की हैं जिनमें से 32,793 करोड़ रुपये की लागत वाली 4676 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।

# हाथी और मानव के बीच संघर्ष रोकने के लिए केंद्र गंभीर

## सांसद संजय सेठ के सवाल पर केंद्रीय मंत्री का जवाब

### एक साल में झारखंड में जंगली हाथी के उत्पात में वृद्धि

### दो वर्षों में 200 से अधिक लोग हाथियों के उत्पात में मारे गये



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय पर्यावरण वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने बताया कि देश में हाथियों और उनके पर्यावरण की सुरक्षा के लिए केंद्र प्रायोजित स्कीम, हाथी परियोजना के तहत राज्यों को तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त झारखंड और उड़ीसा राज्यों में हाल ही में हाथियों की मौत की घटना पर भी मंत्रालय गंभीर है। एक उच्च स्तरीय समिति का भी गठन किया गया है। मानव हाथी का संघर्ष रुके, प्रतिशोध की भावना से हाथियों के मारे जाने की घटना रुके, स्थानीय समुदायों को हाथियों के कारण हुई जानमाल की क्षति के लिए मुआवजा की राशि उपलब्ध कराई जाये। इस मामले में केंद्र सरकार पूरी तरह गंभीरता बरतती है। दरअसल, सांसद संजय सेठ के संसद में पूछे गये सवाल का श्री यादव जवाब दे रहे थे।

अपने जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि विगत 2 वर्षों में जंगली हाथियों के उत्पात से झारखंड में 200 से अधिक लोगों की मौत हुई है। जिसमें 2020-21 में 74 लोग और 2021-22 में 133 लोग हाथियों का शिकार होकर अपनी जान गवायें हैं।

इसके अतिरिक्त संपत्ति आदि की क्षति और मुआवजे के लिए 2020-21 में 591 लाख रुपया और 2021-22 में 485 लाख का भुगतान मुआवजा के रूप में किया गया है। योजनाओं के तहत वन्य पशुओं द्वारा पहुंचाई गई क्षति में मुआवजे का प्रावधान है। मृत्यु या स्थाई अशक्तता की स्थिति में 5 लाख तक का मुआवजा दिया जाता है। जबकि गंभीर चोट की स्थिति में 2 लाख रुपए मुआवजा दिए जाने का प्रावधान है। मामूली चोट आने पर उपचार की लागत प्रति व्यक्ति 25 हजार तक सरकार खर्च करती है।

## गूंज महोत्सव का दूसरा दिन : किसान गोष्ठी का आयोजन, कैंसर से बचाव पर भी व्याख्यान

# उन्नत खेती और बेहतर उत्पादकता के लिए नयी तकनीक का इस्तेमाल करें किसान : डॉ एन सिंह

### स्वच्छ सिल्ली, ग्रीन सिल्ली सेवा की शुरूआत

### भारत दर्शन सांस्कृतिक कार्यक्रम को लोगों ने सराहा

### तीन दिवसीय गूंज महोत्सव का समापन आज



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गूंज महोत्सव का दूसरा दिन किसानों के नाम रहा। सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आए किसानों ने किसान गोष्ठी में हिस्सा लिया। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एन सिंह ने कहा कि उन्नत तरीके से खेती करने से उत्पादकता बढ़ेगी। इसके लिए नई तकनीक को जरूर जानें और इनका सदुपयोग उपयोग करें। उन्होंने किसानों से कहा कि समय के साथ खेती के तरीके बदल रहे हैं। नई तकनीक और लगातार होते शोध ने उत्पादकता बढाने के मार्ग प्रशस्त किए हैं। इससे पहले किसान गोष्ठी का उद्घाटन गूंज परिवार के संरक्षक स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने दीप जलाकर किया। इस मौके पर 40 प्रगतिशील किसानों और 25 कृषि मित्रों को सम्मानित किया गया।

इस गोष्ठी में कृषि विभाग की उपनिदेशक कंचन, जिला परिषद की उपाध्यक्ष वीणा चौधरी प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, उप प्रमुख आरती देवी, अंचलाधिकारी धर्मेंद्र दुबे समेत काफी किसान मौजूद थे।

### कैंसर की रोकथाम एवं बचाव पर व्याख्यान

इस दौरान कैंसर के रोकथाम एवं बचाव पर व्याख्यान आयोजित किया गया। दिल्ली से आए कैंसर सर्जन मजीद अहमद तालिकोटि ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू के सेवन से कैंसर होता है। तंबाकू से मुंह, गले एवं पेट के कैंसर पल का खतरा होता है। 40% कैंसर केवल तंबाकू के सेवन से होता है। इसके अलावा शराब और सिगरेट के सेवन से कैंसर के खतरे बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता जरूरी है स्वच्छ व्यक्ति के बीमार पड़ने का खतरा कम होता। इस मौके नेफ्रोलॉजिस्ट डॉक्टर उमा किशोर निधि स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी बातों की जानकारी दी।

**गूंज महोत्सव का समापन आज**
सिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय गूंज महोत्सव का समापन मंगलवार को होगा। आम आदमी स्वास्थ्य सेवा की शुरूआत होगी। 20 दिसंबर को सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में खेलो सिल्ली अभियान का शुभारंभ होगा। इस अभियान के तहत पूरे विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों में विभिन खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**स्मार्ट क्लास** : शिक्षा के क्षेत्र में एक नयी क्रांति की नींव के साथ 'पढ़ेगा सिल्ली, बढ़ेगा सिल्ली' अभियान के दूसरे चरण में सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के सभी उच्च विद्यालयों में स्मार्ट क्लास के माध्यम से पढ़ाई की शुरूआत होगी।

**स्वच्छ सिल्ली ग्रीन सिल्ली सेवा शुरू** : महोत्सव के दूसरे दिन विधायक सुदेश कुमार महतो ने स्वच्छ सिल्ली ग्रीन सिल्ली सेवा की शुरूआत की। इसके लिए दो वाहन सिल्ली व्यवसायिक संघ के सदस्यों को सौंपा गया। विधायक ने कहा है कि इसके सफल संचालन के लिए कमेटी बनाई जाएगी। एक सफाई वाहन सिल्ली एवं दूसरा मुरी रेलवे आसपास क्षेत्र के कचरे को कचरे डंप तक ले जाएगा।

**11 करोड़ के अस्पताल निर्माण कार्य का शिलान्यास** : सिल्ली अस्पताल परिसर में 11 करोड़ का नया भवन बनेगा। विधायक सुदेश कुमार महतो ने भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया अस्पताल परिसर में ही डॉक्टर और कर्मचारियों के लिए आवास भी बनाए जाएंगे। इस मौके पर अस्पताल के कई अधिकारी जिला परिषद के उपाध्यक्ष वीणा देवी समेत कई प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**दिव्यांगजन जांच शिविर में पहुंचे कई गांवों से लोग** : रांची सदर अस्पताल की ओर से लगाए गए दिव्यांगजन जांच शिविर में दूरदराज के गांवों से भी लोग पहुंचे। स्वास्थ्य कर्मियों ने उनकी जांच की। कई लोगों को मौके पर दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिए गए। ये लोग अब दिव्यांगों को मिलने वाली सरकारी सुविधाएं पाने के हकदार होंगे।

**मेडिकल हेल्थ कैंप में 5000 लोगों की जांच** : महोत्सव स्थल पर आम लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 18 दिसंबर से ही कई हेल्थ कैंप लगाए गए हैं। अब तक पांच हजार से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई है। ये हेल्थ चेकअप कैंप 20 दिसंबर तक सेवाएं देंगी। कैंप लगाने वाले असस्पतालों में प्रॉमिस हेल्थ हॉस्पिटल रांची, आई हॉस्पिटल रांची, श्री तिरुपति डेंटल क्लिनिक एंड इंप्लांटस सेंटर रांची, सिंगपुर नर्सिंग होम मूरी, सीएचसी सिल्ली, देवी नेत्रालय वजय श्री हेल्थ सेंटर शामिल हैं।

**सिल्ली हाट में रौनक बढ़ी, जमकर खरीदारी** : महोत्सव के दूसरे दिन सिल्ली हाट की रौनक देखते बन रही थी। इस हाट में लगभग सौ स्टॉल लगाए गए हैं। इन स्टॉल में ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट रही है। रोजमर्रा के सामानों की दुकानों में लोग जरूरत के सामान खरीदते नजर आए। मीना बाजार एवं झूले में भी महिलाओं और बच्चों ने खूब आनंद लिया।

# पिछले दो दिनों में रांची सबसे ठंडा, अभी नहीं मिलेगी टंड से राहत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में अभी ठंड से राहत नहीं मिलने वाली है। रांची में अभी कुछ दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा। रांची में पिछले दो दिनों यानी शनिवार और रविवार को इस साल का सबसे कम न्यूनतम तापमान रहा है। बता दें कि पिछले एक हफ्ते से ठंड में थोड़ी कमी देखी गई है। वही शनिवार और रविवार को शाम होते ही ठंड बहुत ज्यादा बढ़ गई। मौसम विभाग से मिली रिपोर्ट के अनुसार शनिवार को राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं रविवार को अधिकतम तापमान 24.0 और न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस रहा। सोमवार को अधिकतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9.0 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। सोमवार सुबह में रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में कोहरा देखा गया।

| साल | अधिकतम तापमान | तारीख | न्यूनतम तापमान | तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 2012 | 29.0 | 10 दिसंबर | 5.9 | 28दिसंबर |
| 2013 | 29.2 | 1दिसंबर | 7.1 | 2 दिसंबर |
| 2014 | 28.1 | 1दिसंबर | 4.0 | 29दिसंबर |
| 2015 | 30.5 | 1 दिसंबर | 5.3 | 29 दिसंबर |
| 2016 | 28.2 | 12 दिसंबर | 8.0 | 22 दिसंबर |
| 2017 | 28.8 | 13 दिसंबर | 8.0 | 18 दिसंबर |
| 2018 | 26.2 | 12 दिसंबर | 4.6 | 30 दिसंबर |
| 2019 | 25.8 | 2 दिसंबर | 4.7 | 28 दिसंबर |
| 2020 | 29.4 | 7 दिसंबर | 7.0 | 19 दिसंबर |
| 2021 | 26.8 | 3 दिसंबर | 5.8 | 22 दिसंबर |

## अधिकारी विशाल सागर को दी गयी विदायी

# रांची के नव पदस्थापित डीडीसी का हुआ स्वागत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के उपविकास आयुक्त रहे विशाल सागर की विदाई और जिले के नये उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। विकास भवन स्थित उपविकास आयुक्त सभागर में जिलास्तरीय पदाधिकारियों ने विशाल सागर के साथ अपने कायार्नुभव साझा करते हुए उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी। समारोह के दौरान आईएएस विशाल सागर ने बतौर डीडीसी अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने सभी पदाधिकारियों/कर्मियों की कार्यशैली एवं सहयोग की सराहना करते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विशाल सागर ने रांची में अपने पदस्थापन से लेकर कोविड में मिली जिम्मेवारियों और अन्य विकास कार्यों को पूरा करने में संबंधित पदाधिकारियों/कर्मियों के सहयोग को सराहा। उन्होंने कहा कि हम सभी एकजुट होकर एक सिस्टम के तहत काम करते हैं।

विशाल सागर ने नव पदस्थापित दिनेश कुमार यादव को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला में सभी पदाधिकारियों/कर्मियों के सहयोग से विकास कार्य सुचारु रुप से जारी रहेंगे, ऐसी कामना करता हूं।

उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने विशाल सागर के साथ पूर्व के अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि विशाल सागर ने कार्य को लेकर जिले में जो पैरामीटर सेट किया है उसे पूरा करने में उनका मार्गदर्शन आवश्यक होगा। डीडीसी ने विशाल सागर भविष्य के बेहतर भविष्य और स्वास्थ्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं।

बता दें कि 2016 बैच के आईएएस पदाधिकारी विशाल सागर को निदेशक, सूचना प्रौद्योगिकी, झारखण्ड के पद पर पदस्थापित किया गया है। श्री सागर निदेशक, झारखंड स्पेस एप्लीकेशन सेंटर तथा मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, झारखंड कम्यूनिकेशन नेटवर्क लिमिटेड के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगे। जबकि दिनेश कुमार यादव 2018 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। श्री यादव पूर्व में संयुक्त सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड के पद पर पदस्थापित थे।

## खबर एक नजर में

### चाईबासा डीसी को सरायकेला और जामताड़ा डीसी को दुमका का अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। उपायुक्त सरायकेला खरसावां अरवा राजकमल के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के कारण उनके वापस लौटने तक की अवधि के लिए अनन्य मित्तल उपायुक्त पश्चिम सिंहभूम चाईबासा को अपने कार्यों के साथ तो उपायुक्त सरायकेला खरसावां का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उपायुक्त दुमका रवि शंकर शुक्ला के भी 19 दिसंबर से 13 जनवरी तक प्रशिक्षण कार्यक्रम में जाने की वजह से उनके वापस लौटने की अवधि तक उपायुक्त जामताड़ा जिला फैज अहमद मुमताज को अपने कार्यों के साथ तो उपायुक्त दुमका का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट ने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की



**रांची।** झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम हेमंत सोरेन से विधानसभा स्थित उनके कक्ष में मुलाकात की। सीएम को यूनियन के मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा। सीएम को सौंपे गये ज्ञापन में मुख्य रूप से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने, आवास योजना का लाभ देने, बीमारी से दिवंगत किरीबुरू के पत्रकार अनन्त मिश्रा, कोडरमा के पत्रकार सोनी पांडेय और सड़क दुर्घटना में मृत चक्रधरपुर के पत्रकार सुदाम प्रधान के परिजनों सहित अन्य जिलों के भी परिजनों के जीवन यापन के लिये पांच पांच लाख रुपये की सहायता राशि देने की मांग की। मौके पर यूनियन के अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल ने आगामी दिनों रांची में आयोजित होने वाले फेक न्यूज हटाओ कार्यशाला में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया। इसकी मौखिक सहमति भी यूनियन को सीएम ने प्रदान की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात को श्री अग्रवाल ने पत्रकारहित में एक उत्साही कदम बताया। यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रजत कुमार गुप्ता ने राज्य में पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू करने की बात कही। शफीक अंसारी ने कहा कि पहले भी हेमंत सोरेन की सरकार ने पत्रकारों के हित मे कई योजनाएं शुरू की थी। प्रतिनिधिमंडल में यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रजत कुमार गुप्ता, शफीक अंसारी, अरविंद कुमार गुप्ता, जगदीश सिंह मुख्य रूप से शामिल थे।

## ऑल इंडिया रेलवे महिला हॉकी चैंपियनशिप में अब दिखाएंगी हुनर

# एफआईएच नेशन महिला हॉकी में चैंपियन बनने वाली बेटियों का एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एफआईएच नेशन महिला हॉकी प्रतियोगिता में चैंपियन बनकर स्पेन से लौटी भारतीय महिला हॉकी टीम के 11 सदस्य आज रांची पहुंचे। रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचते ही हॉकी झारखंड एवम खेल विभाग के नेतृत्व में उनका शानदार स्वागत किया गया। इन चैंपियन 11 खिलाड़ियों में झारखंड की चार खिलाड़ी निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी और ब्यूटी डुंगडुंग शामिल हैं। इसके अलावा गुरजीत कौर, वंदना कटारिया, नेहा गोयल, सुशीला चानू, निशा, नवजोत कौर, नवनीत कौर भी शामिल हैं। यह सभी खिलाड़ी मंगलवार से रांची में आयोजित होने वाले 43वीं ऑल इंडिया रेलवे महिला हॉकी चैंपियनशिप में भाग लेंगी।

बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर खिलाड़ियों के स्वागत में हॉकी झारखंड एवं खेल निदेशालय, झारखंड सरकार की टीम फूल माला एवं ढोल नगाड़े का साथ तैयार थी। एयरपोर्ट से उनके बाहर निकलते ही हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह, खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा सहित अन्य पदाधिकारियों ने उन्हें फूल माला पहनाया। मिठाई खिलाकर तथा शॉल ओढ़ाकर सभी का शानदार स्वागत किया। इस दौरान भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान असुंता लकड़ा, कांति बा, पुष्पा प्रधान, हॉकी रांची के अध्यक्ष माइकल लाल, सचिव जयंत केरकेप्ता, हॉकी झारखंड महासचिव विजय शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष अश्रिता लकड़ा, सीईओ रजनीश कुमार सहित अन्य भी उपस्थित थे।

**झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार परफॉर्मेंस** : गौरतलब है कि एफआईएच नेशन महिला हॉकी प्रतियोगिता में भारतीय महिला टीम अपने सभी मैच जीतकर अपराजेय रही थी। प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया था जिसमें भारत ने चिली, जापान, साउथ अफ्रीका, आयरलैंड और मेजबान स्पेन को पराजित किया। इसमें भारतीय टीम की ओर से झारखंड की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन किया। सलीमा टेटे, संगीता कुमारी एवं ब्यूटी डुंगडुंग अपने प्रदर्शन का लोहा मनवाया।

## शीत सत्र में शोक प्रकाश के दौरान जोरदार हंगामा, स्पीकर ने कहा- गलत परंपरा की हो रही शुरूआत

# राबिता पहाड़ीन के पचास टुकड़े को लेकर टूटी सदन में मर्यादा

### भाजपा विधायक टेबल पर खड़े हुये तो मार्शलों ने निकाला सदन से बाहर

**उदय चौहान**



**रांची।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को सदन में भीतर अलग नजारा दिखा। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायकों ने साहिबगंज के राबिता पहाड़ीन के पचास टुकड़े कर हत्याकांड को अंजाम दिये जाने के लिये सरकार के तुष्टिकरण की नीति को जिम्मेवार ठहराया। विपक्ष के हंगामें के बीच ही स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने स्वागत भाषण दिया। इसके बाद सभापति व कार्य मंत्रणा समिति के सदस्यों की घोषणा की गयी। बीच-बीच में स्पीकर सदस्यों का समझाने का प्रयास करते रहे कि शोक प्रकाश के समय हंगामा संसदीय परंपरा के विपरीत है। बावजूद इसके विपक्षी सदस्य बेल पर पहुंच कर सरकार विरोधी नारेबाजी में व्यस्त हो गये। विपक्षी सदस्य अपने हाथों में सरकारी विरोधी नारे लिखी हुई तख्तियां लिये हुये थे। इस दौरान राबिता हत्याकांड को लेकर भाजपा के विधायकों ने राज्य सरकार को घेरा और जमकर नारेबाजी की। बहसबाजी के दौरान सारठ के भाजपा विधायक रणधीर सिंह टेबल पर खड़े तक हो गये। इसके बाद स्पीकर के आदेश पर मार्शलों ने रणधीर सिंह को सदन से बाहर किया। दरअसल, इसके पहले झारखंड विधानसभा में शोक प्रकाश के दरम्यान विपक्षी दलों द्वारा इतना जबरदस्त हंगामा नहीं किया गया है। स्पीकर शोक प्रकाश के दौरान हंगामें को सदन की मर्यादा को तार-तार करने वाला बताया है। साथ ही, सीएम हेमंत सोरेन ने विपक्ष पर लाश पर राजनीति करने का आरोप चस्पा कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि शीतकालीन सत्र के पहले दिन शोक प्रकाश के दौरान पक्ष-विपक्ष के नोंक-झोंक और भाजपा विधायक रणधीर सिंह के टेबल पर चढ़ कर विरोध करने की घटना लोकतांत्रिक इतिहास में अलोकतांत्रिक पन्ना जोड़ दिया है। इस घटना ने झारखंड विधानसभा में अलग रिकार्ड कायम कर दिया है। इस घटना ने विपक्ष के आक्रामक तेवर को दर्शाता है। वहीं, भाजपा के रणधीर सिंह को मार्शल आउट करा कर स्पीकर ने स्पष्ट कर दिया है कि वे किसी के दबाव में सदन की मर्यादा को झुकने नहीं देंगे। हांलाकि, सदन के भीतर पक्ष-विपक्ष दोनों ओर से राबिता के हत्यारों को कठोर से कठोर सजा देने की मांग की गयी। लेकिन, भाजपा ने सीधे - सीधे मुख्यमंत्री पर हमला बोल दिया। उधर, सीएम ने भी प्रमुख विपक्षी दल भाजपा पर लाश की राजनीति करने का आरोप लगा दिया। इससे शीतकालीन सत्र के दौरान सदन में गर्माहट पैदा हो गयी।

**...जब समरेश सिंह ने सदन में फाड़ा था कुर्ता**
विधानसभा में जेवीएम विधायक समरेश सिंह ने पुराना विधानसभा भवन में अपना कुर्ता फाड़ कर सरकार का विरोध किया था। उस समय अजीबोगरीब स्थिति पैदा हो गई थी। दरअसल, श्री सिंह राज्य में पार्ट-टाईम काम कर रहे शिक्षकों की सेवायें नियमित करने, विस्थापितों की समस्याओं के लिए आयोग बनाने और रांची के बाहरी इलाके स्थित नागड़ी गांव के लोगों की अधिगृहित जमीन उन्हें लौटाने की मांग कर रहे थे। हालांकि, तत्कालीन स्पीकर सीपी सिंह ने समरेश सिंह को सदन की मर्यादा रखने की नसीहत दी थी। इस तरह कुर्ताफाड़ विरोध प्रदर्शन से सदन की गरिमा तार-तार हुई थी।

**फॉग स्प्रे से ढक गये थे तत्कालीन स्पीकर दिनेश उरांव** : सीएनटी-एसपीटी संशोधन के खिलाफ आज से छह साल पहले भी झाारखंड विधानसभा में अजीबोगरीब स्थिति पैदा हो गयी थी। तत्कालीन रघुवर सरकार के विरोध में उस समय के विपक्षी दलों झामुमो, कांग्रेस व झाविमो ने रिपोर्टिंग टेबल पर चढ़ कर भारी उधम मचाया था। कांग्रेसी विधायक इरफान अंसारी ने फॉग स्प्रे से स्पीकर तक को ढ़क दिया था। स्पीकर डॉ दिनेश उरांव को लक्ष्य कर कुर्सी तक फेकी गयी थी। इस घटना ने भी सदन की मर्यादा को चूर-चूर कर दिया था। इस घटना के बाद स्पीकर ने इरफान सहित दो सदस्यों को निलंबित कर दिया था।

# कोल्हान के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में नक्सलियों ने कदम-कदम पर बिछा रखी है बारूदी सुरंग

**सत्येन्द्र**



**रांची।** झारखंड में नक्सलियों पर नकेल कसने के लिए एक तरफ जहां अर्द्धसैनिक बल के जवान और झारखंड पुलिस मुस्तैदी से काम कर रही है। वहीं दूसरी ओर जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों ने भी कोलहान के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जगह जगह पर विस्फोटक बिछा रखे है। नक्सलियों के इस कृत्य से अभियान में शामिल जवानों पर हर समय खतरा का बादल मडरा रहा है। इसके बावजूद जवानों का हौसला बुलंद है। एक करोड़ के इनामी अनल दा व मिसिर बेसरा के क्षेत्र कोल्हान के ट्राईजंक्शन पर सुरक्षा बलों की दबिश बढ़ती जा रही है, वहीं, दूसरी ओर नक्सलियों ने भी उन्हें नुकसान पहुंचाने के लिए बारुदी सुरंग बिछा रखे हैं। कुछ दिनो पहले यानी 10 दिसंबर को प॰मी सिंहभूम के टोंटो थाना क्षेत्र में रेंगड़ाहातू से तुम्बाहाका जाने वाले रास्ते पर माओवादियों विस्फोटक लगाए थे। इस आईईडी के विस्फोट में नक्सल विरोधी अभियान पर निकले कोबरा 209 बटालियन के इंस्पेक्टर प्रभाकर साहनी जख्मी हो गए थे। ट्राई जंक्शन के इन क्षेत्रों में पिछले साढ़े पांच महीने के अभियान के दौरान बरामद विस्फोटक व आइईडी की स्थिति देखने पर यह कहा जा सकता है कि इन क्षेत्रों में नक्सलियों ने कदम-कदम पर बारुदी सुरंग बिछा रखी है, जिसे निष्क्रिय करने की कोशिश लगातार जारी है।

**जवानों ने भारी मात्रा में किया है विस्फोटक बरामद :** झारखंड पुलिस व सीआरपीएफ मिलकर उक्त क्षेत्र में अपना दबदबा कायम करने की लगातार कोशिश कर रही है। जून 2022 से अब तक सुरक्षा बलों ने 29 माओवादियों को गिरफ्तार किया, जिनमें दो माओवादी एरिया कमांडर रैंक के थे। इस दौरान पुलिस की एक बार नक्सलियों से मुठभेड़ भी हो चुकी है। साढ़े पांच महीने में 66 आइईडी, 90 किलोग्राम विस्फोटक बरामद हुए। झारखंड पुलिस से मिले एक आंकड़े के अनुसार जून 2022 से अब तक माओवादियों के बिछाए हुए 66 आइईडी को सुरक्षा बलों ने चिन्हित कर उसे नष्ट कर दिया है। सर्वाधिक आइईडी की बरामदगी नवंबर महीने में हुई है। जुलाई में सिर्फ एक आइईडी मिला था। वहीं, नवंबर में 41 व दिसंबर में अब तक 24 आइईडी बरामद हो चुके हैं। विस्फोटकों की बात करें तो नवंबर महीने में ही सुरक्षा बलों ने इस क्षेत्र से 90 किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ बरामद किया है। बरामद आइईडी को सुरक्षा बलों ने बम निरोधक दस्ते की सहायता से मौके पर ही नष्ट करवा दिया।

# 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना से महिलाओं की शिक्षा में काफी प्रगति हुई : डॉ शांडिल्य

## डीएसपीएमयू में 'उत्कृष्ट भारत' विषय पर सेमिनार का हुआ आयोजन



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के एमबीए विभाग में सोमवार को 'उत्कृष्ट भारत' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें उपरोक्त विषय पर व्याख्यान के लिए किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ के प्रो ओपी सिंह और पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी पटना के अर्थशास्त्र के प्रो अनिल कुमार ठाकुर मौजूद थे। इसके अलावा ग्लोबल लीडर्स फाउंडेशन के चेयरमैन रमेश त्रिपाठी ने भी अपना वक्तव्य दिया।

सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए डीएसपीएमयू के वीसी डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने आजादी के बाद से अबतक के श्रेष्ठता की ओर भारत के बढ़ते कदम पर चर्चा की। उन्होंने इस संदर्भ में शिक्षा, विशेष तौर पर महिलाओं की, कृषि और रोजगार को उत्कृष्ट भारत या नए भारत की संकल्पना के तौर पर मानक माना। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नई शिक्षा नीति इस बदलते भारत का संकेत है। उन्होंने कहा कि 'सर्व शिक्षा अभियान' और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी सरकारी योजनाओं से महिलाओं की शिक्षा में काफी प्रगति हुई है, जो उत्कृष्ट या बदलते भारत के लिए एक शुभ संकेत है।

उन्होंने उत्कृष्ट भारत के लिए शिक्षा, कृषि और रोजगार को दिशा में देश के उत्तरोत्तर प्रगति पर बल देने की बात कही। उन्होंने अर्थशास्त्री होने के नाते कृषि की दिशा में संसाधनों की उपलब्धता और इसके द्वारा देश की अर्थव्यवस्था में उत्तरोत्तर प्रगति की संभावना पर बल दिया, जो एक श्रेष्ठ भारत की ओर एक कदम रहेगा। इस अवसर पर प्रो अनिल ठाकुर ने आगामी तीन दिवसीय इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन में उपरोक्त मुद्दों पर चर्चा की बात कही। ग्लोबल लीडर्स फाउंडेशन के चेयरमैन रमेश त्रिपाठी ने बदलते भारत पर अपना व्याख्यान दिया। इसके बाद सेमिनार के दूसरे सत्र में विशिष्ट योगदान के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य के द्वारा डॉ जयदीप सान्याल, सरिता पांडे, डॉ रजनीश प्रकाश सिंह, डॉ कुमारी लक्ष्मी सिंह, प्रो ओपी सिंह आदि को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर एमबीए विभाग के निदेशक डॉ अशोक कुमार नाग, शिक्षक प्रियंका मिश्रा, डॉ मदनजीत सिंह, विकास शर्मा, श्रेया प्रदीप और उद्धव टोप्पो मौजूद थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## स्पीड न्यूज

### अग्रवाल सभा के उपसमिति संयोजकों की हुई घोषणा

रांची। अग्रवाल सभा रांची कार्यकारिणी सदस्यों स्थाई एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों की एक बैठक महाराजा अग्रसेन भवन में हुई। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में अग्रवाल सभा द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं श्रीअग्रसेन जयंती तथा सामूहिक विवाह की समीक्षा की गई। बैठक में अग्रवाल- सभा के विभिन्न उप समितियों के संयोजकों की घोषणा की गई। बैठक का संचालन मंत्री मनोज चौधरी ने एवं धन्यवाद ज्ञापन सज्जन पाड़िया ने की। बैठक में वरीय उपाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, सहमंत्री विजय कुमार खोवाल सहित कार्यकारिणी स्थाई एवं विशेष आमंत्रित सदस्यगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी अग्रवाल सभा के नवनियुक्त प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

### तीन दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा सेवा शिविर 25 से

रांची। जिला मारवाड़ी सम्मेलन एवं मारवाड़ी सहायक समिति के संयुक्त तत्वधान में तीन दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन 25 दिसंबर से 27 दिसंबर तक हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में किया जा रहा है। सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल एवं मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया ने संयुक्त रूप से बताया है कि इस तीन दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा सेवा शिविर में उदयपुर के चिकित्सकों द्वारा कमर का दर्द एवं घुटना का दर्द का इलाज किया जायेगा। शिविर के लिए अग्रिम निबंधन कराना होगा। निबंधन 20 दिसंबर से मारवाड़ी भवन में किया जायेगा। 250 मरीजों का ही निबंधन होगा एवं उनका ही इलाज होगा। शिविर में मरीजों को तीनों दिन चिकित्सकों द्वारा तय सीमा के अनुसार आना होगा। उन्होंने लोगों से शिविर से लाभ उठाने की अपील की है।

# माही केयर फाउंडेशन ट्रस्ट ने बांटे कंबल और गर्म कपड़े




खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। माही केयर फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा ठंड के मौसम को देखते हुए रांची के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में 16 दिसंबर से 20 दिसंबर तक गर्म कपड़े व कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा प्रतिदिन अलग-अलग गांवों में जा कर गर्म कपड़े (स्वेटर, शॉल, मफलर) एवं कंबल का वितरण किया जा रहा है, ताकि ठंड से लोगों को राहत मिल सके।

ट्रस्ट की सचिव समाजसेविका वंदना उपाध्याय ने कहा कि हम सभी जरूरतमंदों को राहत तो प्रदान नहीं कर सकते, मगर हमारी इस कोशिश से प्रेरित होकर समाज के सक्षम लोग बढ़-चढ़ कर इस कंपकंपाती ठंड से जरूरतमंदों की मदद करें। ट्रस्ट के निदेशक अभिषेक कुमार ने कहा कि इस पांच दिवसीय कार्यक्रम के माध्यम से हमारी कोशिश है कि हम जरूरतमंदों तक पहुंचें। इस कार्यक्रम में ट्रस्ट के ट्रस्टी शैलेंद्र सिंह, सक्रिय सदस्य प्रियंका शर्मा, वाणी झा, अभिषेक आसू, कुसुमगिरी, किरण, रिंकू सिंह, गगन अजीत सिंह, रागिनी, टीकम शर्मा आदि मौजूद थे।

# डीएसपीएमयू में नुक्कड़ नाटक से दिया सड़क सतर्कता पर जोर

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में सोमवार को इएलएल विभाग के छात्रों ने शैक्षिक भवन के ओपन थियेटर में सड़क सतर्कता पर एक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। नाटक का शीर्षक था- हेलमेट नॉट फॉर चालान, हेलमेट फॉर जान।

इस नुक्कड़ नाटक का लेखन डॉ विनय भरत ने किया है, जबकि निर्देशन डॉ विनय भरत और सौरभ मुखर्जी ने मिलकर किया है। 7 मिनट के इस नुक्कड़ नाटक के जरिए यह दिखाने की कोशिश की गई कि कैसे लोग हेलमेट जैसी चीजों को प्राथमिकता न देकर खाने पीने की चीजों को प्राथमिकता देते हैं और हेलमेट का उपयोग अमूमन अपनी सुरक्षा के लिए नहीं, बल्कि पुलिस चालान से बचने भर के लिए करते हैं। इस दौरान लोग हेलमेट की गुणवत्ता का भी ख्याल नहीं रखते, क्वालिटी वाली हेलमेट नहीं पहनते हैं या उसका उपयोग नहीं करते हैं। मूल्यों से भटके समाज पर और खुद के लिए भी उदासीन समाज पर ये नुक्कड़ करारा प्रहार करती है। इस नुक्कड़ नाटक में अभय प्रताप, आकाश प्रमोद शर्मा, आशुतोष जायसवाल, शशि, सौरभ बनर्जी, सुमंत कुमार, रिया रॉय, शेजल सेन, अनन्या डे, रिंकी झा, पूर्णिमा कुमारी, तान्या शिखा, इंदल कुमार, पल्लवी कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. इस मौके पर विभाग के शिक्षक कर्मा कुमार, सौरभ मुखर्जी , श्वेता गौरव और शुभांगी रोहतगी के अलावा 200 छात्र उपस्थित थे। नुक्कड़ नाटक के सफल मंचन को लेकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्य, रजिस्ट्रार डॉ नमिता सिंह ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# भारत में जीवन के हर रंग में संगीत कला और नृत्य विद्यमान : डॉ. नीता

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। भारत अनुपम प्रकृति, संस्कृति और संस्कारों का देश है। यहां जीवन के हर रंग में संगीत, कला और नृत्य विद्यमान है। ये बातें प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने सोमवार को कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में स्पीक मैके द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कही। उन्होंने बच्चों को भारत की सांस्कृतिक विरासत की रंग-बिरंगी छवि से अवगत कराने के लिए स्पीक मैके को धन्यवाद दिया।

मौके पर बतौर मुख्य अतिथि श्रीमती आनंदमयी सिंह और विद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष पंचम सिंह ने कलाकारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत की बहुरंगी सांस्कृतिक विरासत में राजस्थानी लोकसंगीत और कला की एक अलग पहचान है। उन्होंने कलाकारों को पुष्पगुच्छ और उपहार देकर सम्मानित किया।

इससे पहले सखि खान, साबिर खान और मुस्ताक खान ने लोकप्रिय राजस्थानी गीतों की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भुट्टा खान और तालब खान ने ढोलक और खड़ताल की अद्‌भुत जुगलबंदी प्रस्तुत की। समदा सपेरा और आरती सपेरा ने पारंपरिक भवाई और कालबेलिया नृत्य प्रस्तुत किया। कलाकारों ने उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार से सम्मानित भुगरा खान मंगनयार के नेतृत्व में अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कलाकारों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के इतिहास और निर्माण प्रक्रिया की भी जानकारी दी। कार्यक्रमों का संयोजन चीफ एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर श्रीमती आशा राज, जबकि संचालन विनीत कौर ने किया।

## खबर एक नजर में

### राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता में आचार्यकुलम रांची बना विजेता

रांची। राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता में आचार्यकुलम विद्यालय रांची की छात्रा निधि रानी को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ है। बता दें कि केंद्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय और ऊर्जा दक्षता ब्यूरो ने नयी दिल्ली में 11 दिसंबर 2022 को राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया था। इसमें देशभर से चयनित करीब 224 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। सभी विद्यार्थियों ने अपनी चित्रकला के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण विषय पर पोस्टर बनाकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार के साथ राष्ट्रीय पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया। आचार्यकुलम विद्यालय रांची की छात्रा निधि रानी को केंद्रीय विद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रमाण पत्र प्रदान किये। साथ ही, निधि रानी को 15,500 रुपये की पारितोषिक राशि भी मिली। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुजाता कौर ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं कला शिक्षक विजय कुमार जायसवाल के निर्देशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं।

### अब टीकाकरण कार्यों से दूर रहेगा एआइ कर्मचारी संघ

रांची। झारखंड पशुपालन विभागीय एआई कर्मचारी संघ मवेशियों के टीकाकरण कार्यों से दूरी बनाने का निर्णय लिया है। इसे लेकर सोमवार को हिनू (रांची) के न्यू पीएचईडी कॉलोनी में संघ की बैठक हुई। इसमें इस पर फैसला लिया गया। बैठक के बाद संघ के अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि बैठक में संघ के सभी जिलों के अध्यक्षों ने कहा कि पूर्व में मवेशियों के लिए किये गये टीकाकरण अभियान की राशि का भुगतान अब तक सरकार के स्तर से लंबित है। ऐसे में जब तक टीकाकरण का पूरा पैसा नहीं मिलता है, संघ के कर्मी आगे के टीकाकरण में सहयोग नहीं देंगे।

### 37वीं इंजीनियरिंग कांग्रेस में आरडीसीआइएस ने लहराया परचम

रांची। इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स, इंडिया द्वारा आयोजित 37वीं इंजीनियरिंग कांग्रेस में आरडीसीआइएस सेल के शोधकर्ता, सुभ्रा धारा और डॉ गोलाप एमडी चौधरी ने इस्पात उद्योग में चक्रीय मंदी का मुकाबला शीर्षक वाले अपने पेपर के लिए सेल पुरस्कार, जबकि भावना खलखो, एस सुदर्शन, पी सरवनन, एस श्रीकांत को 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन की दिशा में भारतीय इस्पात क्षेत्र का योगदान शीर्षक वाले पेपर के लिए प्रतिष्ठित डॉ एम विश्वेश्वरैया पुरस्कार मिला है। कार्यक्रम का आयोजन होटल ले रॉयल मेरिडियन, चेन्नई में किया गया था। निर्विक बनर्जी, इडी (आरडीसीआइएस) ने विजेताओं को बधाई दी है।

### झारखंड की डॉ मृणालिनी अखौरी को सरस्वती श्रीजीफा सम्मान

रांची। 5वें झारखंड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में झारखंड के गवर्नर रमेश बैस और बॉलीवुड के सुप्रसिद्ध कलाकार सचिन ने झारखंड की सुप्रसिद्ध गायिका डॉक्टर मृणालिनी अखौरी को सरस्वती श्रीजीफा सम्मान से नवाजा। इस मौके पर झारखंड समेत भारत के कोने-कोने से आए फिल्म व्यवसाय से जुड़े निमार्ता निर्देशक और अभिनेता कलाकार उपस्थित थे। यह सम्मान जीफा के संयोजक ऋषि प्रकाश मिश्रा और श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर के हाथों डॉक्टर मृणालिनी अखौरी को प्रदान किया गया।

### रांची वीमेंस कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव शुरू

रांची। रांची वीमेंस कॉलेज में सोमवार को चार दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव बोनांजा की शुरूआत हुई। इसमें 5 कंपनियां कॉन्सेंट्रिक्स साइनेक्स, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल, अन्नपूर्णा फाइनेंस और स्किलप्रोलर्न ने भाग लिया। कंसेंट्रिक्स सोमवार को रांची वीमेंस कॉलेज में प्लेसमेंट सीजन शुरू करने वाली पहली कंपनी थी। इस प्लेसमेंट ड्राइव में 700 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। चयनित छात्रों के परिणाम कंपनी द्वारा बहुत जल्द साझा किए जाएंगे। पीयूष कुमार और अभिषेक कंसेंट्रिक्स से कंपनी के प्रतिनिधि के रूप में आए। इस प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन डॉ. विजयता, डॉली कुमारी और हर्षिता सिन्हा ने किया।

### मुंडा सभा कार्यालय में क्रिसमस मिलन समारोह

रांची। सोमवार को डिबडीह स्थित मुंडा सभा कार्यालय में क्रिसमस मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रेव जोन कंडुलना के द्वारा प्रार्थना एवं शुभ संदेश के द्वारा हुआ। साथ ही, मसीह यीशु के आवगमन के खुशी में केक काटा गया। इस कार्यक्रम में मुंडा सभा केन्द्रीय कमिटी के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारी ने बड़ी हर्षउल्लास के साथ मुंडारी क्रिसमस गानों को गाते हुये शिरकत किये। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुंडा सभा अध्यक्ष नवीन मुण्डु, महासचिव- विलकन डांग, सचिव प्रशसनिक-प्रभु सहाय सांगा, कोषाध्यक्ष- रोयल डांग, सचिव- सोसन समद, संगठन सचिव- वकील सुभाष कोनगाड़ी, प्रवक्ता सह यूथ अध्यक्ष- फिलिप सोय आदि उपस्थित थे।

### घासी समाज का मिलन समारोह फरवरी में होगा

रांची। झारखड राज्य घासी समाज संघ की केन्द्रीय कार्यसमिति की बैठक डॉ रीझु नायक की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में सर्वसमित से आने वाले साल के लिए रणनीति बनाया गया। इसमें फरवरी में परिवार मिलन समारोह सह पिकनिक, प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने का फैसला लिया गया। समाज में फैले कुरितियों के विरुद्ध अभियान चलाने पर सहमति बनी। डा नायक ने कहा कि बगैर संगठन मजबूती के हक अधिकार नहीं लिया जा सकता है।

### सदर हॉस्पिटल में एडवांस लेप्रोस्कोपी विधि से सर्जरी

रांची। सदर हॉस्पिटल ने फिर एक बड़ी सफलता हासिल की है। एडवांस लेप्रोस्कोपी विधि से गोड्डा और बिहार के एक मरीज की सफल सर्जरी की गई है। 42 साल के विमल कुमार और 59 साल के अशोक झा के हॉर्निया का सफल ऑपरेशन किया गया है। सर्जन डॉ अजीत कुमार ने बताया कि लेप्रोस्कोपी की इस विधि से हॉर्निया की थैली को काटने के बाद पेट के परतों के बीच एक जाली बिछाई जाती है। इस विधि से साफ सफाई एवं स्टेरलाइजेशन का खास महत्व होता है। उन्होंने बताया कि मरीजों के ऑपरेशन के लिए इस विधि को ओपेन सर्जरी से बेहतर माना जाता है।

### साहिबगंज की घटना से मानवता शर्मसार : रानी कुमारी

रांची। झारखंड प्रदेश राजद महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रानी कुमारी ने साहिबगंज के बोरियो में आदिम जनजाति पहाड़िया समुदाय की महिला रुबिका पहाड़िन की निर्मम हत्या की घटना की निंदा की है। उन्होंने इस क्रूरतम और हृदय विदारक घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की है। रानी कुमारी ने कहा कि साहिबगंज की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। ऐसी घटनाएं सभ्य समाज के माथे पर कलंक का टीका है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की इज्जत और उनकी जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने वाले दुष्कर्मियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। ऐसे जघन्य कांड को अंजाम देने वाले दोषियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वारा त्वरित कार्रवाई कर कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए, ताकि लोग ऐसा दुस्साहस न कर सके और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# रांची के मोरहाबादी में दो साल बाद लगेगा खादी एवं सरस मेला

**28 दिसंबर 2022 से 8 जनवरी 2023 तक आयोजित होगा मेला**

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजधानी के मोरहाबादी मैदान में दो साल बाद खादी एवं सरस मेला लगेगा। बहुप्रतीक्षित मेला राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2022-23 के लिए आज मोरहाबादी मैदान में भूमि पूजन किया गया।

झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के सीईओ राखाल चंद्र बेसरा ने इस राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव नींव रखी। यह मेला 28 दिसंबर से 8 जनवरी 2023 तक मोरहाबादी मैदान में आयोजित होगा। भूमि पूजन के बाद श्री बेसरा ने बताया कि कोरोना काल की वजह से दो वर्षों के बाद मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसलिए लोगों को और भी बेसब्री से इसका इंतजार है। देश भर के बुनकर, कारीगर, हस्तशिल्पकार, खादी और सरस से जुड़ी दीदियों को फिर से अर्थिक रूप से सबल बनाने में महोत्सव सहयोग देगा। कार्यक्रम स्थल में झारखण्ड सरकार के संयुक्त सचिव रॉबिन टोप्पो, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सीता राम पासवान, खादी बोर्ड के प्रबंधक सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे। राखाल चन्द्र बेसरा ने बताया कि इस बार महोत्सव में जो हैंगर बनाये जाएंगे, वो झारखंड के महत्वपूर्ण पर्व और स्थानीय नृत्य के नाम पर रखे जाएंगे। पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड और झारखण्ड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के द्वारा रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसमें झारखण्ड के स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ देश भर के कलाकर शामिल होंगे। मेले में देश के अलग-अलग राज्यों के खादी और सरस के विभिन्न उत्पादों और कलाकृतियां को देखने और खरीदने का मौका मिलेगा। मेला परिसर में झूले और फूड स्टॉल रहेंगे।

# अखिल भारतीय मनरेगा कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने बागे

रांची। अखिल भारतीय मनरेगा कर्मचारी महासंघ का दिल्ली के डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन में दो दिवसीय अधिवेशन आयोजित किया गया।अधिवेशन में झारखंड राज्य का झारखण्ड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने प्रतिनिधित्व किया। अधिवेशन में पूरे भारत के मनरेगा संघ के प्रतिनिधि शामिल हुए।अधिवेशन की अध्यक्षता राष्टीय महासचिव चिदानंद कश्यप, राष्टीय संयोजन बाबू हेमन्त राव, राष्ट्रीय सयुंक्त सचिव कुकिल बरुआ ने किया। अधिवेशन में सभी राज्यों ने अपनी समस्याओं से महासंघ को अवगत कराया। लगभग सभी राज्यों ने एक स्वर में कहा कि एक देश एक कानून हो। देखा जा रहा है कि सभी राज्यों में अलग अलग नियम है। किसी को कम मानदेय किसी को ज्यादा मानदेय दिया जा रहा है। किसी को अन्य सुविधा दिया जा रहा है कि को कुछ भी नहीं।

# रांची की दो फ्लाइट कोलकाता डायवर्ट हंगामा के बाद वापस लाये गये विमान

**बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी काफी कम रहने से कोलकाता भेजे गये**

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राजधानी रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर बेंगलुरु और दिल्ली जाने वाले यात्रियों ने सुबह-सुबह हंगामा शुरू कर दिया। ऐसा इसलिए क्योंकि बेंगलुरु से रांची आ रही एयर एशिया की फ्लाइट और दिल्ली से रांची आ रही इंडिगो की फ्लाइट को अचानक डायवर्ट कर कोलकाता में लैंड करा दिया गया। ऐसा इसलिए किया गया कि सोमवार की सुबह में रांची एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी काफी कम थी।

जानकारी के अनुसार, रांची से शाम 7:55 पर बेंगलुरु के लिए उड़ान भरने वाली एयर एशिया की फ्लाइट सुबह 7 बजकर 30 मिनट पर रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचती है। फिर रांची एयरपोर्ट पर कुछ देर इंतजार करने के बाद दोबारा बेंगलुरु के लिए उड़ान भरती है लेकिन, सोमवार की सुबह साढ़े सात बजे एयर एशिया की विमान को रांची लैंड नहीं कराया गया। वहीं, रांची से दिल्ली जाने वाले इंडिगो विमान को भी खराब मौसम के कारण सुबह-सुबह कोलकाता डायवर्ट कर लैंड कराया गया।

दरअसल, सुबह-सुबह रांची एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी काफी कम थी। खराब मौसम की वजह से ही एयर एशिया का विमान और रांची से दिल्ली जाने वाले इंडिगो विमान को कोलकाता डायवर्ट कर दिया गया। जिस वजह से रांची से बेंगलुरु जाने वाले यात्रियों ने एयरपोर्ट पर यह सोचकर हंगामा शुरू कर दिया कि शायद वह अब बेंगलुरु नहीं जा पाएंगे लेकिन, जैसे ही मौसम साफ हुआ वैसे ही एयर एशिया और इंडिगो के विमान को वापस रांची एयरपोर्ट बुलाया गया और करीब 2 घंटे लेट से दोनों विमानों ने बेंगलुरु और दिल्ली के लिए उड़ान भरी।

# कांके में महिला का शव मिलने से सनसनी हत्या की आशंका

रांची। राजधानी रांची के कांके थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक महिला की हत्या की खबर से सनसनी मच गई। महिला के सिर को बुरी तरह पत्थर से कुचला गया है, वहीं गले पर भी जख्म के निशान पाए गए हैं। मृतक की पहचान पूनम उर्फ पूजा देवी के रूप में की गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने फिलहाल शव को अपने कब्जे में लिया है और अनुसंधान में जुटी हुई है। पूनम उर्फ पूजा देवी रांची के रानी चिल्ड्रन अस्पताल में सिक्योरिटी गार्ड का काम थी। रविवार शाम 7:00 बजे वह अपनी ड्यूटी खत्म कर घर के लिए निकली थी लेकिन, उसके बाद से ही वह लापता थी। जिसके बाद परिजनों ने रात 10:00 बजे के करीब रानी अस्पताल में भी फोन किया था और इसकी जानकारी दी थी। पता चला था महिला 7:00 बजे ही अपने घर को निकल चुकी है। रात भर महिला की खोजबीन की गयी। सोमवार सुबह रांची के कांके थाना क्षेत्र स्थित चंदवे इलाके में महिला का शव बरामद हुआ।

# श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में धूमधाम से मना सफला एकादशी पर्व

## खाटू नरेश का हुआ दिव्य मनोहरी श्रृंगार, बड़ी संख्या में भक्त हुए उपस्थित

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। पौष माह की सफला एकादशी के अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल ने सोमवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में एकादशी पर्व अनुष्ठान पर विभिन्न कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि प्रातः 5:30 बजे मंगला आरती व बाल भोग हुआ। प्रातः 8:30 बजे श्रृंगार आरती व भोग तथा दिन में 12:15 बजे भोग व संख विश्राम आरती करके मंदिर के पट बंद कर दिये गये।

उन्होंने बताया कि एकादशी के अवसर पर आज प्रातः से ही बड़ी संख्या में भक्तों ने मंदिर में पधार कर श्री श्याम दरबार में मत्था टेका। इस अवसर पर आज खाटू नरेश का दिव्य मनोहरी श्रृंगार किया गया। मंदिर में विराजमान श्री हनुमान जी, श्री शिव परिवार, शालिग्राम जी, लड्डू गोपाल व गुरुजनों का भी विशेष श्रृंगार किया गया। रातू रोड निवासी निवासी गोपाल खेतान, लड्डू खेतान ने परिवार संग श्रृंगार सेवा, प्रसाद सेवा व फल सेवा निवेदित की।

रात्रि 9:30 बजे सफला एकादशी का मुख्य समारोह एकादशी कीर्तन प्रारंभ हुआ। श्री श्याम मंदिर के सहयोगी खेतान परिवार के अमिताभ खेतान, संदीप खेतान, श्रीमती सविता खेतान व श्रीमती कोमल खेतान ने परिवार संग खाटू नरेश की पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित करके पंच मेवा मिष्ठान सेब फल, नारियल, केसरिया, रबड़ी, दूध, मघई पान व प्रसाद अर्पित कर सुगंधित गुलाब का केसर का इत्र चढ़ाया। सुभाष रौनक पौदार, राजेश सिंघानिया, श्रीमती रजनी गुप्ता, श्रीमती अन्नपूर्णा सरावगी, एक श्याम भक्तों ने क्रमशः घी, पंचमेवा, रबड़ी व गिरी गोला की सेवानिवेदित की। इसके बाद मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के सानिध्य में भजन संकीर्तन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। देर रात महारती व प्रसाद वितरण के साथ एकादशी समारोह का समापन हुआ।

### श्याम मंदिर अग्रसेन पथ में श्री श्याम प्रभु का हुआ विशेष श्रृंगार



रांची। राजधानी रांची के अग्रेसन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में सोमवार को पौष कृष्ण पक्ष की सफला एकादशी को अत्यन्त भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर लाल-पीला गुलाब, बेला, रजनीगंधा, गेंदा व तुलसी दल से अनुपम श्रृंगार किया गया। साथ ही, मंदिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि में 9:00 बजे श्री श्याम प्रभु के जयकारों के बीच पावन ज्योत प्रज्वलित कर मंदिर में आये हुए भक्तों ने उसमें आहुति प्रदान किया। श्री श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा गणेश वंदना के साथ संगीतमय एवं भक्तिमय संकीर्तन का शुभारंभ किया गया। कभी तेरा दामन न छोड़ेंगे हम, दरबार है निराला खाटू के श्याम का, किसने किया श्रृंगार ओ सांवरे, लो आ गया अब तो श्याम मैं शरण तेरी, मोर छड़ी लहराई रे रसिया ओ सांवरे इत्यादि भजनों की धुन पर भक्तगण श्याम गंगा में गोते लगाते रहे। रात्रि 12:00 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## स्पीड न्यूज

### ओरमांझीः दुकानदार से रुपए ठग कर बाइक सवार फरार



ओरमांझी। थाना क्षेत्र के चापावार निवासी एक राशन दुकान संचलक श्रवण नायक को सोमवार को बाइक सवार ठगों द्वारा निशाना बनाया है। बाइक संख्या जेएच01डीएन–7034 में सवार हो पहुंचे दो ठग ने श्रवण नायक को अपने विश्वास में लिया और प्रलोभन देने हुए मात्र पांच हजार में 30 पुराने एसवेटस देने के लिए उसे साथ चलने को कहा। दुकान संचालक ने ठगों के बातों पर विष्वास कर साथ चल दिया। बाइक सिलदीरी से मुड़ते हुए एनएच–20 फोरलेन पथ की ओर जाने के दौरान रास्ते में सम्राट होटल के पहले श्रवण नायक से पांच हजार रूपया ली और फरार हो गए। ठगी के षिकार श्रवण नायक द्वारा ओरमांझी थाना में ठगी की शिकायत की गई है। उसने बाइक को पहचान नही सका, लेकिन बाइक का नंबर नोट कर लिया है।

### स्वर्ण रेखा रेस्टोरेंट के पर्किंग से बाइक चोरी

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी–ओरमांझी रोड के ईद मोड़ स्थित स्वर्ण रेखा रेस्टूरेंट के बाहर पार्किंग में खड़ी हीरो बाइक ;जेएच 01डीएचद्ध को अज्ञात चोरों ने उड़ा लिया। घटना रविवार की रात करीब साढ़े दस बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार ओरमांझी थाना क्षेत्र के पांचा निवासी रोहित कुमार महतो अपनी बाइक को रेस्टूरेंट के पार्किंग में लगाकर अन्दर गया था। कुछ देर के बाद बाहर आने पर उसकी बाइक पार्किंग स्थल से गायब मिली। इस सम्बंध में सिकिदिरी थाना को सूचना दे दी गई है। रेस्टू रेंट के बाहर लगी सीसीटीवी लगे होने के बावजूद बाइक की चोरी होना प्रशासन के लिए चुनौती है। विदित है की सिकिदिरी थाना क्षेत्र में चोरी की घटना में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। पुलिस मामले का उदभेदन करने में नाकाम रही है।

### जन योजना अभियान के तहत प्रशिक्षण

**अनगड़ा।** प्रखंड सभागार में जन योजना के तहत हमारी योजना हमारा विकास के तहत सोमवार से पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया स प्रशिक्षण कार्यक्रम मे ण झारखण्ड सरकार के द्वारा सतत विकास के लक्ष्यों का स्थानीयकरण हेतु चिन्हित विषय क्षेत्रों का प्रशिक्षणार्थियो के बीच विशेष रूप से उल्लेख किया गया। इसमें प्रशिक्षक के रूप में बीपीओ अवनीन्द्र कुमार प्रखंड समन्वयक पिन्टु उराँव एंव तरुण कुमार शामिल थे। कार्यक्रम में प्रमुख दीपा उरांव, उप प्रमुख जयपाल हजाम, प्रखंड विकास पदाधिकारी उत्तम प्रसाद, सभी रोजगार सेवक पंचायत सचिव मुखिया जेएसएलपीएस भीओ इत्यादि उपस्थित थे।

### राहे प्रखंड सभागार में सहजकर्ताओं को मिली ट्रेनिंग

**राहे।** जन योजना अभियान के तहत प्रखंड सभागार में सोमवार को योजना चयन अभियान को लेकर सहजकर्ताओं को ट्रेनिंग दिया गया। ट्रेनिंग कैम्प का उद्घाटन बीडीओ हारुन रशीद ने किया। ट्रेनर बीपीओ सुजीत सागर ने सभी सहजकताओं को योजना चयन के 9 बिंदूओं की जानकारी दिये। योजना चयन में बाल हित ओर महिला हित से संबंधित योजनाओं को प्राथमिकता देने की बात कही गई। मौके बीपीआरओ, बीपीएम, पंचायत सचिव, वार्ड सदस्य, जल सहिया, स्वाथ्य सहिया, मनरेगा मेट, रोजगार सेवक, ऑपरेटर मौजूद थे।

### खलारी में पासवान समिति का गठन

**खलारी।** खलारी प्रखंड स्तिथ चुरी पंचायत भवन परिसर में बैठक कर पासवान समिति का गठन किया गया। पासवान समिति का बैठक की अध्यक्षता नगीना देवी ने किया। बैठक में कमिटी का विस्तार किया गया। कमिटी के तीन वर्ग बनाया गया। जिसमे प्रौढ़ विंगए महिला विंग और युवा विंग सर्व बनाया गया। समिति में संयोजक सह प्रभारी सुनील पासवान, रविंद्र पासवान को बनाया गया।

# नगड़ीः मंदिर तक सड़क की मांग पर ग्रामीणों ने किया जल सत्याग्रह

## लगातार धरना देने के बाद उतरे सत्याग्रह पर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पिस्कानगड़ी।** धार्मिक स्थलों तक जाने वाले मार्ग की घेराबंदी नहीं करने और 20 फीट चौड़ा रास्ता छोड़ने ताकि बूढ़ा महादेव मंदिर तक पहुंच हो सके इसे लेकर लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण अब सोमवार से जल सत्याग्रह पर उतर आए। अब ग्रामीणों ने मार्ग को लेकर कोई समाधान नहीं होने पर जल सत्याग्रह शुरू करने का निर्णय लिया। दर्जनों की संख्या में ग्रामीण महिलाएं और पुरुष छठ तालाब में कड़ाके की ठंड में भी जल सत्याग्रह पर उतर गए। मौके पर ग्रामीणों का साथ देने रांची के हिंदूवादी नेता भैरोंसिंह ने भी ग्रामीणों के साथ जलसत्याग्रह में भाग लेकर ग्रामीणों का मनोबल को बढ़ायाण साथ आईआईएम और गेल ऑफ इंडिया कंपनी एवं सरकार को चेताया कि जनता की धार्मिक भवना के साथ खेलवाड़ बर्दास्त नहीं होगीण कंपनी क्षेत्र का विकास करे हमे कोई गुरेज नहीं लेकिन धार्मिक स्थलों का रास्ता रोकनाएसार्वजनिक तालाब का रास्ता रोकना यह यहां के जनमानस के साथ खिलवाड़ है जो किसी भी कीमत पर होने नहीं दिया जाएगाण भैरो सिंह ने रांची के हिंदू संगठन के लोगों से इस धार्मिक स्थल को लेकर बुलंद आवाज और आंदोलन में साथ देने का आह्वान किया । मौके पर ग्रामीण शंभु नाथ देवघारियाएपंकज शाहदेवएउतरी टूंडूल की पंचायत की मुखिया ममता तिर्की उप मुखिया जहाना प्रवीण ए श्वेता देवी एलक्ष्मी मिर्धाए हरि नाथ महतो एशिव शंकर बैठाए मुत्युंजय बर्मनए पुष्पा देवीए सोमारीएबीजू महतोए मौजूद थेण इतने दिनों से धरना प्रदर्शन के बावजूद न तो जिला प्रशासन इस पर ध्यान दें रही है और न ही मार्ग को घेराबंदी कर रही कंपनियां ही रास्ता छोड़ने को तैयार हैंण अब मजबूर होकर ग्रामीण धार्मिक तालाब में जल सत्याग्रह कर सरकार और इन कंपनियों का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

### आईआईएम और गेल कंपनी बना रही है चहारदीवारी

ग्रेटर रांची में बन रहे आईआईएम संस्थान और गेल कंपनी द्वारा चहारदीवारी निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमें ग्रामीणों द्वारा वर्षों से प्रयोग किये जा रहे मार्ग को बंद कर दिया जा रहा है। ग्रामीण इस मार्ग से ही बुढ़ा महादेव मंदिर, श्मशान घाट और धार्मिक तालाब तक जाते हैं। इस धार्मिक तालाब में ग्रामीण सैकड़ों सालों से छठ पूजा और अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करते आ रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में मेघनाथ महतो, बिजू महतोएप्रकाश साहू, लीलावती देवीएदेवंती देवुए राधा देवीए रूपन देवी इलियास अंसारीए महतोए अजय महतोए बेहोश देवीए ज्योति देनीए सीता देवीएमनोज महतोएसुधु मुंडा लखन महतोए रामविजय महतोए मृत्युंजय बर्मनए कमली देवीए राधा देवीए अनिल महतो सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

# सड़क हादसे में वृद्ध का पैर कट कर हुआ अलग



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के कॉलेज गेट के समीप सड़क पर पैदल जा रहे बुजुर्ग राहगीर को सिटी राइड बस ने अपने चपेट में लेते हुए राहगीर के बांये पैर के ऊपर से बस को पारकर सामने के पेड़ पर जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पैदल साईकिल के साथ जा रहे राहगीर बेड़ो जरिया गांव निवासी 65 वर्षीय झरिया उरांव पिता स्व सुकरा उरांव का बायां पैर घुटना से अलग हो गया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने बेड़ो पुलिस की मदद से घायल हुए बुजुर्ग को इलाज के लिए उठाकर बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डा मेघा भगत ने घायल झरिया उरांव का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। इधर घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार झरिया उरांव वृद्धा पेंशन का पैसा निकासी को लेकर ग्रामीण बैंक आया था। वहीं पैसा निकासी के बाद झरिया उरांव वापस अपने घर जरिया गांव लौट रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही सिटी राइड बस ने झरिया उरांव के पैर को रौंदते हुए सामने के पेड़ पर जोरदार टक्कर मार दी। इधर घटना की जानकारी मिलने पर घायल बुजुर्ग के परिजन सीएचसी पहुंचे। घटना के बाद पत्नी और बहू का रो रो कर बुरा हाल है।

# महिला पर चलायी गोली, एक गिरफ्तार

## काटू-लहना से बाइक पर आये थे तीन सशस्त्र हमलावर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** थाना क्षेत्र के आमटांड़ धर्मशाला मुहल्ले में सोमवार को दिन के करीब 12 बजे महिला पर गोली चलने की खबर से सनसनी फैल गयी। हालांकि इलाके में हत्या, लूट, चोरी, छिनतई और गोली चलना कोई नयी बात नहीं है। सपना देवी, गणेश साहू की पत्नी हैं। हमले में वह बाल-बाल बच गयी। गोली चलने की आवाज सुन लोग इकठ्ठा हो गये। लोगों को जुटते देख अपराधकर्मी भागने लगे। इससे बौखलाये ग्रामीणों ने एक को खदेड़ कर पकड़ा और जमकर धुनाई करने के बाद थाने के हवाले कर दिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अमित कुमार लहना का रहने वाला है। छोटू कुमार समेत दो की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जा रही है। फायरिंग में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पीड़िता ने मनीता देवी, अमित कुमार, छोटू और उसके दोस्त के खिलाफ रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### क्या है मामला



मरियाटांड़ में समूह चलाने वाली मनीता देवीए सपना से ब्याज पर 25 हजार नकद ली है। मांगने पर वह झंझट करती है। इसे लेकर सपना ने लहना के पूर्व मुखिया लक्ष्मी भगत से इसकी फरियाद की। श्री भगत की पहल पर मनीता वहां पहुंची, लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद मनीता अपने भाई छोटू और दो अन्य युवकों को लेकर सपना के घर आ धमकी। इस दौरान कहा.सुनी के बीच छोटू के दोस्त ने उस पर फायरिंग कर दी। इससे यहां अफरा-तफरी मच गयी।

# खलारीः प्रखंड सभागार में पंचायत संसाधन दल का प्रशिक्षण शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** प्रखंड सभागार में जन योजना अभियान 2022-23 के तहत पंचायत संसाधन दल का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा प्रखंड समन्वयक 15 वित्त आयोग, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी जेएसएलपीएस उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंचायतों का अहम योगदान होता है। योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं योजनाओं का सही क्रियान्वयन के लिए पंचायत के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित होना आवश्यक है आप सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर 1 जनवरी 2023 से प्रारंभ होने वाले योजना बनाओ अभियान में पंचायत में सहयोग करेंगे। विदित हो की जन योजना अभियान के तहत वर्ष 2023-24 के लिए योजना बनाने के लिए पंचायत संसाधन दल का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। इसमें गरीबी मुक्त आजीविका उन्नत ग्राम, स्वस्थ्य ग्राम, बाल हितैषी ग्राम, प्रयाप्त जल युक्त ग्राम, स्वच्छ एवं हरित ग्राम, आत्म निर्भर बुनियादी ढांचा वाला ग्राम, समाजिक रूप से न्यायसंगत एवं सुरक्षित ग्राम व अच्दी बुनियादी सुविधाओं वाला गांव का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## एक नजर में

### महाप्रबंधक ने झंडोतोलन कर खान सुरक्षा सप्ताह का किया शुभारंभ



**खलारी।** एनके एरिया महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में महाप्रबंधक संजय कुमार ने झंडो तोलन कर खान सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया। खान सुरक्षा सप्ताह में जीएम ने सुरक्षा का मूलमंत्र देते हुए कहा कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप जब सजग रहेंगेएतो हादसा होने की संभावना नहीं के बराबर होगी। इस दौरान सीसीएल कर्मियों को सुरक्षा की शपथ भी दिलाया गया। कार्यक्रम में एरिया सेफ्टी ऑफिसर श्री राजेंद्र प्रसादए महाप्रबंधक संचालन के एरिया श्री केके झाए अमला पदाधिकारी कार्मिक एवं प्रशासन एनके एरिया श्री ज्योति कुमारएदिवाकर साहूए जेसीएससी सदस्य कमलेश सिंहएविनय सिंह मानकीए डी पी सिंह मौजूद थे।

### चान्हो चौक पर फैशन बाजार का उद्घाटन



**चान्हो।** चान्हो चौक में फैशन बाजार का उद्घाटन चान्हो बीडीओ प्रदीप भगत ने फीता काटकर किया। दुकान के संचालक आरिफ रजा ने बताया कि इस दुकान में सभी ब्रांड व सभी कंपनियो के सभी प्रकार के रेडीमेड कपड़े उबलब्ध कराने का हमारा प्रयास रहेगा।साथ ही लोगो को बेहतर सुविधा उबलब्ध कराने के लिए मैं सदैव तत्पर रहूँगा। चान्हो और आसपास के लोगों को बेहतर रेंज देने का प्रयास होगा ताकि उन्हें कपड़े की खरीदारी के लिए रांची नही जाना पड़े। वहीं चान्हो अंचल अधिकारी जफर हसनात ने दुकान को पुष्पित पल्लवित होने की कामना करने के उपरांत उदघाटन समारोह को में पहुंचे लोग को कहा कि इस दुकान के यहां खुल जाने से आम जनता को काफी सहूलियत होगी। कपड़ा व्यक्ति के व्यकितत्व की पहचान और सम्मान होता है। मौके पर प्रीतम कुमार, आशिफ रजा, रहमतुल्लाह अंसारी, सैम दानिश, शकील अहमद, नेहाल अंसारी मौजूद थे।

### शैक्षणिक भ्रमण में सोनाहातू पहुंचे विद्यार्थी



**सोनाहातू।** फातमा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय दुबलिया चंदवेए कांके के विद्यार्थी सोमवार को सोनाहातू प्रखंड के मारांगकिरी गांव के पास स्वर्णरेखा नदी के पावन तट पर स्थित बौद्ध बिहार में शैक्षणिक भ्रमण के लिए पहुंचे। जहां विद्यार्थियों ने घंटों नदी के किनारे भौगोलिक स्थिति का अध्ययन किया। ग्रामीणों से आसपास के भौगोलिक स्थितिए सामाजिक स्थितिए सांस्कृतिक स्थिति के विषय में जानकारी प्राप्त किया। मौके पर डीएलएड के एचओडी सुधा कुमारी, व्याख्याता प्रदीप कुमार महतो, निखर कुमार, रामाशीष महतो, कुणाल महतो, पूर्णिमा किस्पोट्टा, असलम, दिगंबर, सरिता और नंदिया आदि उपस्थित थे। स्थानीय ग्रामीणों में बसंत महतो, मुकेश महतो, बौद्ध बिहार के संचालक अरुण कुमार महतो, समाजसेवी पुरंदर हजाम, ओमप्रकाश महतो, विशेश्वर महतो, सुबोध कुमार महतो मौजूद थे।

### नगड़ीः ताला तोड़ कर नगदी सहित सामान की चोरी

**इटकी।** इटकी थाना क्षेत्र कुंदी मुरखूर पतरा स्थित एक मकान से रविवार की रात अज्ञात चोरों ने नगदी सहित करीब 1.30 लाख की संपत्ति चुरा ले गये। जानकारी के मुताबिक अज्ञात चोरों ने मकान के पिछले छोर से चहारदीवारी फांद कर आंगन आये। चोरों ने मुख्य दरवाजे पर लगी ताले को तोड़ कर मकान के अंदर प्रवेश किया और चोरी की घटना को अंजाम दिया। भुक्तभोगी सुकुल केरकेट्टा ने इटकी थाना पुलिस को लिखित सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है। भुक्तभोगी ने पुलिस को जानकारी दी है कि अज्ञात चोरों ने पलंग में तकिया के नीचे रखा हुआ 55 हजार रुपये नगद एक सिंचाई मशीन, स्टेप्लाइजर, गैस सिलेंडर, ट्रिमर, टाइटन कंपनी की दो घड़ी, तीन मोबाइल चार्जर सहित अन्य सामानों की चुरा ले गये। इटकी पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

### मांडरः सड़क हादसे में एक घायल

**मांडर।** मांडर टांगरबसली मुख्य मार्ग पर पापड़ भट्ठा के समीप सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सोमवार दस बजे की है। बताया जाता है टाँगरबसली से आ रही पिकअप वैन ने कंजिया जा रहे पैशन प्रो बाईक में सवार मांडर बाजार टांड़ निवासी 18 वर्षीय रेहान अंसारी को चपेट में ले लिया, जिससे बाईक सवार गंभीर रुप से घायल हो गया। ग्रामीणों द्वारा उसे मिशन स्थित कॉन्स्टेंट लिवेन्स हॉस्पिटल ले जाया गया। डॉक्टर ने इलाज के बाद बताया दाया पैर पूरी तरह टूट चुका है रेहान अपने माता-पिता का इकलौता कमाऊ संतान हैए उसके घायल होने से पूरा परिवार काफी आहत है।

### ठाकुरगांव लैंपस में खुला धान क्रय केंद्र

**बुढ़मू।** प्रखंड के किसानों के लिए धान क्रय केंद्र का उदघाटन ठाकुरगांव लैंपस में सोमवार को किया गया। उदघाटन बीडीओ नम्रता जोशी, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, जिप सदस्य मनोज बाजपेयी, बीसीओ मुकेश अग्रवाल, बीटीएम राहुल कुमार, मुखिया जयंती देवी आदि ने किया।

# नारो बाजारटांड़ में झारखंड अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक

**पिस्कानगड़ी।** झारखंड अल्पसंख्यक मोर्चा, प्रखंड समिति नगडी का बैठक संपन्न हुआ। बैठक पाटी कार्यालय नारो बाजार टांड नगडी मे तस्लीम अंसारी का अध्यक्षता में हुई। मौक पर प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की ने कहा की संगठन को और मजबूत करना होगा। जनता की समस्याओ को मुखर होकर निदान करना होगाएतभी जाकर संगठन मजबूत होगा। जनता के द्वारा ज्ञात हो रहा है कि थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो नगडी क्षेत्र मे आने से भू.माफियाओ का मनोबल बढ़ते ही जा रहा है. रैयत का जमीन छीन लिए जा रहा है। थाना प्रभारी का सहयोग से भू.माफियाओ ने जमीन छीना जा रहा है। नगडी थाना मे जमीन का कई मामले भरा पढा हुआ है कोई कार्रवाई नही हो रहा है । हिम्मत कर रैयतो ने भू.माफियाओ का विरूद्ध शिकायत दर्ज करता है उसे झुठा केश बनाकर जेल भेज दिया जाता हैए इसी संबंध मे ध्यान आकृष्ट कराने के लिए वरीय पुलिस अधीक्षकए ग्रामीण पुलिस अधीक्षकए पुलिस उपाध्यक्ष टू रांची को एक पत्र लिखकर सावधान कराने का प्रयास किया गया था. अभी तक कोई सुधार नही आया है।

# सुभान राय अध्यक्ष और जितेंद्र राम बने सचिव

## ●जीतू व राजू बनाये गये उपाध्यक्ष शफीक को मिली कोष की जिम्मेवारी

### झामुमो की बाजपुर पंचायत कमेटी गठित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** प्रखंड झामुमो की बैठक अध्यक्ष बेलाल अंसारी की अध्यक्षता में हुयी। बाजपुर स्थित बाजारटांड़ में आयोजित बैठक के दौरान संगठन को मजबूत बनाने और इसमें महिलाओं की भागीदारी पर चर्चा की गयी। इसके उपरांतए सर्वसम्मति से पंचायत कमेटी का गठन किया गया। सुभान राय अध्यक्ष, जितेंद्र राम सचिव, जीतू लोहरा व राजू साहु उपाध्यक्ष, शफीक राय कोषाध्यक्ष, आसिक राय संगठन सचिव तथा शमीम राय व अमरुद्दीन राय सह सचिव चुने गये। कार्य कारिणी सदस्यों में अशोक ठाकुर, कार्तिक महतो, माइथरा उरांव, मोजाहिर राय व ब्रजेश बैठा शामिल हैं। कमेटी के नये पदधारी और सदस्यों का बड़े ही गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट की गयी। संचालन प्रवक्ता असलम अंसारी ने किया। मौके पर सोमा उरांव, मोजिम राय, अग्नू उरांव, ताजुद्दीन राय, चंद्र गोप, अलिहशन राय, खैरुल्लाह अंसारी, अमित कुमार व सुमन तिग्गा आदि मोर्चा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विहिप, बजरंग दल एवं आरएसएस की अनुषांगिक संगठनों की समन्वय बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** इटर क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में विश्व हिंदू परिषद - बजरंग दल एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और अन्य अनुषांगिक संगठनों के साथ समन्वय बैठक जिला संयोजक बिनोद विश्वकर्मा के अध्यक्षता मे संपन्न हुई। संचालन राहुल तूरी ने किया । इस बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के अनुसार यह तय किया गया कि देशभर में चल रहे बजरंग दल के तत्वावधान में गीता जयंती पखवाडा के अवसर पर अपने बजरंग दल रांची जिला ग्रामीण के द्वारा खलारी के पहाड़ी मंदिर से आगामी 24 दिसंबर 2022 शनिवार को समय प्रातः 11:00 बजे से बजरंग दल शौर्य यात्रा आयोजित की जाएगी। मौके पर राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ वरिष्ट अधिकारी रघुवंशनारायण सिंह, मनोज रजक, शैलेंद्र शर्मा, श्यामसुंदर सिंह, शशिकांत सिहं, विकास दुबे, रामू प्रमोद पाठक ,कार्तिक पांडे, आनन्द सिंह, मनीष, राजीव चटर्जी, मुन्ना, मुकेश सिंह, सत्यम सिंह, रोनित सिंह, अमित कुमार लोहरा, दीपक तूरी, सूरज चौहान, विकास चौहान, रवि चौहान, रोहित कुमार इत्यादि काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### 40 हाथियों का झुंड बारेंदा पहुंचा, दहशत

**सोनाहातू।** सिल्ली-बंगाल होते हुए 40 की संख्या में हाथियों का झुंड बारेंदा पहाड़ी में पहुंच जाने से आसपास के लोग काफी भयभीत हैं। रविवार की रात से हाथियों का झुंड बारेंदा पहाड़ी में जमे हुए थे। इधर रविवार रात को जाड़ेया ओर आसपास गांव में किसान बलराम महतो, राजू महतो, रंगा कोइरी, महकम महतो, मनोज महतो के सब्जी और धान को काफी नुकसान पहुंचाया है।

# टेंडर स्थित जगुआर कैंप में लघु नाटक 'कैसे जियूंगा मैं' का मंचन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** टेंडर स्थित झारखंड जगुआर कैंप परिसर में सोमवार को नाट्य कला का प्रदर्शन किया गया। नरेंद्र कोहली रचित कहानी दृष्टिदेश में एकाएक पर आधारित लघु नाटिका कैसे जियूंगा मैं का मंचन सांस्कृतिक इकाई श्यामा गौतम के प्रसिद्ध कलाकार मलय मिश्र की ओर से किया गया। प्रोडक्शन मैनेजर का दायित्व आलोक मिश्र ने निभायी। नाटिका से व्यक्ति विशेष के जीवन में होने वाले उतार.चढ़ाव के द्वन्द का चित्रण किया गया है। इलाहाबाद से आये श्री मिश्र समेत अन्य कलाकारों की जमकर तारीफ हुई। वह पुरस्कृत भी किये गये। इससे पूर्व उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। इस बीच तालियों की गड़गड़ाहट से माहौल गुंज उठा। संचालन सुनीति मिश्र और आदित्य ने किया। मौके पर जगुआर के पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र प्रसाद वर्णवाल, संजय मुकुल किस्पोट्टा व अजीत पीटर डूंगडुंग के अलावा कर्नल जेके सिंह, रमाकांत उपाध्याय व जवान आदि मौजूद थे।

# कूकिंग प्रतियोगिता में ककरिया की रसोइया कविता देवी प्रथम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लापुंग।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मध्याह्न भोजन योजना कोषांग के तत्वाधान में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत लापुंग के राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता 2022 .23 में राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया की रसोईया कविता देवी ने लजीज और पौष्टिक भोजन बनाकर प्रथम स्थान हासिल किया जबकि राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोंयसारा की रसोईया बिरसमणी उरांव ने दूसरा स्थान हासिल किया। राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग के परिसर में आयोजित कूकिंग प्रतियोगिता के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ाए प्रखंड प्रमुख कंचन उरांवए सापुकेरा पंचायत की मुखिया सविता उरांवए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लापुंग की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नमिता आशावंती लकड़ाए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विजय रंजन तिर्कीए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय प्रधानमंत्री मीरू लकड़ाए स्वास्थ्य मंत्री रीमा कुमारी तथा पोषण मंत्री सुनीता कुमारी ने जज की भूमिका निभायी और भोजन में स्वच्छताए स्वाद तथा पौष्टिकता सहित विभिन्न बिंदुओं के आधार पर ककरिया संकुल के राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया की रसोईया कविता देवी को पूरे प्रखंड में प्रथम तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोंयसारा की रसोईया बिरसमुनी उरांव को पूरे प्रखंड में दूसरा स्थान प्रदान किया।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

कार्यक्रम को सफल बनाने में बीपीओ लीलावती तिर्की, बीआरपी रेशम शाहदेव, लालकेश्वर यादव, बबलु कुमार महतो, सीआरपी चन्द्र मोहन ठाकुर, संकुल साधन सेवी सुनील कुमार गुप्ता, अजीत कुमार सिंह, मंटू कुमार साहु, कैलाश कुमार पाढ़ी, रुपेन्द्र कुमार साहु, मो समीउल्लाह हक, लाल दिलीप कुमार सिंह शामिल हैं।

# शर्मनाक ?

इक्कीसवीं सदी में यह शर्मनाक स्थिति है कि तमाम वैज्ञानिक-तकनीकी उन्नति के बावजूद बीते पांच सालों में सीवर व सैप्टिक टैंकों की सफाई के दौरान चार सौ अनमोल जिंदगियां हमने गवां दीं। इस साल भी 48 लोगों के मरने की बात कही जा रही है। निस्संदेह, इसके मूल में जहां तंत्र की विफलता निहित है, वहीं समाज की संवेदनहीनता भी है। विडंबना है कि स्थानीय निकाय और सफाई करवाने वाले लोग इस दौरान मरने वाले सफाई कर्मियों के आश्रितों के पुनर्वास की जवाबदेही से मुक्त रहते हैं। निस्संदेह, ऐसी मौतें बेहद कष्टकारी हैं और विसंगति के समाज के मुंह पर तमाचा है। ये आंकड़े हमारे विकास के थोथे दावों की हकीकत बताते हैं। आखिर क्यों कुछ लोग अपने परिवार के भरण-पोषण के लिये अपना जीवन दांव पर लगाते हैं। आखिर खतरे की आशंका के बावजूद क्यों वे अपना जीवन जोखिम में डालने को बाध्य हैं। क्यों हम ऐसी तकनीकों का प्रयोग नहीं कर पाये जो सफाई कर्मियों को चेता सकें कि सीवर या सैप्टिक टैंक में जहरीली गैस विद्यमान है। क्यों सफाई कर्मी पर्याप्त सुरक्षा व जीवन रक्षा उपकरणों के न होने के बावजूद मौत के कुओं में उतरते हैं। कई बार खतरे में फंसे व्यक्ति को बचाने के प्रयास में कई लोग जान गवां बैठते हैं। यदि समय रहते बचाव व राहत के उपाय अमल में लाये जाएं तो कई जानें बचायी जा सकती हैं। निस्संदेह, यह राहत की बात है कि लंबे सामाजिक आंदोलनों व कतिपय राजनेताओं की सार्थक पहल के बाद देश हाथ से मैला ढोने के कलंक से मुक्त हो पाया है। दरअसल, हाथ से मैला ढोने के रोजगार निषेध और पुनर्वास अधिनियम 2013 के अमल में आने से इसे रोका जा सका है। यह प्रश्न परेशान करता है कि क्यों आज भी लाखों लोग सैप्टिक टैंकों व सीवर की सफाई के जोखिम भरे कार्य को करने के लिये बाध्य हैं।

# सही दिशा

समग्र स्वास्थ्य की दृष्टि से देखभाल करने में व्यक्ति या जन-केंद्रित देखभाल प्रणाली शामिल होती है जो मन, शरीर और आत्मा को संबोधित करने वाली तरकीबों को भलीभांति एकीकृत करती है। संपूर्ण व्यक्ति और भागीदारी इसमें प्रमुख नियामक होते हैं। इसका तात्पर्य स्वास्थ्य और बीमारी की एक प्रकार की गतिशील समझ से है। समानता, प्रभावशालिता , सुरक्षा, नैतिकता, किफायती लागत, पारस्परिक संवेदनशीलता तथा सामाजिक दुनिया के साथ संबंध जैसे मानदंडों को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य का देखभाल करने वाली प्रणाली स्थापित करना बड़ी चुनौती है। संपूर्णता के रूप में स्वास्थ्य को शरीर तक सीमित नहीं किया जा सकता। इसके लिए अध्ययन विषयों की सीमाओं को पार करने और जन-केंद्रित दृष्टिकोणों की ओर बढ़ने की आवश्यकता होगी। इस तरह का एक एकीकृत दृष्टिकोण भारत की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति-2017, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन-2020 और वैश्विक स्तर पर स्वीकृत किए गए सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के अनुरूप है। यह खुशी की बात है कि 2014 में भारत सरकार ने आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी प्रणालियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए आयुष मंत्रालय की स्थापना की और इन चिकित्सा प्रणालियों को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं।

देश में चिकित्सा सेवा की प्रभावी उपस्थिति देश को विश्व के शीर्ष देशों में शामिल करने में मदद करेगा। आज दुनिया के जितने भी विकसित देश है उनमें चिकित्सा सेवा और लोगों के स्वास्थ्य को लेकर अत्यधिक जागरुकता है। यही जागरुकता धीरे-धीरे देश में भी आ रही है। स्वास्थ्य सेवा की बेहतर पहुंच के साथ शिक्षा और स्वास्थ्य शिक्षा के प्रसार का असर देश के हर क्षेत्र में हो रहा है।

# लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ की दिशा-दशा




-सत्यनारायण गुप्ता

> फिर निजी करण का दौर आया जिसमें निजी टीवी चैनल तथा इंटरनेट के माध्यम से सूचना का निर्बाध प्रवाह लोगों तक हुआ। निजी टीवी चैनलों के मालिक पूंजीपति और उद्योगपति ही है। हां, प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता अब भी कमोबेश बरकरार है । जहां तक सोशल मीडिया का प्रश्न है तो यह तो आपके हाथ में है। बस फेंक न्यूज के झांसे में न आएं।

**भारत** से प्रकाशित होने वाला पहला समाचार पत्र बंगाल गजट या कलकत्ता जनरल एडवरटाइजर था इस समाचार पत्र के शीर्षक के ठीक नीचे लिखा होता था--विकली पोलिटिकिल एंड कमर्शियल पेपर ओपन टू ऑल पार्टीज बट इंस्पायर्ड बाय नन। भारतीय पत्रकारिता का आदि संकल्प इसे ही माना जाता है। लेकिन ' रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' द्वारा प्रकाशित विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में इस वर्ष 2022 में 180 देशों की सूची में भारत को 150 वां स्थान मिला है पिछले वर्ष 142 वां स्थान मिला था, जबकि 2016 में 133 स्थान था। आज सोशल मीडिया के युग में जब सभी को अपनी बातें खुलकर कहने का अधिकार है तब भी भारत में प्रेस/मिडिया की स्वतंत्रता पर अनेक प्रश्न उठ खड़े हुए हैं।

अडानी ग्रुप द्वारा एनडीटीवी के अधिकांश शेयर खरीद लेने के बाद पूरे देश में उद्योगपति द्वारा मीडिया पर प्रभाव को लेकर हाय तौबा मचाया जा रहा है लेकिन प्रेस/मीडिया पर उद्योगपतियों का वर्चस्व कब नहीं था और सरकार द्वारा कब इसे काबू करने का प्रयास नहीं किया? क्या आपको पता है कि 1780 में प्रकाशित प्रथम समाचार पत्र जेम्स आगस्टस हिक्की के ' बंगाल गजट' को कंपनी सरकार की आलोचना के बाद बंद करा दिया गया था। इसे छापने वाले प्रेस को ही जब्त कर लिया गया था। अखबारों में प्रतिबंध के तहत 1799 ईसवी में लॉर्ड वेलेजली द्वारा' पत्रों का प्रक्षेपण अधिनियम' और जॉन ऐडम्स द्वारा 1823 ईसवी में 'अनुज्ञप्ति नियम' लागू किए गए जिसके कारण उर्दू का प्रसिद्ध अखबार राजा राममोहन राय द्वारा शुरू किया गया 'मीरातुल अखबार' बंद हो गया।

1857 ईसवी के स्वतंत्रता संग्राम के बाद समाचार पत्रों की संख्या में वृद्धि हुई और यह सरकार के मुखर आलोचक बन गए। देश में भीषण अकाल पड़ा, जिसमें लगभग 60 लाख लोग काल के ग्रास बन गए ।लेकिन जनवरी 1877 में इस सबसे बेखबर अंग्रेज सरकार ने दिल्ली दरबार आयोजित कर अपार फिजूलखर्ची की । 1858 के बाद यूरोपीय प्रेस ने हमेशा राजनीतिक विवादों में सरकार का समर्थन किया जबकि स्थानीय प्रेस ने सरकार की आलोचना की। इन समाचार पत्रों के प्रभाव से लोग राजनीतिक मुद्दों के बारे में अधिक जागरूक हो गए और वह धीरे-धीरे अपने अधिकारों के बारे में सवाल पूछने लगे परिणाम स्वरूप लॉर्ड लिटन ने सरकार के सर्वोत्तम हित में 1978 में वनार्कुलर प्रेस अधिनियम बनाया जिसमें जिलों के मजिस्ट्रेटों को यह अधिकार दिया गया था कि वह किसी भी प्रकार के मुद्रक और प्रकाशक को एक बॉन्ड में प्रवेश करने के लिए बुला सकते हैं। सरकार की अनुमति के बिना सरकार के खिलाफ असंतोष की भावनाओं को बढ़ावा देने वाली किसी भी चीज को प्रकाशित नहीं करने का वचन दिया जाता था। बांड का उल्लंघन करने पर मजिस्ट्रेट के पास जमा राशि को जब्त कर लिया जा सकता था ।दोबारा यह अपराध करने पर उसका प्रेस जप्त कर लिया जाता था मजिस्ट्रेट का फैसला अंतिम था उसके ऊपर कोई अदालत नहीं था। वनार्कुलर प्रेस एक्ट 'सोमप्रकाश' नामक पत्र को लक्ष्य बनाकर लाया गया था, जबकि इस एक्ट के से बचने के लिए बांग्ला भाषा में प्रकाशित होने वाली 'अमृत बाजार पत्रिका' रातों-रात अंग्रेजी भाषा में छपने लगी ?।

बंगाल विभाजन के उपरांत उत्पन्न असंतोष को अखबारों द्वारा दिए जाने वाले स्वर को दबाने के लिए लॉर्ड कर्जन ने 1908 में समाचार पत्र अधिनियम लागू किया ?इस अधिनियम में व्यवस्था की गई थी कि जिस अखबार के लेख में हिंसा व हत्या को प्रेरणा मिलेगी उसके छापा खाने व संपत्ति को जब्त कर लिया जाएगा। 1910 के भारतीय समाचार पत्र अधिनियम में व्यवस्था थी कि समाचार पत्र के प्रकाशक को कम से कम ?500 अधिक से अधिक 1000 जमानत के रूप में स्थानीय प्रशासन को देना होता था । रद्द होने के बाद दोबारा शुरू करने के लिए ? 1000 से ?10000 तक जमा होता था। इसके बाद भी तथाकथित आपत्ति जनक सामग्री प्रकाशित करने पर अखबार की समस्त प्रतियां जब्त करने जा अधिकार सरकार को था। प्रथम विश्व युद्ध के समय भारत सुरक्षा अधिनियम पासवर्ड राजनीतिक आंदोलन एवं स्वतंत्र आलोचना पर प्रतिबंध लगा दिया गया था 1921 ईस्वी में तेज बहादुर सप्रू की अध्यक्षता में एक प्रेस इंक्वायरी कमिटि गठित की गई इसी समिति के सुझावों पर 1908 व 1910 के प्रेस अधिनियमों को समाप्त किया गया। लेकिन 1931में इंडियन प्रेस इमरजेंसी एक्ट लागू हुआ ।इसके द्वारा 1910 के कानून को फिर से लागू कर दिया गया और इसे विस्तृत कर क्रिमिनल अमेंडमेंट एक्ट अथवा आपराधिक संशोधन अधिनियम लागू किया गया ।गांधीजी के सविनय अवज्ञा आंदोलन को दबाने के लिए इस कानून का भरपूर उपयोग किया गया।

1947 में भारत स्वतंत्र हुआ और 1950 में भारत का संविधान लागू हुआ। जिसके अनुच्छेद 19(1)(क) प्रेस और मीडिया की स्वतंत्रता की बात कही गई है ।इस अनुच्छेद में कहा गया है कि ₹सभी नागरिकों को वाक एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार होगा।₹ लेकिन यह स्वतंत्रता निर्बाध नहीं है। अनुच्छेद 19 (2) में कहा गया है कि भारत की संप्रभुता और अखंडता के हितों से संबंधित मामले में ,राज्यों की सुरक्षा ,विदेशी राज्य के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध ,सार्वजनिक व्यवस्था ,शालीनता या नैतिकता या न्यायालय की अवमानना के संबंध में मानहानि या अपराध का प्रोत्साहन के मामले में इस स्वतंत्रता को प्रतिबंधित किया जा सकता है।

स्वतंत्र भारत में अधिकांश समय एक दल के प्रभुत्व वाली शासन व्यवस्था ही रही है। इसलिए यहां विपक्ष की भूमिका कमोबेश प्रेस के द्वारा ही निभाया गया है। हालांकि आपातकाल के दौरान इसमें ग्रहण लगा था। जहां तक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का प्रश्न है तो पिछली सदी में 90 के दशक तक आकाशवाणी और दूरदर्शन सरकार के ही अधीन थे और उसी चाह भाषा बोलते थे। फिर वैश्वीकरण और निजी करण का दौर आया जिसमें निजी टीवी चैनल तथा इंटरनेट के माध्यम से सूचना का निर्बाध प्रवाह लोगों तक हुआ। निजी टीवी चैनलों के मालिक पूंजीपति और उद्योगपति ही है ।र जाहिर है इन चैनलों की संपादकीय नीति अपने मालिक को नाखुश करने वाली तो होगी नहीं। हां, प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता अब भी कमोबेश बरकरार है । जहां तक सोशल मिडिया का प्रश्न है तो यह तो आपके हाथ में है ।बस फेंक न्यूज के झांसे में न आएं और किसी पोस्ट को फारवर्ड करने के पहले हजार बार सोचें।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## खास बात

### चेतना का कथाकार

**एनके मुरलीधर**

**अनंतमूर्ति** इस मायने में भी विशिष्ट रहे कि अंग्रेजी के अपने दखल और दानिशमंदी को उन्होंने अपनी अभिव्यक्ति पर हावी नहीं होने दिया और लगातार कन्नड़ में ही लिखते रहे। इस लिहाज से वे ठेठ भारतीय लेखक थे। प्रश्न, प्रतिपक्ष और प्रतिबद्धता, ये तीन बीज शब्द हैं जिस आधार पर हम युगीन संदर्भ पर छा जाने वाले किसी लेखक की महत्ता को जानते-आंकते हैं। एक ऐसे दौर में जब कलम और समझौते की दूरी एक मजबूत पर खतरनाक साझे के तौर पर उभर रही है, वैसे में हम जिन भारतीय लेखकों के पास जाकर अपनी निराशा धो सकते हैं, यूआर अनंतमूर्ति का नाम उनमें काफी ऊपर है। ऐसा इसलिए नहीं कि उनके लेखन की सार्वकालिकता का विस्तार आपवादिक रूप से सबसे बड़ा है। बल्कि इसलिए कि वे समकालीनता के प्रश्नों से सर्वाधिक जूझते हैं, उनके बीच मनुष्य और संवेदना के लिए रास्ता खोजने-बताने का रचनात्मक बीड़ा उठाते हैं ।महान कथाकार ने नवाधुनिक संदर्भों के बीच विचार और जीवन को जितना गहरा अपनी रचनाओं में बुना है, वह दुर्लभ है। भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित कन्नड़ के इस यशस्वी साहित्यकार का जन्म कर्नाटक के शिमोगा जिले के तीर्थहल्ली नगर में 1932 में हुआ। मैसूर विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद उन्होंने 1956 में वहीं पर अंग्रेजी विभाग में अध्यापन-कार्य आरंभ किया।

फिर बर्मिंघम यूनिवर्सिटी (यूके) से पीएचडी की उपाधि पाई और अध्यापन के लिए कई विश्वविद्यालयों से जुड़े। वे महात्मा गांधी विश्वविद्यालय, कोट्टयम के उपकुलपति और राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के अध्यक्ष भी रहे। अनंतमूर्ति की 20 से अधिक कृतियां प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें भव, संस्कार, भारतीपुर और अवस्थेह्वशीर्षक उपन्यासों के अलावा पांच आलोचनात्मक किताबें हैं। वे अपने लेखन से न सिर्फ भारत बल्कि विश्व साहित्य के फलक पर भी चर्चा में रहे। कई कृतियां भारतीय भाषाओं के अलावा अंग्रेजी, फ्रेंच, रूसी, जर्मन और बुलगेरियन आदि विश्व की प्रमुख भाषाओं में भी अनूदित हो चुकी हैं। उन्हें 1998 में भारत सरकार ने पद्मभूषण से नवाजा।

# बाहरि भीतरि एको

## विचार-प्रवाह

**मोहन मैत्रेय**

**गुरु** जी ने चक नानकी (आनंदपुर साहिब) की नींव रखी। गुरु जी ने धर्म प्रचार हेतु मालवा बांगर आदि की यात्रा के उपरांत पूर्व की ओर प्रस्थान किया। आगरा, प्रयाग, काशी, गया होते हुए पटना पहुंचे। वे बाहरि भीतरि एको की बात पर सहमत थे। पटना में निवास के समय वहां के राजा जयसिंह के पुत्र रामसिंह की प्रार्थना पर आसाम की यात्रा की। इधर, पंजाब में मुगल सम्राट का आतंक बढ़ रहा था, लोगों के दुख निवारणार्थ गुरु जी आनंदपुर लौट आये। औरंगजेब ने हिन्दुओं को मुसलमान बनाने का अभियान छेड़ दिया था। कश्मीर की स्थिति अत्यंत भयानक थी। जब कश्मीर के लोगों को अपनी रक्षा का कोई उपाय नहीं सूझा तो वहां के कुछ ब्राह्मणों ने गुरु जी की शरण में आनंदपुर आकर रक्षा तथा सहायता की गुहार लगायी। गुरु जी के मुख से निकला कि किसी महापुरुष के बलिदान के बिना धर्म की रक्षा असंभव है। यह सुनकर गुरु जी के नौ वर्षीय पुत्र गोविन्द राय ने उनसे कहा कि इस घोर कलियुग में आप सदृश पवित्र आत्मा वाला परोपकारी अन्य कौन हो सकता है? आप ही इनके धर्म की रक्षा कीजिए। गुरु जी ने आगंतुकों से कहा कि यह संदेश औरंगजेब को पहुंचा दो कि यदि गुरु तेग बहादुर इस्लाम धर्म को स्वीकार कर ले, तो हम भी इस्लाम स्वीकार कर लेंगे। संदेश मिलते ही मुगल सम्राट ने गुरु जी को दिल्ली पहुंचने का आदेश दे दिया।

गुरु तेग बहादुर को अपने वचन का पालन करना था। वह दिल्ली गये, जहां साम, दाम, दंड, भेद सभी प्रकार के हथकंडे औरंगजेब ने अपनाए, गुरु जी को अनेक यातनाएं दी गयीं।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### अपनी ताकत

**भारत** में वैश्विक महामारी कोरोना उतना कहर नहीं बरपा पा रही है, जितना कि दुनिया के दूसरे देशों में। इसका कारण है रसोई घर के मसालों का दवाओं की तरह काम करना। प्राचीन आयुर्वेद पद्धति आधुनिक चिकित्सा से बिल्कुल भी बौनी नहीं है। लेकिन इस पद्धति को देश में प्रोत्साहित करने के लिए सरकारों की रुचि कम रही है। यह समस्या जटिल है।

**– राजेश चौहान, जमशेदपुर**

### मान्यता मिले

**देश** में इसे ऐसा क्षेत्र नहीं माना जाता, जिसमें कोई करिअर बनाने का विचार कर सके। कई देशों की सरकारें ई-स्पोर्ट्स और इसके खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दे रही हैं। भारत में युवा प्रतिभाओं की संख्या बहुत ज्यादा है, जिन्हें पहचानने की जरूरत है। जब अन्य सभी खेलों को वैध माना जाता है तो ई-स्पोर्ट्स को क्यों नहीं? देश में इस खेल को भी मान्यता मिलनी चाहिए।

**–वरुण सैनी, रांची**

**अजीब** तरह के लोग हैं
इस दुनिया में,
अगरबत्ती भगवान के लिए खरीदते हैं
और खुशबु ,
खुद की पसंद की तय करते हैं..

**– अनुपम खेर, अभिनेता**

## आपके ट्वीट

**दुमका** प्रवास के दौरान आज यहाँ लोगों के साथ मुलाकात कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुनने का सौभाग्य मिला।

**– हेमंत सोरेन, सीएम झारखंड**





**मैं** लगातार चीन की कार्रवाई को लेकर सचेत कर रहा हूं। चीन गंभीर तैयारी कर रहा है। भारत सरकार को इस दिशा में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। समय से कार्रवाई करना भारत के लिए कठिन होगा।

**– राहुल गांधी, सांसद**

# अंग्रेजों के जमाने में चीन की चुप्पी और अब कुटिलता के मायने



**कुमार गौरव**

## सामयिक

**जब** इंडिया में अंग्रेजी हुकूमत थी तब चीन को इंडिया चाइना सीमा निर्धारण से कोई आपत्ति नहीं थी। एक भी उदाहरण नहीं है कि कभी भी चीन अंग्रेजों के समय काल में अपनी ओर से सीमा मामले में आपत्ति जताई हो । मगर आज वही सीमा चीन को सही तथा न्याय पूर्ण क्यों नहीं लग रही यह ताज्जुब की बात है। चीन अपनी वन चाइना पॉलिसी तहत कार्य कर रही है। वन चाइना पॉलिसी की सही मायने या यूं कहें हम उसकी विचारधारा पर गौर किया जाए तो वह वन चाइना तहत एक स्वतंत्र मानव अधिकार पद्धति से आवाम को जोड़ना है यानी वन नेशन वन मैन, एक आदमी एक अधिकार समान अधिकार एक राष्ट है। मगर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग पता नहीं किस जमाने की वर्ल्ड बॉर्डर वाली मानचित्र अपने पास रखी हुई है कि उन्हें इंडिया के साथ साथ ही कई राष्ट्र की पाक धारा चीन की भूमि लगती है। जब जिनपिंग साहब को लगता है कि उनकी चीन की संप्रभु ता के साथ खिलवाड़ हुई है तब आप अपना वह नक्शा तथा इतिहास जमाने के सामने लाएं। दुनिया देखे कि आप की इतिहास कितनी सत्य है। कितनी पुरानी है शी जिनपिंग महोदय आप अपनी इस घिनौनी चाल को चीन की कूटनीति समझ रहे। क्योंकि आज 1962 नहीं है और चीनी जनता बेवकूफ भी नहीं है। नीति आपकी फेल हुई कसूरवार इंडिया । आंखें अमेरिका दिखाएं गुनहगार इंडिया , बातें पाकिस्तान ना सुने धोखेबाज इंडिया , हथियार तुम बनाओ मार खाए इंडिया। चीन की जनता की ग्लोबल वर्ल्ड आर्डर की मौलिक अधिकारों का हनन दमन आप कर रहे हैं। किसी राष्ट्र की पाक जमीन की दलाली तुम करो जमीन भरे इंडिया । आप अपना कबाड़ बेच कर हमसे धन कमाओ और वही धन से हथियार बनाकर शिकार पर निकले। आज हर राष्ट्र लोकतांत्रिक आजादी में जीना चाहती है। आप भी बदले ,अपनी आवाम का ख्याल रखे । वह भी ग्लोबल लोकतांत्रिक व्यवस्था से जुड़ना चाहती है। हर सभ्यता के करीब जाकर उन्हें महसूस करना चाहती है। अपनी चीनी समाज से दुनिया को रूबरू कराना चाहती है। सीधी बात आवाम आजादी चाहती है। उसे आप दे नहीं रहे ऊपर से अपनी वही निरंकुश पांच कदम बढ़ो तीन कदम पीछे हटो की चाल चल अपनी अवाम को गुनहगार बना रहे हैं । आप की दोहरी नीति के कारण चीन की अर्थव्यवस्था चरमरा गयी है। अमेरिका आर्थिक मामले में आपकी पंख कुतर रहा है अमेरिका को डराने के लिए इंडिया को हड़काया जाए यह कहां तक उचित है। अमेरिका की नीति आज चीन विरोधी है लेकिन इसके पीछे व्यापार के विस्तारका खेल छिपा है। जब अमेरिका चीन पर डॉलर की बरसात कर रहा था। तब वह वसूल ने की तकनीक का आविष्कार कर रखा था। तुम जब अमेरिका की तकनीक को मेड इन चाइना के तहत विकसित कर रहे थे तब दुनिया कहां थी? भारत की संस्कृति का शीर्ष ग्रंथ महाभारत में अधर्म और धर्म तय करती है। नतीजा भीष्म वध, द्रोण वध ,करण वध बाकी तो कुरु थे ही है। जिस दिन दुशासन द्रौपदी चीरहरण की थी उसी दिन उसी क्षण उसके अंदर की मानवता मर चुकी थी । क्योंकि भीष्म, द्रोण ,कर्ण के उपस्थिति उनकी ताकत के प्रभाव के कारण चिर हरण हुई इसलिए इन सबो का वध हुआ। जिनपिंग साहब इंडिया के 140 करोड आवाम अपनी धरा को मां मानती हैं। उस समय की सरकार ,फौज दोनों एक सुर में हिंदी चीनी भाई भाई कहा मगर आप तो यह भी नहीं कह रहे हैं यानी आपकी मंशा शुरू से इंडिया को दुश्मन समझी वाह रे विचारधारा ऐसी विचारधारा को प्रणाम। (लेखक दिशा फाउडेशन हजारीबाग के संस्था प्रमुख हैं।)

# 1971 में विजय के नायक थे लांस नायक अल्बर्ट एक्का

**डॉ. एलएस यादव**

## गाथा

**वर्ष** 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर मिली ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में हर साल 16 दिसम्बर को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस साल इस विजय की यह 50वीं वर्षगांठ है। भारतीय सेना ने मुक्ति वाहिनी सेना के योद्धाओं के साथ मिलकर पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। यह युद्ध भारत के लिए आज भी ऐतिहासिक है। इस लड़ाई में 93000 पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। इस संग्राम में पाकिस्तान को मिली करारी शिकस्त के बाद पूर्वी पाकिस्तान को आजादी प्राप्त हुई और एक नया स्वतन्त्र बांग्लादेश बना। वर्ष 1971 की इस लड़ाई में लगभग 3900 भारतीय जवान शहीद हुए थे और लगभग 9851 सैनिक घायल हो गये थे। बड़ी संख्या में भारतीय सैनिकों ने अपना सर्वस्व बलिदान करके बांग्लादेश को आजाद करवाया था। इसके अलावा 1971 के उस दौर में लगभग एक करोड़ बांग्लादेशियों को भारत ने शरण दी थी। इस युद्ध में जनरल सैम मानेक शॉ और लेफ्टिनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के नेतृत्व में रणनीतिक कदमों ने मात्र 13 दिनों की लड़ाई में पाकिस्तानी सैनिकों को हथियार डालने पर मजबूर कर दिया था। इस लड़ाई में मेजर होशियार सिंह ने भी अपने जज्बे से पाक सेना को पराजित करने में अहम भूमिका निभाई थी। लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की वीरता भी कम नहीं थी और वे परमवीर चक्र पाने वाले भारतीय जांबाजों में से एक थे। उन्हें यह सम्मान मरणोपरान्त प्राप्त हुआ था। तत्कालीन बिहार (अब झारखंड) निवासी लांस नायक अल्बर्ट एक्का ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपनी बटालियन के सैनिकों की रक्षा की थी। इस दौरान वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बाद में इलाज के दौरान अस्पताल में उनका निधन हो गया था। उनकी बहादुरी पर सरकार ने उन्हें मरणोपरान्त परमवीर चक्र से सम्मानित किया था। इस लड़ाई में चार सगे भाई विभिन्न मोर्चों पर लड़ते हुए पाकिस्तानी सैनिकों के छक्के छुड़ाने में आगे रहे थे। ये भाई हरियाणा प्रांत के रेवाड़ी जिले के गांव जाटूसाना के थे। इनमें सबसे बड़े भाई नायब सूबेदार रामचन्द्र यादव उस समय भारतीय सेना की 78 मीडियम रेजीमेंट में थे। यह रेजीमेंट राजस्थान के अलवर से सिलीगुड़ी होते हुए बांग्लादेश की सीमा पर पहुंचकर अपना यौद्धिक योगदान देने में सफल रही थी। इनके दूसरे भाई सूबेदार सोहन लाल ने इसी रेजीमेंट में एजुकेशन जेसीओ के पद पर रहते हुए अपना योगदान दिया था। कर्नल शंभू दयाल नामक तीसरे भाई उस समय कालूचक में 47 एयर डिफेंस रेजीमेंट में कैप्टन के पद तैनात थे और उन्होंने पाकिस्तानी जहाजों की हालत खराब कर दी थी। भारतीय सेना की ईएमई कोर में आरमोरर के पद पर तैनात इनके चौथे भाई सूबेदार मेजर श्योताज सिंह ने मुक्ति वाहिनी के जांबाजों के हथियारों की मरम्मत करके उन्हें विशेष सहयोग प्रदान किया था। उस समय पूर्वी पाकिस्तान की जो हालत कर दी गई थी कुछ उसी तरह की स्थितियां पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में आज भी विद्यमान हैं। उस समय पूर्वी पाकिस्तान की आबादी सात करोड़ तथा पश्चिमी पाकिस्तान की आबादी लगभग छह करोड़ थी। जनसंख्या की अधिकता के बावजूद पूर्वी पाकिस्तान की जनता का शोषण किया जा रहा था।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## कोर्रा संकुल के रसोइयों की हुई प्रतियोगिता

**हजारीबाग।** राजकीय बालक मध्य विद्यालय कोर्रा संकुल के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों के रसोइयों का कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वादिस्ट व्यंजन बनाये गए। जज के द्वारा उर्दू मध्य विद्यालय मंडई की रसोइया नूरजहाँ खातून को विजेता घोषित किया गया। वही मध्य विद्यालय हिंदी नूरा की रसोइया फिरोज खातून को उपविजेता घोषित किया गया। निर्णायक मण्डली में सदर बीईईओ नागेश्वर सिंह, सीआरपी रम्भा कुमारी व प्राथमिक विद्यालय मटवारी के प्रधान शिक्षक महेश्वर प्रसाद सिंह मौजूद थे।

## थाना प्रभारी के सौजन्य से दिया गया काली मंदिर में घंटा

**कटकमसांडी।** प्रखंड क्षेत्र के पेलावल ओ पी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह के द्वारा कंचनपुर काली मंदिर छडवा डैम में 15 किलो का घंटा दिया गया। वही थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि कंचनपुर काली मंदिर छडवा डैम में यज्ञ होने के अवसर पर मैं अपने स्वेच्छा से मंदिर में दान किया। मौके पर उपस्थित पेलावल थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अरुण कुमार, काली मंदिर पुजारी राजेश पांडे, कटकमसांडी पूर्वी जिला परिषद सदस्य पति मनीष ठाकुर, उमेश गुप्ता विक्रम राणा, उपस्थित थे।

## महिला ग्राम संगठन की मुरकी में हुई बैठक

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के बेडम पंचायत मुरकी गांव में जेएस एलपीएस महिला ग्राम आजीविका संगठन की ओर से बैठक 19 दिसंबर सोमवार को हुआ । बैठक में महिला संगठन के ओर से समिति विकास को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया। मौके पर हीरामुनी देवी, सुनीता सोरेन,सबिता टुड्डू,रूबी देवी, चांद मुनि हेम्ब्रोम, प्रतिमा देवी, अनिता देवी, मुनिया देवी,सीतामुनी देवी, हेमंती देवी, बड़की दी,ललिता देवी उपस्थित थी।

## मध्यदेशीय वैश्य समिति अध्यक्ष पद के लिए मतदान 8 जनवरी को

**रामगढ़।** मध्यदेशीय वैश्य समिति रामगढ़ के चुनाव समिति के सदस्यों द्वारा सत्र 2023-26 के समिति के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव की तिथि की घोषणा कर दी गई है। 27,28 और 29 दिसंबर को अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र भरने का तिथि रखी गई है। 30 दिसंबर से लेकर 3 जनवरी तक नामांकन पत्र वापस लेने का तिथि है। 8 जनवरी को चुनाव होगा। चुनाव सुबह 11:30 से दोपहर 4:00 बजे तक चलेगा। शाम 6:00 बजे तक मतगणना होगी। जिसके उपरांत अध्यक्ष पद विजेता के नाम की घोषणा होगी। यह जानकारी चुनाव समिति के सदस्य गणेश प्रसाद गुप्ता, आनंद गुप्ता ,अनिल कुमार गुप्ता, सुबोध कुमार गुप्ता, नंदकिशोर गुप्ता एवं नरेंद्र गुप्ता ने संयुक्त रूप से दी है।

## संतोष नायक के निधन पर समाज के लोगों ने दी श्रद्धांजलि



संतोष नायक का फाइल फोटो।

**रजरप्पा।** चितरपुर घासी टोला निवासी संतोष नायक (उम्र 48) का आकस्मिक निधन पर नायक समाज के लोगों ने शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी। उनके निधन पर अनुसूचित जाति नायक समाज संघ रामगढ़ जिला इकाई जिलाध्यक्ष संजय नायक ने समाज की अपूर्णीय क्षति बताया। स्व. नायक स्वभाव से हंसमुख एवं बिंदास रहते थे। हर हमेशा समाज कार्य में तत्परता से ईमानदारी पूर्वक कार्य किया करते थे। शोक व्यक्त करने वालों में सेवानिवृत शिक्षक पुन्नू राम नायक सहित बढ़न नायक, रितेश नायक, शंकर नायक, दिलीप नायक, सुनील नायक, बिनोद नायक, सत्येंद्र नायक, रवि नायक, निर्मल नायक, दिनेश नायक, नरेंद्र नायक, कल्याण नायक, कमल नायक, सागर नायक, अजय नायक आदि लोग शामिल है।

# नियोजन नीति पर झारखंड हाइकोर्ट का फैसला आने के बाद विद्यार्थियों में रोष, निकाली रैली

खबर मन्त्र संवाददाता



रैली में शामिल छात्र-छात्राएं।

**हजारीबाग।** झारखंड हाई कोर्ट के नियोजन नीति पर फैसला आने के बाद हजारीबाग के विद्यार्थियों में आक्रोश है। हजारीबाग झारखंड का स्टडी हब के नाम से जाना जाता है जहां आसपास के जिलों के छात्र-छात्राएं पढ़ाई करने के लिए बाहर से हजारीबाग पहुंचते हैं। यहां विभिन्न तरह की कंपटीशन की तैयारी करने के लिए सैकड़ों कोचिंग सेंटर है जहां लाखों की संख्या में विद्यार्थी तैयारी करते हैं। झारखंड हाई कोर्ट के नियोजन नीति पर फैसला आने के बाद विद्यार्थी काफी मायूस हैं एवं झारखंड सरकार से काफी आक्रोशित है जिसको लेकर उन्होंने आज हजारीबाग कोलंबस कॉलेज ग्राउंड से हजारों की संख्या में विशाल रैली का आयोजन किया। रैली के माध्यम से विद्यार्थी पूरे हजारीबाग में घूमते हुए झंडा चौक पर पहुंचे जहा रैली का समापन किया गया। छात्रों की मांग है की झारखंड सरकार एक संवैधानिक नियोजन निति 15 दिन के अंदर बनाए जो कि आने वाले दिनों में कोर्ट में चैलेंज करना मुश्किल हो जाए। कहा कि झारखंड सरकार अभी तक छात्रों के हित में कुछ नहीं कर पाई है। वहीं शिक्षा मंत्री क्या बोलते हैं और क्या करते है इस पर भी उन्हें अब भरोसा नहीं रह गया है। ज्ञात हो की झारखंड हाइकोर्ट ने जेएसएससी स्नातक स्तर परीक्षा संचालन संशोधन नियमावली-2021 को सुनवाई के बाद 15 दिसंबर गुरुवार को निरस्त कर दिया था, इससे संबंधी अपने 111 पेज के आदेश में फैसले की विस्तृत चर्चा की है। इसमें हाइकोर्ट ने कहा है कि बिना विस्तृत अध्ययन कराये तथा बिना किसी स्पष्ट आंकड़े के ही राज्य सरकार ने भेदभावपूर्ण व असंवैधानिक नीति बना दी है। नियमावली भेदभावपूर्ण है। यह भारत के संविधान के अनुच्छेद-14 की कसौटी पर खरी नहीं उतरती है।

## बच्चों में संस्कार भरने का कार्य कर रहा है एकल अभियान



प्रशिक्षण में शामिल व्यास।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में चल रहे एकल अभियान व्यास कथाकार का तीन दिवसीय मासिक अभ्यास वर्ग के दूसरे दिन सोमवार को कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसके तहत रामगढ़ अंचल, खूंटी अंचल व रातू अंचल के व्यास कथाकारों द्वारा मासिक अभ्यास के दूसरे दिन इसे गति देने का कार्य किया गया। श्रीहरि केंद्रीय सह योजना प्रमुख बाबूलाल गोप ने बताया कि यह अभियान शिक्षा के माध्यम से बच्चों में संस्कार देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि गांव के लोग जब काम करके घर आते हैं तो थक जाते हैं। इसी थकान को दूर करने के लिए शराब में डूब जाते हैं। कार्यक्रम श्रीहरि कथा झारखंड-बिहार के प्रभाग योजना प्रमुख भामिनी भूषण मिश्र, रांची भाग व्यास प्रमुख गंगाधर महतो, संच प्रमुख शान्ति देवी, एवं तीनों अंचल के सभी संच व्यास मौजूद थें।

## विद्यालय प्रबंधन विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक माहौल उपलब्ध करवा रहा है : एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता



वार्षिकोत्सव का उद्घाटन करते एसपी।

**रामगढ़।** रांची रोड स्थित चाइल्डस वर्ल्ड स्कॉलर्स विद्यालय का 19 वां वार्षिकोत्सव देशभक्ति व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ रविवार को मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपी पीयूष पांडे, विशिष्ट अतिथि अधिशासी अधिकारी एमएस हीर विजय, डायरेक्टर एकेडमिक शारदा ग्लोबल स्कूल रांची रंजना स्वरूप, प्राचार्य विकास, पी एस कालरा एस पी झा, पुनीत माहेश्वरी, अनुज रंजन, के जाजू, एसपी सिन्हा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसपी पीयूष पांडे, स्कॉलर्स विद्यालय की निदेशिका गीतांजली जाजू व चेयरमेन गोपाल जाजू द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस क्रम में मुख्य अतिथि एसपी पीयूष पांडे ने कहा कि आज के युग में पढ़ाई के साथ खेलकूद एवं अन्य गतिविधियां भी विद्यार्थियों के लिए जरूरी हैं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रबंधन विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक माहौल उपलब्ध करवा रहा है। मौके पर निदेशिक गीतांजली जाजू ने कहा कि विद्यालय का वार्षिकोत्सव पूरे वर्ष भर के विद्यालय की शैक्षणिक एवं समस्त गतिविधियों को प्रदर्शित करने का एक समारात्मक माध्यम है। कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास के लिए नैतिक, आध्यात्मिक, शारीरिक, शैक्षणिक, संगीत एवं कला के विकास को भी पूरक मानना चाहिए। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की शिक्षिका मेघा सिन्हा ने किया। वार्षिकोत्सव में कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

## पुलिस इंस्पेक्टर ललित कुमार की जीत पर सद्भावना विकास मंच ने दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता



पुलिस इंस्पेक्टर ललित कुमार का स्वागत करते सद्भावना विकास मंच के सदस्य।

**बरही।** हजारीबाग जिला पुलिस एसोसिएशन हजारीबाग शाखा के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष पद के लिए चुनाव का आयोजन किया गया। चुनाव के तहत बरही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार को भारी जीत मिली और उन्हें अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित किया गया। पुलिस इंस्पेक्टर ललित कुमार को एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित होने पर विभिन्न स्थानों से बधाई एवं शुभकामनाएं मिल रही है। खबर मिलते ही पुलिस मित्र सह सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान के नेतृत्व में सद्भावना विकास मंच की पूरी टीम के सदस्यों ने थाना परिसर में उनका स्वागत किया। मंच के सभी लोगो ने एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित कुमार को माला पहनाकर सम्मानित किया। वही मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान ने उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते हुए पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान ने कहा कि पुलिस निरीक्षक सह बरही थाना प्रभारी ललित कुमार के कार्य कुशलता से सिर्फ बरही ही नही अपितु पूरा हजारीबाग वाकिफ है, यही कारण है कि सभी लोगो का विश्वास इनके ऊपर है, जिसका प्रमाण है की आज ललित कुमार हजारीबाग पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष का चुनाव जीत कर अब अपने विभाग के अधिकारिओं का नेतृत्व कुशलतापूर्वक करेंगे। मौके पर अध्यक्ष राज सिंह चौहान, सचिव कुंदन पांडेय, कोषाध्यक्ष मो आजाद, संगठन मंत्री प्रद्युमन सिंह, उपाध्यक्ष मो तौहीद, सदस्य मो इसरार, दिलीप सिंह, इंद्रदेव भुइयां, सुजीत कुमार,पंचायत समिति प्रतिनिधि बरसोत सह बरसोत पंचायत सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष सुजीत कुमार, जीतू ठाकुर, विकास सिंह, सदस्य ममता देवी, गायत्री देवी, बबिता देवी, ममता देवी, लीला देवी आदि उपस्थित रहे।

## एथलेटिक्स में डीएवी के बच्चों ने प्रतिभा का परचम लहराया



**रजरप्पा।** रामगढ़ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में दो दिवसीय स्व.रिझुनाथ चौधरी रामगढ़ जिला जूनियर एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वामी श्रद्धानंद डीएवी स्कूल के 16 बच्चे पियुष मुंडा, आर्यण पटेल, दिव्या कुमारी, प्रेमचंद्र कुमार, स्वशु कुमार, शहबाज खान, मुस्कान कुमारी, खुशी कुमारी, प्रियंका कुमारी, कुमकुम कुमारी, स्मिता कुमारी, शुभांगिनी सोनी, सुषमा कुमारी, ईशा रानी, अन्नु अन्नु कुमारी एवं मनिषा कुमारी ने भाग लिया। जिसमे पियुष मुंग (जैवलिन थ्रो, ऊँची इंद) को दो स्वर्ण पदक, दिव्या ज्योती (100 मी.रेस) सिल्वर पदक, शहबाज खान (डिस्क थ्रो) सिल्वर पदक, स्मिता कुमारी (शार्ट पुर) कास्य पदक तथा आर्यण पटेल (लम्बी कूद) कास्य पदक हासिल किया। बच्चों के कठोर मेहनत, लगन एवं प्रशिक्षणकर्त्ता चिराग रंजन अनुभवी शिक्षक का परिणाम है कि बहुत ही कम समय में दो स्वर्ण पदक, दो सिल्वर पदक तथा कास्य पदक विद्यालय को दिलाया। प्राचार्य केपी सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ियों को आशीवाद देते हुए कुशल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में चिराग रंजन, शांति कुमारी तथा अन्य शिक्षकों ने बहुमूल्य योगदान दिया।

## जल्द प्रोन्नति नहीं मिली तो संघ करेगा आंदोलन : मो अतिकुज्जमा

### झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रोन्नति को लेकर उपायुक्त को लिखा पत्र

खबर मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मो अतीकुज्जमा ने प्राथमिक शिक्षकों के ग्रेड फोर सहित विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति को लेकर उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला स्थापना समिति को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक शिक्षकों की प्रोन्नति के लिए जिला शिक्षा स्थापना समिति सक्षम प्राधिकार है। प्रति वर्ष प्राथमिक शिक्षकों की वरीयता सूची का प्रकाशन करते हुए वांछित अहर्ता पूर्ण करने वाले शिक्षकों को पद उपलब्धता की तिथि से वैचारिक सहित सभी प्रकार की प्रोन्नति नियमित रूप से दी जानी चाहिए। कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि आदेश पारित होने के आठ सप्ताह के अंदर अर्हता वाले शिक्षकों को ग्रेड सेवन में प्रोन्नति दी जाए। उन्होंने क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों से ग्रेड फोर के पद रिक्त रहे हैं। न्यायालय के आदेश के कारण ही 2017 में शिक्षकों को ग्रेड फोर मिल पाया। यदि पद उपलब्धता की तिथि से ग्रेड फोर नहीं दिए जाते हैं तो प्रोन्नत शिक्षकों की वरीयता प्रभावित हो सकती है। यदि ऐसा होता है तो ग्रेड फोर में प्रोन्नत अधिकांश शिक्षक अपनी सेवा काल में कभी भी ग्रेड सेवन के पद पर प्रोन्नत नहीं हो पाएंगे। जो कि प्राकृतिक न्याय का हनन है। उन्होंने कहा कि मांग पर शीघ्र विचार नहीं किया गया तो झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

## विख्यात भजन गायक पप्पू शर्मा पहुंचे रजरप्पा, की पूजा-अर्चना



पूजा-अर्चना के बाद मंदिर से बाहर निकलते खाटूधाम राजस्थान के विख्यात भजन गायक पप्पू शर्मा व अन्य।

**चितरपुर।** खाटूधाम राजस्थान के विख्यात भजन गायक श्याम रत्न पप्पु शर्मा सोमवार को रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिके मंदिर पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने मां छिन्नमस्तिके की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर उन्होंने कहा कि रजरप्पा में मां छिन्नमस्तिका यहां साक्षात विराजमान है। साथ ही उन्होंने कहा कि यहां की मनोरम वादियां बर्बस लोगों को अपनी ओर खींचता है। उन्होंने आगे कहा कि यहां विकास भी काफी हुआ है, थोड़ा साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। मौके पर रामकिशोर शर्मा, राजकुमार सेन, दीपक अग्रवाल, रौनक केडिया, नरेश झाझोटर, बाबू प्रताप सिंह सहित कई मौजूद थे।

## एक नजर में

## स्नेहदीप होलीक्रॉस आवासीय विद्यालय में निशि पांडेय ने किया कंबल का वितरण



मौके पर उपस्थित लोग।

**दारू।** सदर प्रखंड के बनाहप्पा पंचायत के बनाहप्पा में स्नेहदीप होलीक्रोस आवासीय विद्यालय में एड्स पीड़ित बच्चों के बीच सामजसेवी निशि पांडेय ने 170 कंबलों का वितरण किया। इस विद्यालय में वर्ग प्रथम से आठवीं तक के दूर दराज के बच्चे पढ़ते है। विद्यालय में कुल 170 बच्चों में 48 बच्चे एड्स से संक्रमित है जिन सभी के पढ़ाई और आवासीय सुविधा स्नेहदीप संस्था के द्वारा किया जाता है। इस बारे में महिला युवा सामजसेवी निशि पांडेय ने कंबल वितरण करने के दौरान बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी की विद्यालय में एड्स पीड़ित बच्चे पढ़ते है तो उनकी इच्छा विद्यालय भ्रमण और बच्चों के लिए कुछ करने की हुई इसी लिए वह विद्यालय आई और यहां आकर उन्हें काफी अच्छा महसूस हुआ। सामजसेवी निशि ने विद्यालय की प्रबंधक सिस्टर ब्रिटो की तारीफ करते हुए कहा कि यहां के बच्चों को काफी अच्छे ढंग से रखा गया है विद्यालय में बच्चों का अनुशाशन और प्रबंधन लाजबाब है। पहली बार विद्यालय आकर उन्हें बहुत अच्छा लगा वो आगे भी विद्यालय आएंगी और जितना संभव होगा वो बच्चों की मदद करने का प्रयास करेंगी।

## जांच शिविर में 250 लोगो ने लिया लाभ



जांच शिविर में शामिल लोग।

**बरकट्ठा।** दिव्या कल्याण आश्रम के प्रांगण में सोमवार को महिला मुक्ति संस्था के द्वारा जन साहस एवं आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर प्रमुख रेणु देवी ने कहा कि संस्था का यह प्रयास सराहनीय है, उपस्थित लाभार्थी इसका लाभ लें। संस्था सूदूर गांव में हो जिससे गरीब से गरीब लाभान्वित हो। वहीं मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव ने कहा कि प्रवासी मजदूर एवं स्थानीय मजदूर की समस्या को लेकर संस्था मदद करने का कार्य कर रही है, जो सराहनीय है। संस्था के निदेशक रवि कुमार ने बताया कि संस्था आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड एवं जन साहस के आभारी हैं जहां से स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने का अवसर प्राप्त है। आज इस शिविर में करीब 250 लोगो ने डॉक्टर परामर्श लाभ लिया उन्हे मुफ्त में दवा भी दी गई। जांच टीम में डाक्टर चन्दन कुमार, ए एन एम उषा कुमारी, नितु देवी, फार्मासिस्ट विवेक कुमार सहित कई उपस्थित थे।

## मुखिया सरिता देवी ने किया पोशाक का वितरण



**बरही।** प्रखंड के ग्राम पंचायत केदारूत के राजकीय प्राथमिक विद्यालय देवचंदा में मुखिया सरिता देवी ने बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया। इस मौके पर मुखिया सरिता देवी ने कहा कि बगैर शिक्षा के कोई भी मुकाम हासिल नही किया जा सकता है।यडिबेक बच्चा शिक्षित होगा तो एक समाज शिक्षित होगा। उन्होंने अभिभावकों से अपील किया कि वह नित्यदिन अपने अपने बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजे। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा स्कूल के ऊपर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सरकारी स्कूलों में सभी तरह की सुविधा दी जा रही है, कहा कि आज के समय में शिक्षा बहुत जरूरी है। मौके पर मुखिया सरिता देवी, प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, इंद्रदेव ठाकुर, बिरेंदर कुमार, प्रबंधन समिति अध्यक्ष खड़गधारी यादव, प्रधानाध्यापक फुलेश्वर कुमार सिंह, वार्ड सदस्य सुदामा देवी, रेणु देवी, शिक्षा समिति सदस्य मोहिनी देवी, सितारा खातून, तैयब अंसारी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## कपका में हुई आदर्श शादी



**बरकट्ठा।** एक तरफ कहीं न कहीं दहेज के लिए लड़कियों को हत्या जैसी खबर सुनने को मिलती है। वहीं दूसरे ओर समाज में ऐसे कई लोग है जो लड़कियों के लिए वरदान साबित होते है। आज हम बात कर रहे है । बरकट्ठा प्रखंड के ग्राम पंचायत कपका निवासी देवशंकर पंडित पिता वेदों दास व लड़की काजल कुमारी पिता स्व भोला दास अटका बिहारो निवासी की । जो साथ सात फेरे लिए। जो समाज में इसकी चर्चा खूब हो रही है। स्थानीय सेवादरों ने बताया की शादी महज 17 मिनट में हुई। इसे रमेणी विवाह कहते है। जात पात , उच्च नीच नहीं देखा जाता है। कोई लेन देन नहीं हुई है। सादगी से शादी संपन्न हुई है। शादी के बाद दूल्हा दुल्हन को धार्मिक पुस्तक भेट की गई। कपका में शादी की रस्में पूरी की गई। पंचायत समिति सदस्य डालेश्वर पंडित,महावीर पंडित के अलावे कुम्हार जाति के लोगो उपस्थित थे।

## कुजू में प्रकाशोत्सव पर होंगे कई कार्यक्रम

3 दिसंबर को नगर कीर्तन और दूसरे दिन अखंड पाठ व लंगर के साथ कार्यक्रम का होगा समापन

**कुजू।** सिखों के दसवें अंतिम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के 357 वें प्रकाशोत्सव पर कुजू गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में कई कार्यक्रम होंगे। गुरुद्वारा प्रधान अरविंदर सिंह बग्गा से मिली जानकारी के अनुसार आगामी 2 जनवरी से श्री अखंड पाठ साहिब का शुभारंभ किया जाएगा। वहीं 3 जनवरी को अपराह्न 2 बजे डटमामोड़ स्थित उनके आवास से नगर कीर्तन शोभा यात्रा निकाली जाएगी,जो विभिन्न स्थानों का भ्रमण करते हुए गुरुद्वारा पहुंचेगा। नगर कीर्तन के समापन के उपरांत रात्रि 8 बजे से गुरु लंगर आरंभ होगा। वहीं 4 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे श्री अखंड पाठ,शबद कीर्तन, अरदास के पश्चात अपराह्न 2 बजे से गुरु का अटूट लंगर चलेगा। प्रकाशोत्सव को लेकर आगामी 29 दिसंबर से प्रभातफेरी शुरू होगी जो 2 जनवरी तक निकाली जाएगी। इधर श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चार साहिबजादों के शहीदी सप्ताह 21 से 27 दिसंबर के दौरान श्रद्धांजलि अर्पित करने को लेकर 24 दिसंबर को गुरुद्वारा में पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।

# आदिवासी बहुल गांव चोंचा में जल संकट व जर्जर सड़क से ग्रामीणों परेशान, जताई नाराजगी

गांव तक नहीं पहुंचती है एंबुलेंस

मरीजों व गर्भवती महिलाओं को खटिया पर ले जाना पड़ता है स्वास्थ्य केंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता



नदी से पेयजल लेकर जातीं महिलाएं।

**टाटीझरिया।** चोंचा मुख्य सड़क मार्ग से कटा हुआ है। ग्रामीण अनिल मुर्मू, धनीराम मांझी, आसमती देवी, साहेबराम मांझी, दिनेश हांसदा, बालदेव मांझी, छोटन टुडु, महेंद्र मूर्मु, उमेश मांझी, पार्वती देवी, सुशीला देवी व अन्य ग्रामीणों ने मांग किया है कि मंगरपट्टा के बाद करीब चार किलोमीटर चोंचा को सड़क मार्ग से जोड़ा जाए। सड़क मार्ग से जुड़ा नहीं होने के कारण अगर कोई बीमार पड़ जाता है तो सरकारी एंबुलेंस गांव तक नहीं आ पाती है। मरीजों-गर्भवती महिलाओं को मंगरपट्टा मुख्य सडक तक खटिया पर ढोकर ले जाना पड़ता है, तब जाकर एंबुलेंस के माध्यम से स्वास्थ्य केंद्र भेजना संभव हो पाता है। सड़क मार्ग नहीं होने के कारण आम लोगों को बाजार जाने छात्र-छात्राओं को स्कूल-कॉलेज जाने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है पानी-सड़क को लेकर जनप्रतिनिधियों से कई वर्षों से गुहार लगाते आए हैं। लेकिन आश्वासन के सिवा उन्हें कुछ नहीं मिला, इसको लेकर ग्रामीण काफी नाराज हैं। ग्रामीणों की मांग है कि जल्द हमारी समस्या का सामाधान किया जाए। चोंचा के आदिवासी परिवार समस्याओं बीच छला हुआ महसूस कर रहे हैं।

**चोंचा के ज्यादातर बच्चे नहीं समझते हिंदी**

प्राथमिक विद्यालय चोंचा में लगभग 70 बच्चों का नामांकन है। बहुत मुश्किल से रोजाना 30-40 बच्चे ही स्कूल पहुंचते हैं। विद्यालय में अध्ययनरत ज्यादातर बच्चों को हिंदी समझ नहीं आता है। विद्यालय में दो सहायक अध्यापक पदस्थापित हैं। रसोईघर नहीं रहने के कारण बच्चों का मध्याह्न भोजन स्कूल के बरामदे में बनाया जाता है। आंगनबाड़ी केंद्र में भी कई परेशानियां हैं।

**गांव में नहीं है बुनियादी सुविधाएं**

ग्रामीण बताते हैं कि जनवितरण प्रणाली दुकान से राशन उठाव के लिए उन्हें नदी पार कर करीब 8 किलोमीटर दूर जुल्मी गांव जाना पडता है। बारिश के दिनों में नदी में पानी का बहाव अधिक रहने के कारण उन्हें लगभग 25 किलोमीटर दूरी तय करना पडता है। गांव के कई बुजुर्ग वृद्धा पेंशन योजना के लाभ से अभी तक वंचित हैं। गांव की ज्यादातर आबादी मिट्टी के घरों में रहते हैं। चोंचा में स्वास्थ्य सुविधाएं मयस्सर नहीं हो सका है।

**मुखिया ने सडक बनाने की किया मांग**

बेडम पंचायत की मुखिया सुमित्रा कुमारी ने शासन-प्रशासन से सडक बनाने की मांग किया है। उन्होंने कहा कि टोलों में वह अपने मद से पीसीसी निर्माण करवा रही हैं। लेकिन मंगरपट्टा मुख्य सडक से चोंचा तक सडक बनाने की मांग उनके द्वारा कई बार शासन-प्रशासन से किया गया। जिसे अभी तक अमल में नहीं लाया गया है।

# मुख्यमंत्री फसल राहत योजना में पंजीकरण कर दस्तावेज अंचल कार्यालय में जमा करे : सीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** मुख्यमंत्री फसल राहत योजना को लेकर से सोमवार को अंचलाधिकारी दिनेश प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में बीटीएम,एटीएम व राजस्व कर्मचारियों की बैठक हुई। जिसमें मुख्यमंत्री फसल राहत योजना के तहत पंजीकरण करा ली किसानो के सभी दस्तावेज यथाशीघ्र अंचल कार्यालय में जमा करने निर्देश सीओ ने दिया। मौके पर सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र के सभी किसानों को मुख्यमंत्री फसल राहत योजना से जोड़ना है। इसके लिए सभी कर्मचारी अपने-अपने हल्का क्षेत्र के किसानों को जागरूक करते हुए अधिक से अधिक किसानों को पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। सभी हि उन्होंने बताया की मुख्यमंत्री फसल राहत योजना के तहत 29 दिसम्बर को किसानो के खाते मे फसल राहत की राशि डाली जाएगी। जिन किसानो के दस्तावेज अंचल मे जमा नही होगी उनका फसल राहत की राशि नही मिल सकेगा। सीओ ने सभी सीएससी संचालको को यथा शीघ्रः किसानो के दस्तावेज अंचल मे जमा करने का निर्देश दिया है। मौके पर सीओ ने सभी अंचल से जुड़े कोई भी काम लंबित न रहे, इसका विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि अंचल क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना अंचल कर्मियों का कर्तव्य है। सभी राजस्व कर्मचारी अपने-अपने हल्का क्षेत्र में ग्रामीणों को राजस्व भुगतान के लिए जागरूक करें। सीओ ने कहा कि किसी भी ग्रामीण को अंचल संबंधित कार्यों में परेशानी होने पर ग्रामीण इसकी सूचना अंचल कार्यालय को दें। इसकी जांच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने से परहेज नहीं किया जाएगा। मौके पर बीबीएम अजय कुमार, नवप्रभात कुजूर, प्रदीप कुमार, अबुल हसन, फेकुआ उरांव, नेहा कुमारी सहित अंचल कर्मी मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री फसल राहत योजना को लेकर सीओ ने की बैठक



बैठक करते सीओ।

# छत से पानी टपकने से मरीज परेशान

## रात में मरीजों के कंबल हो जा रहे हैं गीले



अस्पताल का निरीक्षण करते मिशन बदलाव के सदस्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव गुमला के सदस्यों ने सोमवार को सदर अस्पताल गुमला का दौरा किया। इस दौरान अस्पताल में मरीजों से सदस्यों ने मुलाकात कर व्यवस्था की जानकारी ली। दौरा के क्रम में भूषण भगत,जीतेश मिंज ने बताया कि सदर अस्पताल के आइसीयू वार्ड में लगातार पानी का लीकेज हो रहा है।

जिससे पूरे मरीज परेशान हैं। आइसीयू वार्ड में इलाजरत मरीज लक्ष्मीनाथ लोहरा के परिजनों ने बताया कि रात भर पानी गिरने के वजह से कंबल एवं अन्य सामग्री गिला हो जा रहा है।

# लक्ष्य के अनुरूप डाटा इंट्री का कार्य बढ़ायें : उपायुक्त

## छात्रवृत्ति, पशुधन विकास योजना, केसीसी, सुखाड़ राहत योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की हुई समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में सोमवार को कल्याण विभाग अंतर्गत चलने वाले विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं छात्रवृत्ति, पशुधन विकास योजना, केसीसी के अलावा सुखाड़ राहत योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन उपायुक्त सभाकक्ष में किया गया। बैठक में मुख्यतः उक्त बिंदुओं पर चर्चा करते हुए लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। स्कॉलरशिप योजना के तहत दिए गए लक्ष्यों के अनुरूप विद्यार्थियों की डाटा एंट्री बढ़ाना है। उपायुक्त ने इसके लिए विभिन्न विद्यालयों से वीएलई को जोड़ते हुए शत प्रतिशत डाटा एंट्री कराने का निर्देश दिया। वहीं सुखाड़ राहत योजना के तहत अधिक से अधिक किसानों को योजना का लाभ देने का निर्देश दिया। बताया गया कि किसानों का केसीसी नहीं होने के कारण वे योजना के लाभ से वंचित है। जिसपर पुनः वीएलई को युद्ध स्तर पर केसीसी रजिस्ट्रेशन से संबंधित कार्य को पूर्ण करने हेतु सहायता करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी वीएलई के परफॉर्मेंस पर नजर रखे जाने की बात कही जो भी वीएलई लापरवाह तरीके से कार्य करते हुए अथवा कार्य पूर्ण करने में असमर्थ है उन सभी वीएलई पर आवश्यक कार्यवाही किए जाने की बात कही। सभी वीएलई को उनके परफॉर्मेंस के आधार पर आगे कार्य करने हेतु रखा जाएगा। इसके अलावा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत चल रहे कार्यों की भी उपायुक्त ने समीक्षा की। उपायुक्त ने योजना के तहत डाटा एंट्री को बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी एंट्री किए हुए डाटा की पुष्टि करने की भी बात कही। 26000 प्राप्त आवेदन के विपरित अब तक 22000 बच्चों की एंट्री हुई है। उपायुक्त ने लंबित एंट्री को पुष्टि के पश्चात जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता गुमला, पीडी आईटीडीए, एक्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट गुमला, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, इडीएम के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त।

## विज्ञान प्रदर्शनी में दिखी बच्चो की प्रतिभा

**लोहरदगा।** गुरुकुल एकेडमी कूडू में सोमवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा एक से बढ़कर एक एनएच 75 पर यातायात नियम को लेकर प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए। जिसमे किस प्रकार ट्रैफिक की समस्या से समाधान पाया जा सकता है। इसके साथ ही वैज्ञानिक तरीके से खून जांच दर्जनों टीचर एवं बच्चे का किया और उन्होंने ब्लड ग्रुप भी बिल्कुल सही बताया। इस तरह से विभिन्न मुद्दों को लेकर विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल बनाए गए थे। मौके पर कुछ बच्चों ने फूड स्टाल भी लगाए थे, जिसमें मोमो, पानी पुरी, समोसा जलेबी, स्प्राउ, सैंडविच शामिल थे। मौके पर विद्यालय के निर्देशक अनुराधा आनंद ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है जिससे उन्हें आने वाले समय में आत्मनिर्भर बना सके। उन्होंने कहा की आज के युग में बच्चो में वैज्ञानिक सोच होना जरूरी है।

# बढ़ते ठंड में गरीबों की जीवन रक्षा को बांटा गया कंबल : अंसारी



गरीबों के बीच कंबल का वितरण करते मोमीन पंचायत के सदस्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** मोमीन अंसारी पंचायत गुमला के द्वारा सोमवार को बाजार टांड स्थित मोती मास्जिद के पास शहीद शेख भिखारी व उमरांव सिंह टिकैत की याद में जरूरत मंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान लगभग 150 गरीबों को कम्बल प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत के सदर इस्त्राइल अंसारी ने की। मौके पर इस्त्राइल अंसारी ने कहा कि शहीद शेख भिखारी व उमराँव की शहादत दिवस 8 जनवरी को है लेकिन इस बार कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जिसको देखते हुए पंचायत कमेटी ने ये फैसला लिया कि मौसम की मिजाज को देखते हुए इस बार जरूरत मन्दों को वक़्त पर कम्बल वितरण किया जाएगा। जिससे जरूरत मन्दों को ठंड से राहत मिल सके। जो शहीद शेख भिखारी और उमराँव सिंह टिकैत के प्रति सच्ची श्रंद्धाजलि होगी। सचिव शाहजहां अंसारी ने कहा कि कोई भी पुण्य कार्य समय पर ही सार्थक होते हैं। इस बार जिस तरह से कड़ाके की ठंड पड़ रही है निश्चित रूप से जरूरत मन्दों को इसका लाभ मिलेगा।

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने घाघरा व विशुनपुर प्रखंड का किया दौरा

# लोगों की समस्या का समाधान पार्टी कार्यकर्ता तन्मयता के साथ करें : चैतु

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चैतु उरांव ने सोमवार को बिशनपुर एवं घाघरा प्रखंड में संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत क्षेत्र भ्रमण किया। इस दौरान पूरे जोश के साथ प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रखंड कांग्रेस के पदाधिकारियों द्वारा जिलाध्यक्ष का स्वागत किया गया। मौके पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए चैतू उराँव ने कहा पंचायत कमिटी और बूथ कमिटी का विस्तार कर उसे मजबूत करें। जिस पदाधिकारी को जो जिम्मेवारी सौंपी गई है। उसका ईमानदारी पूर्वक पालन करें। एक दूसरे से समन्वय स्थापित कर उसका सहयोग करें। आम आदमी की आवाज बने अपने क्षेत्र के लोगों का सहयोग करें। उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं। इसके लिये कार्यालय प्रतिदिन खुला रखें। लोगों की समस्याओं के संबंध में आवेदन लेकर संबंधित विभाग के पदाधिकारी से मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण कराएं। उन्होंने कहा महीने में एक बार कांग्रेस पार्टी के तत्वाधान में ग्रामीण इलाके में जनसुनवाई, स्वास्थ्य शिविर, कानूनी सहायता शिविर कार्यक्रम का आयोजन करें और जल्द पंचायत कमेटी बुथ कमेटी का गठन किया जाना है। बैठक में बिशनपुर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार भगत, घाघरा प्रखंड अध्यक्ष अरुण पांडे, प्रखंड कमिटि के पदाधिकारी एवं मंडल कमिटि के पदाधिकारी, पंचायत अध्यक्षगण और सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।



बैठक में शामिल कांग्रेसी।

# 19 से 25 दिसंबर तक राष्ट्रव्यापी सुशासन सप्ताह के अंतर्गत 'प्रशासन गांव की ओर' शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** केन्द्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह के द्वारा नई दिल्ली से सोमवार को 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक एक राष्ट्रव्यापी सुशासन सप्ताह 2022 के अंतर्गत 'प्रशासन गांव की ओर अभियान का शुभारंभ किया गया। लोक शिकायतों के निवारण और आमजनों को सेवाएं प्रदान करने की प्रक्रिया में सुधार के लिए देश के सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और जिलों में यह अभियान चलाया जाएगा। इसी के निमित्त उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, डॉ उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा जानकारी दी गई कि केंद्र सरकार के द्वारा 19 दिसंबर से 25 दिसंबर 2022 तक एक राष्ट्रव्यापी सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया है जिसका उद्देश्य आमजनों की शिकायतों का निष्पादन और आमजनों को सेवाएं प्रदान करने की प्रक्रिया में सुधार करना है।

'प्रशासन गांव की ओर' नामक अभियान के तहत सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जैसे जिला मुख्यालय समेत सभी प्रखंड व अंचलों में जनता दरबार का आयोजन, जन शिकायत निवारण केंद्र के माध्यम से आमजनों की शिकायतों का निवारण तथा सभी थानों में जनता दरबार आयोजन कर थाना से संबंधित आवेदनों का निपटारा व अन्य कार्यक्रम किए जाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि पीजी पोर्टल के माध्यम से भी प्राप्त शिकायतों का निपटारा किया जायेगा। जिले में सुशासन सप्ताह के आलोक में पूर्व में भी राज्य सरकार के द्वारा कई दिशा निर्देश के आलोक में जिला स्तर पर बड़े पैमाने पर पंचायतों में शिविर लगाकर प्रखंड के एवं जिला के अधिकारियों के द्वारा आम जनों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निष्पादन व निराकरण किया गया है।

इसके साथ साथ प्रखंड एवं अंचलों में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रखंड/अंचल स्तर पर जनता मिलन का आयोजन कर आम जनों की समस्याओं को सुनते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने का प्रयास किया जाए जिससे कि ग्रामीण स्तर पर लोगों को सरकारी योजनाओं की लाभ के साथ-साथ अन्य शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

# डीसी ने विभिन्न योजनाओं को लेकर की समीक्षा



बैठक करते डीसी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** मुख्य सचिव, झारखण्ड के साथ होनेवाली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग को लेकर सोमवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में की गई। बैठक में सुखाड़ राहत योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना और छात्रवृति योजना की समीक्षा की गई।

जिला पशुपालन पदाधिकारी लोहरदगा को लाभुकों का यूनियन बैंक में खोले गए खाता के आलोक में भुगतान सुनिश्चित कराते हुए प्रतिवेदन समर्पित किये जाने का निर्देश दिया गया।

## प्रांतीय खेलकूद समारोह की व्यवस्था में सहयोग करने वाले सम्मानित

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित 33 वें प्रांतीय शिशु वर्ग खेलकूद समारोह में विद्यालय के भैया - बहनों ने को समय देकर व्यवस्था में काफी सहयोग करने के लिए सम्मानित किया गया। मौके पर कहा गया की नेतृत्व क्षमता की दृष्टि से इस कार्य के द्वारा उनमें एक व्यवस्था संबंधी सक्रियता की भावना का विकास हुआ। भैया- बहनों के इस सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा इन भैया-बहनों को विशेष रुप से सम्मानित किया गया। इस कार्य से भविष्य में उनके जीवन में नेतृत्व क्षमता एवं व्यवस्था कुशलता का विकास होगा, जो शिक्षा का एक आवश्यक अंग है। सभी भैया-बहन प्रेरणा ग्रहण करें और अपने जीवन में कौशल विकास को अवश्य शामिल करें।

# बिजली की लचर व्यवस्था को गांधीगीरी से किया गया विरोध

## बिजली अधिकारियों को भाजपा महिला मोर्चा ने पहनाया फूलमाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के लोहरदगा से जाते ही बिजली की कमी की समस्या शुरू हो गई है । इस लेकर सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सामेला भगत के नेतृत्व में बिजली विभाग जाकर लोहरदगा में गांधीगिरी के माध्यम से माला पहनाकर अपना विरोध प्रदर्शन महिला कार्यकताओं के द्वारा किया गया।इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी लोहरदगा की अनुपस्थिति में बिजली विभाग के एसडीओ को महिलाओं द्वारा बधाई दिया गया और कहा कि लोहरदगा में 24 घंटे के जगह 25 घंटे बिजली मिल रही है और यहां की जनता आपके इस कार्य से बहुत खुश है बिना स्विच दबाएं बिजली जलने लगती है। इसीलिए हम सभी महिलाएं आपको माल्यार्पण कर इसकी बधाई देने आए हैं। भारतीय जनता पार्टी की महिलाओं द्वारा बिजली विभाग में किए गए गांधीगिरी कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री मीणा बाखला, भाजपा नगर मंडल की उपाध्यक्ष बिंदिया देवी, सरस्वती देवी ,पुष्पा साहू, उमा देवी एवं काजल देवी उपस्थित थी।



माला पहनातीं मोर्चा की महिलाएं।

## एक नजर में

### जमशेदपुर में आयोजित डांस प्रतियोगिता में नन्ही परी ऐशानी सिंह विनर बनकर जिले का बढ़ाया गौरव

**गुमला।** जमशेदपुर के विजया गार्डेन में आयोजित झारखंड अवार्ड नाईट 2022 डांस प्रतियोगिता में गुमला की नन्ही परी ऐशानी सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में पूरे राज्य से लगभग सौ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें सर्वश्रेष्ठ डांस का प्रदर्शन कर ऐशानी ने सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए विनर बनी। ऐशानी सिंह इससे पूर्व भी गुमला सहित कई स्थानों में आयोजित डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी है। छोटी सी नन्ही परी के हौसले इतने बलुंद है कि अच्छे-अच्छे डांसकर को अपने सामने बौना बना देती है। ऐशानी सिंह के नृत्य के क्षेत्र में बढ़ते कदम अन्य बच्चे-बच्चियों को प्रेरित करेगी।

### गोल्ड कप में गुमला की बेटियों ने लहराया परचम

**सिसई।** कोलकता में आयोजित गोल्ड कप नेशनल गेम 2022 बालिका कबड्डी फाईनल मैच में झारखंड के बेटियो ने हरियाणा को 32 पॉइंट से हरा कर बेहतरीन जीत दर्ज कर गुमला का नाम रोशन किया है। झारखंड टीम का नेतृत्व गुमला जिला के सिसई प्रखंड डे बोर्डिंग की टीम के खिलाड़ियों ने किया था। जीत से गुमला जिला वासियो ने विजेता टीम और खिलाड्यिों को बधाई दी है। आज टीम झारखंड लौटेगी। वापसी पर झारखंड टीम का नेतृत्व कर रही सिसई डे बोर्डिंग टीम के खिलाडियों का सिसई मे भव्य स्वागत किया जाऐगा।

### सिसई प्रखंड कांग्रेस कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**सिसई।** कांग्रेस पार्टी गुमला के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चैतु उरांव के सिसई प्रखंड पहुंचने पर पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री उरांव ने सिसई प्रखंड कांग्रेस कार्यालय का उदघाटन किया। इसके बाद प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बैबूल अंसारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। मौके पर जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि कार्यालय उदघाटन का उद्देश्य प्रतिदिन इसे खोलकर लोगों की समस्याएं सुननी है और उसका हर संभव समाधान करना है। उन्होंने कहा कि सरकार की जो योजनाएं चलाई जा रही है वह सही तरीके से लोगों को मिल पा रहा है या नहीं यह हम लोगों को देखना है और जरूरतमंद को लाभ दिलाना है।

### प्रभु यीशु ने प्रेम करने का दिया था संदेश : फ्रांसिस

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के बड़काडीह स्थित एजी चर्च स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग धूमधाम से सोमवार को मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के डायरेक्टर फ्रांसिस टोप्पो, प्राचार्य महासागरी टोप्पो ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें हिंदी नागपुरी जैसे कई गीतों पर बच्चों द्वारा नृत्य गीत प्रस्तुत की गई । मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विद्यालय के डायरेक्टर फ्रांसिस टोप्पो ने कहा कि 25 दिसंबर बड़ा पर्व को लेकर विद्यालय में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु आपस में लोगों को प्रेम और मिलजुल कर रहने का संदेश दिया था। हमे उनके बातों को अनुश्रवण करने की जरूरत है। क्रिसमस गैदरिंग का मुख्य उद्देश्य खुशी मनाना है। प्रभु यीशु के जन्म के उपलक्ष में गैदरिंग मनाया जाता है।

### जतरा का मुख्य उद्देश्य आपसी मेलजोल बढ़ाना : प्रमुख

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड क्षेत्र के टांगर शिकवार गांव में पूस जतरा को लेकर सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख सविता देवी व उप प्रमुख शिवा देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा हिंदी, भोजपुरी व नागपुरी कई गीतों पर नृत्य गीत प्रस्तुत किये गये। इसके साथ ही मेला में खिलौने मिठाइयां की कई दुकानें लगी। जहां लोगों ने मेले के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी लुफ्त उठाया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रमुख सविता देवी ने कहा कि जतरा का मुख्य उद्देश्य आपसी मेलजोल है। हमारे पूर्वजों द्वारा जो जतरा का आयोजन की शुरूआत की गई थी हमें उसे बखूबी आगे बढ़ाने की जरूरत है।

### निर्माणाधीन एसडीओ कार्यालय का डीसी ने किया निरीक्षण

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने सोमवार को गुमला ब्लॉक परिसर में बने रहे नये अनुमंडल कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन कार्यालय के कमरों को देखा और कई आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि ब्लिडिंग डिविजन व संबंधित अन्य विभाग के लोग समन्वय बनाकर नये भवन में झंडा फहराने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भवन में एसडीओ कार्यालय से संबंधित सभी विभागों को अधिष्ठापित किया जाएगा और भवन में हर प्रकार की सुविधा मुहैया करायी जाएगी। एसडीओ रवि जैन ने कहा कि भवन निर्माण से सभी कर्मी व अधिकारी को अच्छे माहौल में काम करने का मौका मिलेगा। लोगों को भी एक ही स्थान पर कई सुविधाएं मिल जाएगी। इस अवसर पर अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### विभिन्न योजनाओं को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के बेन्दोरा पंचायत के पंचायत भवन में सोमवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सार्वजनिक पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना एवं धान अधिप्राप्ति के बारे में उपस्थित ग्रामीणों को विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम का आयोजन बारी बारी से प्रत्येक पंचायत में किया जाना हैं। ग्रामीण इस योजना के तहत लाभ ले सकते हैं। वहीं शिविर में कई आवेदन जमा लिया गया।

### दो दिवसीय मोतियाबिंद शिविर संपन्न

**गुमला।** लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा आयोजित दो दिवसीय मोतियाबिंद सह लेंस प्रत्यारोपण शिविर सोमवार को संपन्न हो गया। इस शिविर में कुल 27 लोगों ने अपना पंजीयन कराया। जांचोंपरांत 16 लोगों को मोतियाबिंद से ग्रसित पाया। जिन्हें रांची के नेत्र चिकित्सक डॉक्टर नवल, सहायक नेत्र चिकित्सक सदानंद महतो, मंगल, संजय, संदीप के द्वारा सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर दवा व चश्मा देकर प्रदान की गई।

### स्वस्थ तन मन हेतु योग ध्यान व्यायाम आवश्यकः अनिरूद्ध

**घाघरा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नौडीहा घाघरा में सोमवार को योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन गुमला के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को योग के महत्व की जानकारी दी गई। मौके पर सचिव केएमभीएस सह अध्यक्ष योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन अनिरूद्ध चौबे ने कहा कि स्वस्थ तन मन हेतु योग ध्यान व्यायाम आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ओलंपिक का पदक योगासना के माध्यम से आएंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता राज्य स्तरीय नंदलाल साहू ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य हेतु अभिभावकों और बच्चों में संवाद होना आवश्यक है।

### शोकाकुल परिवारों को आपदा विभाग से दिलायेंगे सहयोग राशि एवं सुविधाएं : आलोक

**लोहरदगा।** प्रखंड के अंतर्गत मंगल टोली के पास शंख -चापीं रोड पर दो दिन पूर्व तेज रफ्तार बाइक के चपेट में आने से गुंजन उरांव की मृत्यु हो गई था। सोमवार को लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू कांग्रेसियों के साथ लोहरदगा प्रखंड के मंगल टोली गांव पहुंचकर स्वर्गीय गुंजन उरांव की पत्नी नागो उरांव,पुत्र राहुल उरांव, पुत्र मुकेश उरांव सहित अन्य शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट करते हुए हर संभव शोकाकुल परिवारों को सहायता करने का आश्वासन दिए। मौके पर आलोक कुमार साहू ने कहा कि आपदा विभाग से 1 लाख साथ ही विधवा पेंशन एवं परिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत ?20 हजार दिलवाने का प्रयास करेंगे साथ ही प्रधानमंत्री आवास भी दिलवाया जाएगा।

# जमशेदपुर : दोमुहानी से कलश में जल भर तरुण संघ कदमा पहुंचीं 2000 महिलाएं, संगीतमय भागवत कथा शुरू




कलश यात्रा की अगुवाई करते नीरज सिंह, दीपू सिंह व साथीगण और कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु महिलाएं।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारतीय तरुण संघ, ब्लॉक नंबर 4 शास्त्री नगर कदमा में आयोजित होने वाले श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं भागवत कथा की शुरूआत आज कलश यात्रा के साथ हुई। इस कलश यात्रा में आज लगभग 2000 महिलाओं ने कलश में जल भरकर सोनारी एयरपोर्ट से रामनगर, कदमा बाजार होते हुए भारतीय तरुण संघ पहुंची। जिसके बाद वेदी पूजन किया गया।

इस कलश यात्रा की अगुवाई वाराणसी से आए हुए पंडित श्री सुनील पाण्डेय शास्त्री जी अपने गोद में बाल गोपाल को लेकर रथ में बैठ कर रहे थे और पीछे कलश धारण कर श्रद्धालुओं की टोली थीं। साथ ही आज संध्या 4:00 बजे से भारतीय तरुण संघ प्रांगण में संगीत में भागवत कथा की शुरूआत हुई। कल दिनांक 20 दिसंबर 2022 से पंडित श्री सुनील पाण्डेय शास्त्री जी के साथ वाराणसी से आए हुए 17 पंडितों की टोली महायज्ञ की शुरूआत करेगी जो कि दिनांक 25 दिसंबर 2022 तक चलेगा।

इस महायज्ञ के संयोजक नीरज सिंह ने बताया कि इस तरह का कलश यात्रा एक अद्भुत नजारा है तथा महिलाओं और आसपास के क्षेत्र के लोगों में इस यज्ञ को लेकर बहुत ही उत्साह है । इस तरह के यज्ञ और भागवत कथा से हमारी धर्म और संस्कृति को मजबूती मिलती है तथा हमारी आने वाली पीढ़ी अपने धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूक होती है। नीरज सिंह ने जिला प्रशासन को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि जिला प्रशासन का भी हमें पूरा सहयोग मिला है जिस कारण इतनी बड़ी कलश यात्रा में ट्रैफिक व्यवस्था में कहीं भी किसी तरह की समस्या नहीं आई।आज इस कलश यात्रा में इस कार्यक्रम के संयोजक दीपू सिंह, मनीष पांडे, जीतू वर्मा, भीम सिंह, गोपाल जयसवाल, दिनेश कुमार, अमरजीत सिंह राजा, विनोद राय, शिव प्रकाश शर्मा समेत कमेटी के लोग सक्रियता से शामिल हुए।


सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनिरत्न कंपनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एव सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियो द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।


## एक नजर में

### शहीद निर्मल महतो की जयंती 25 को



**जमशेदपुर।** गत रविवार को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जमशेदपुर के पूर्व नगर सचिव गोपाल महतो के नेतृत्व में सोनारी के सामुदायिक भवन में एक बैठक की गयी। जिसमें 25 दिसंबर को झारखंड के मसीहा वीर शहीद निर्मल महतो की 72वीं जयंती पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोनारी से करीब 500 बाइक रैली के साथ कदमा उलीयान स्थित शहीद निर्मल महतो समाधि स्थल पहुंचेंगे। पिछले दो वर्षों से कोरोना के कारण यह बाइक रैली नहीं निकली थी। मगर इस वर्ष धूमधाम से शहीद निर्मल महतो का जन्म जयंती मनेगी। बैठक में गोपाल महतो के साथ शिव शंकर महतो, राजेश महतो, अंकित सिंह, धनाई मुर्मू, गोविंदा चालक, रोहित लोहार, रॉकी सिंह, युग दास, गौतम धीवर,राम कुमार, चंदन महतो, रूपचंद कर्मकार, विजय महतो, विजय मुर्मू, ऋषि भी थे।

### एक साल में दोगुने आक्रमक हुए हाथी : संजय सेठ



**चांडिल।** रांची के भाजपा सांसद संजय सेठ के द्वारा पूछे गए सवाल पर केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सदन में बताया कि देश में हाथियों को और उनके पर्यावरण की सुरक्षा और उनके संरक्षण के लिए केंद्र प्रायोजित स्कीम, हाथी परियोजना के तहत राज्यों को तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है। विगत दो वर्षों में जंगली हाथियों के उत्पात से झारखण्ड में 200 से अधिक लोगों की मौत हुई है, जिसमें 2020–21 में 74 लोग और 2021–22 में 133 लोग हाथियों का शिकार होकर अपनी जान गवाए हैं। इसके अतिरिक्त संपत्ति आदि की क्षति और मुआवजे के लिए 2020–21 में 591 लाख रुपया और 2021–22 में 485 लाख का भुगतान मुआवजा के रूप में किया गया है। मृत्यु या स्थाई अशक्तता की स्थिति में 5 लाख तक का मुआवजा दिया जाता है। गंभीर चोट की स्थिति में 2 लाख मामूली चोट आने पर इलाज हेतु प्रति व्यक्ति 25 हजार तक सरकार खर्च करती है। सांसद संजय सेठ ने कहा कि उन्होंने सदन में सुझाव भी दिया है कि हाथी और मानव के संघर्ष को रोकने के लिए केंद्र सरकार को पहल करनी चाहिए।

### जुलौजी के नये बच्चों का स्वागत कार्यक्रम



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर को ऑपरेटिव कालेज में सोमवार को जंतू विज्ञान के प्रथम समेस्टर के बच्चों का परिचय सत्र किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ अमर सिंह मुख्य अतिथि, आइक्यूएसी कोर्डिनेटर डॉ नीता सिन्हा, बर्सर डॉ अशोक कुमार रवानी, डॉ आर के कर्ण उपस्थित थे। प्राचार्य ने कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य है इसको लेकर उनके द्वारा कड़ी मेहनत एवं शिक्षा के प्रति समर्पण भाव से काम करना चाहिए। इसके साथ ही शिक्षकों को सम्मान के साथ उनको देखना चाहिए तभी जाकर वह अपने जीवन में सफल होंगे। मौके पर डॉ स्वाती सोरेन, मिस्टर फ्रेशर शिवम ठाकुर, मिसेस फ्रेसर शालू प्रिया, देवाशीष, सौरभ, अंजना, पम्मी, कुनाल, भावना, श्वेता आदि का सक्रिय योगदान रहा है।

### तारापोर प्लांट पहुंचे टीडब्ल्यूयू के पदाधिकारी



**जमशेदपुर।** टाटा वर्कर्स यूनियन के समस्त पदाधिकारी अपने इंडस्ट्रियल विजिट के दौरान सोमवार को सीआरसी वेस्ट और ग्लोबल वायर्स डिविजन, तारापुर विजिट किए। इस भ्रमण के दौरान उन्होंने स्व संजय विश्वासराव शिंदे, यूनिट सेक्रेटरी सीआरसी वेस्ट एवं उपाध्यक्ष मुंबई लेबर यूनियन के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं सभी उनके शोक सभा में शामिल हुए। गौरतलब हो कि स्वर्गीय शिंदे का निधन विगत शनिवार को दिल का दौरा पढ़ने से हुआ है। स्वर्गीय शिंदे सीआरसी वेस्ट डिवीजन के मजदूर सहकर्मियों में काफी लोकप्रिय नेतृत्वकर्ता थे और टाटा वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व के साथ, विशेषकर अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी के साथ उनके व्यक्तिगत संबंध बहुत प्रगाढ़ रहे हैं। स्वर्गीय शिंदे के पीछे उनकी 76 वर्षीय माताजी समेत उनकी पत्नी श्रीमती विजया संजय शिंदे जो एक स्कूल शिक्षिका है, एक बेटा प्रहर संजय शिंदे जो इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है और भाई रवि विश्वास राव शिंदे जो ग्लोबल वायर्स,टाटा स्टील में कार्यरत हैं, उनके परिवारजनों में शामिल हैं। स्वर्गीय शिंदे दूसरी पीढ़ी के वंशज है जो टाटा स्टील कंपनी में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इस शोक सभा में टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार चौधरी, डिप्टी प्रेसीडेंट शैलेश सिंह, महासचिव सतीश सिंह, उपाध्यक्ष शत्रुघ्न राय, संजय सिंह, शहनवाज आलम, संजीव तिवारी, सहायक सचिव अजय चौधरी, सरोज सिंह, नितेश राज और कोषाध्यक्ष हरिशंकर सिंह उपस्थित थे।

### जयराम स्पोर्टिंग भोजपुरिया क्रिकेट- 4 की चैंपियन



**जमशेदपुर।** सोमवार को भोजपुरी नव चेतना मंच द्वारा आयोजित भोजपुरिया क्रिकेट लीग सीजन- 4 के फाइनल मैच के विजेता बनी जयराम स्पोर्टिंग , चार सेमीफाइनल मैच क्रमशः राही 11, हिंदू वारियर्स, एवरग्रीन, जयराम स्पोर्टिंग के बीच कड़ा मुकाबला हुआ जिसमे दो फाइनलिस्ट निकला और फिर दो फाइनल मैच के टीमों के बीच जोरदार मुकाबला हुआ जिसमे जयराम स्पोर्टिंग ने 35 रनो से मैच जीत लिया । टूनार्मेंट में बेहतर खिलाड़ी के रूप में चंदन मुखी को पुरस्कृत किया गया, जबकि बेहतर बल्लेबाज श्रीकांत तो बेहतर गेंदबाज हैप्पी सिंह को चुना गया तो बेहतर विकेट कीपर अविनाश पांडेय, बेहतर क्षेत्ररक्षक सन्नी कुमार को अवार्ड मिला। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह आजसू के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस अतिथि के रूप में भाजपा नेता दिनेश कुमार, आजसू जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, समाज सेवी शिव शंकर सिंह, अंजनी पांडेय, बिल्ला पाठक मौजूद रहे। फाइनल विजेता टीम को 70 हजार के साथ ट्राफी दी गई तो उप विजेता को 35 हजार के साथ ट्राफी दी गई। समापन समारोह में आयोजन समिति के तरफ से अप्पू तिवारी, जेपी सिंह, लक्की सिंह, आशुतोष सिंह, चितरंजन सिंह, धीरज कुमार, महेश सिंह, राहुल प्रसाद, ऋषभ सिंह, गोविंदा कुमार, रौशन कुमार, सुमित कुमार, विकास सिंह, बंटी कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

# संतानें हमारी पूंजी हैं, माता-पिता उन पर ध्यान दें : पं विजय शंकर

➲ जुगसलाई श्री राजस्थान शिव मंदिर में भागवत कथा का तीसरा दिन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जुगसलाई एमई स्कूल रोड़ स्थित श्री राजस्थान शिव मंदिर परिसर में चल रहे संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन सोमवार को प्रसिद्ध जीवन प्रबंधन गुरू पंडित विजयशंकर मेहता ने व्यास पीठ से जड़ भरत कथा, अजामिल प्रसंग, प्रहलाद, नरसिंह अवतार आदि प्रसंगों की व्याख्या सुमधुर भजनों के साथ की। उन्होंने कहा कि बच्चों को संघर्ष करना सिखाइये तभी वो बड़े होकर साहूकर बनेंगे। संतानें हमारी पूंजी हैं, माता-पिता उन पर नजर रखें तभी उनका जीवन सुधरेगा। दहेज परिवार और समाज के लिए कलंक हैं। शकुनि ओर मंथरा दहेज में ही आए थे। उन्होंने आगे कहा कि जीवन में भक्त बनना चाहिए। जो भक्त होता हैं उसकी सारी समस्याओं का समाधान भगवान स्वयं करते हैं। प्रहलाद की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान ने नरसिंह अवतार लिया और हिरण्यकशिपु का वध किया। भगवान हमें भी बता रहे हैं कि जीवन में जो भी भक्ति करेगा उसके लिए मैं किसी भी अवतार में आ सकता हूं।



कथा सुनाते पंडित विजय शंकर मेहता।

कथा से जुड़े प्रसंगों के आधार पर भजनों की प्रस्तुतियां दी गयी। कथा स्थल में उपस्थित श्रोताओं ने भजनों की धुन पर गुनगुनाकर तालियां बजाई। जरा मुस्कुराइए.... की धुन पर भजनों की प्रस्तुति पर सभी श्रोताओं ने तालियां बजाकर मुस्कान बिखेरी। पूजा के मुख्य यजमान बीणा-जयराम चौधरी थे।

**मंगलवार की कथा :** कथा के चौथे दिन मंगलवार को गजेंन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्रीराम कथा आदि प्रसंगों की व्याख्या पंडित मेहता करेंगें।

**इनका रहा योगदान :** सोमवार के कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से जयराम, नवनीत, रतन, पुरूषोतम, आनन्द, निशी, नेहा, श्वेता, सुरेश, विशाल, मनोहर, बंटी, श्रवण, सुनील, बिल्लू, समेत चौधरी परिवार के सभी सदस्यों का योगदान रहा।

## स्पीड न्यूज

### मानगो वसुंधरा स्टेट में भागवत कथा 25 से



**जमशेदपुर।** मानगो एनएच 33 स्थित वसुंधरा स्टेट (नियर इरीगेशन कॉलोनी) में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ 25 दिसंबर रविवार से 01 जनवरी तक होगा। श्रीधाम वृन्दावन के स्वामी वृजनंदन शास्त्री जी महाराज भागवत कथा का प्रसंग रोजाना संध्या 04 से 07 बजे तक करेंगे। महाराज जी व्यासपीठ से कथा वाचन के दौरान भगवान के अलग-अलग रूपों की झांकियों का दर्शन भी कराया जायेगा।

### कचरे में लगी आग से परेशान हैं सोनारीवासी

**जमशेदपुर।** सोनारी थाना क्षेत्र के आस्था हाइटेक सिटी विजया शताब्दी बृदावन गार्डन स्वर्ण विहार अजंता अपार्टमेंट अंकित रेजिडेंसी आदित्य होम्स समेत विभिन्न सोसायटी के प्रतिनिधियों ने समाजसेवी मुकुल मिश्रा की अगुवाई में सोमवार को उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपकर सोनारी मरीन ड्राइव के किनारे कचरा निष्पादन को अविलंब बंद करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि पहले घरेलू कचरे का निष्पादन बाबूडीह डंपिंग यार्ड में होता था लेकिन वहां का स्थानीय लोगों के विरोध से करोना कॉल से ही यह कचरा सोनारी मरीन ड्राइव में फेंका जाता है।

### आज सुबह चार घंटे विलंब से होगी जलापूर्ति

**जमशेदपुर।** मंगलवार को मोहरा जलापूर्ति योजना से पानी सप्लाई सुबह चार घंटा बिलंब से चालू होगी। इस दौरान मेन राइजिंग पाइप लाइनों में लीकेज मेंटेंस का काम किया जाएगा। जानकारी मोहरदा जलापूर्ति योजना के लिए विधायक सरयू राय के पेयजल प्रभारी अमरचंद्र झा ने दी है।

### मस्तान बाबा के सह सचिव मो नियाज लापता



**जमशेदपुर।** कपाली इस्लामनगर निवासी व अंजुमन शैदा ए मस्तान शाह बाबा के सह-सचिव मोनियाज खान (47) शनिवार की सुबह से लापता हैं। काफी खोजबीन के बाद नियाज के घर वालों ने कपाली थाने मे उन की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराया है।

### पोद्दार कल्याण समिति का वार्षिक वनभोज सात को

**जमशेदपुर।** मानगो टैंक रोड स्थित पोद्दार भवन में पोद्दार वैश्य कल्याण समिति की मासिक बैठक समिति अध्यक्ष अरुण पोद्दार की अध्यक्षता में हुई। विगत बैठक की समीक्षा करते हुए समिति से समाज के सदस्यों की अधिकांश भागीदारी सुनिश्चित करने एवं वर्ष 2022–23 के वनभोज सह पारिवारिक मिलन समारोह पर चर्चा की गयी। नववर्ष के 7 जनवरी को सर्वसम्मति से पारिवारिक मिलन सह वनभोज कार्यक्रम आयोजित करने की तिथि निर्धारित की गयी है।

### शाकंभरी माता का नौवां वार्षिक महोत्सव छह को

**जमशेदपुर।** श्री शाकंभरी माता का नौवां वार्षिक महोत्सव सह भव्य मंगलपाठ छह जनवरी को साकची ठाकुरबाड़ी रोड़ स्थित महालक्ष्मी दादी मंदिर में होगा। इसकी तैयारी जोरों पर है। इसे सफल बनाने को साकची महालक्ष्मी दादी मंदिर में श्री शाकंभरी माता परिवार की एक बैठक अध्यक्ष नीतू हरनाथका की अध्यक्षता में हुई।

जमशेदपुर की खबरें पेज पांच पर भी

## विहंगम योग संत समाज की अगुवाई में लगा नेत्र शिविर



खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा चिमनलाल भालोटिया सेवा संस्थान, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से आयोजित 664वां नेत्र शिविर आज नेत्र रोगियों के विदाई के साथ सम्पन्न हो गया। विहंगम योग संत समाज कोल्हान प्रमंडल के संयोजन में आयोजित हुए नेत्र शिविर में विदाई के अवसर पर विहंगम योग संत समाज के सदस्यों ने एकत्रित होकर गुरु सदाफल देव जी को याद करते हुए नेत्र रोगियों को काला चश्मा पहनाया, दवा प्रदान किया साथ ही उपहार स्वरूप कम्बल प्रदान किया। नेत्र चिकित्सक डॉ. बी. पी. सिंह एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा 29 नेत्र रोगियों की पट्टी खोलकर अंतिम जांच की गयी, जिसके पश्चात विदाई समारोह में उपस्थित विहंगम योग संत समाज, झारखंड के परामर्शक नगीना सिंह, समाजसेवी डॉ. डी. के. शुक्ला, पारसनाथ मिश्रा, विहंगम योग युवा संत समाज के नीरज मिश्रा, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय के अध्यक्ष बालमुकुन्द गोयल आदि थे।

## गोपेश्वर लाल दास मेमोरियल इंटर यूनियन वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** गोपेश्वर लाल दास मेमोरियल इंटर यूनियन वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन सोमवार को टाटा मोटर्स वॉलीबॉल कोर्ट, टीएमएल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुआ। संघ श्रेणी में, टाटा समूह की कंपनियों की लगभग 9 टीमें, अर्थात (टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ए, टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन-बी, टाटा स्टील रेड, टाटा स्टील ब्लू, टाटा पावर वर्कर्स यूनियन, गोलमुरी टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन, जुस्को श्रमिक यूनियन), टीएसपीडी एल एम्प्लाइज यूनियन, और टिस्को मजदुर यूनियन ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। दीपक कुमार, महाप्रबंधक (ईआर, सीएसआर और कौशल विकास), टाटा मोटर्स, उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि थे। मनोज सिंह, गोलमुरी टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन के महासचिव, पिंटू श्रीवास्तव, टाटा पावर वर्कर्स यूनियन के महासचिव, अमन सिंह, आइएसडब्ल्यूपी कर्मचारी संघ के महासचिव, श्रीकांत सिंह, टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष, राकेश्वर पांडे, इंटक के अध्यक्ष झारखंड, गुरमीत सिंह, अध्यक्ष, और आर के सिंह, टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के महासचिव, श्री वी एन सिंह, प्रमुख - प्रशासन और सुरक्षा, टाटा मोटर्स, श्री रजत कुमार सिंह , हेड-टाउन एडमिनिस्ट्रेशन एंड स्पोर्ट्स, टाटा मोटर्स और अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। दिन का पहला मैच टिस्को मजदूर यूनियन और टाटा वर्कर्स यूनियन (नीला) के बीच खेला गया। टिस्को मजदुर यूनियन के खिलाड़ियों ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन अंत में टाटा वर्कर्स यूनियन (ब्लू) सर्वश्रेष्ठ तीन सेटों में 25-05 के दो सीधे सेटों और 25-05 से विजयी हुई।

## खाद्य व आपूर्ति विभाग सचिव से मिला फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर जिला कमेटी एवं चाकुलिया प्रखंड कमेटी के सहयोग से बहरागोड़ा विधायक समीर महंती के नेतृत्व मे सोमवार को संघ के प्रतिनिधि राँची प्रोजेक्ट भवन मे राज्य खाघ एवं आपूर्ति विभाग की सचिव हिमानी पांडे से मिले और डीलरो की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर समाधान करने की मांग की।

डीलरों के 60 वर्ष उम्र होने पर रिटायर कर देने संबंधित बिंदु पर जिला के महासचिव प्रमोद गुप्ता ने कहा कि जो दुकानदार विगत 30 से 40 साल तक जनता के बीच सेवा किया। विभाग की योजनाओं को जनता तक पहूंचाने का कार्य किया। कोविड के समय में कार्य किया उसको आप नहीं पेंमेंट,नही देते है, ना हीं पेंशन देते है और ना ही मानदेय देते है ऐसी स्थिति मे उनके आश्रितों को अनुकंपा का लाभ नहीं मिलेगा तो उनके परिवार पर काफी बुरा प्रभाव पड़ेगा। राज्य मे जुन, जुलाई, अगस्त एवं सितंबर में बैकलाग राशन का वितरण किया गया जिसका समायोजित अभी तक नहीं हुआ है। जिसके चलते अक्टुबर, नवंबर एवं दिसंबर 2022 में डीलरों के आवंटन में भारी कटौती हो गया।



सचिव हिमानी पांडेय से मिलता प्रतिनिधिमंडल।

## शहीद अशफाकउल्लाह, बिस्मिल व रोशन सिंह का शहादत दिवस मना




खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** सोमवार को ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के दफ्तर में शहीद स्मृति सभा का आयोजन किया गया जिसमे शहीद अशफाक उल्लाह खान,राम प्रसाद बिस्मिल,रोशन सिंह के बलिदान को याद किया गया। इस अवसर पर बचपन प्ले स्कूल के डायरेक्टर मतीनूल हक अंसारी,ताहिर हुसैन,हाजी अयूब अली ने उनके शहादत पर अपने विचार रखे और उनकी शहादत को याद किया। आज के दिन इन तीन स्वतंत्रता सेनानियों को दी गई थी फांसी।देश के महान स्वतंत्रता सेनानी राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह को आज ही के दिन यानि कि 19 दिसंबर 1927 को फांसी दी गई थी। आज ही के दिन को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। देश को आजादी दिलाने के लिए इन तीनों ने अपना सबकुछ न्यौछावर कर दिया था। इन तीनों स्वतंत्रता सेनानियों को काकोरी कांड को अंजाम देने के लिए सजा के तौर पर फांसी के फंदे पर चढ़ाया गया था।

## जादूगर शंकर सम्राट आज से मिलानी हॉल में दिखायेंगे अपना इंद्रजाल

➲ आज एसडीओ करेंगे उद्घाटन, कल से हर दिन तीन शो

➲ विज्ञान और योग पर आधारित वैज्ञानिक कला है जादू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जादूगर शंकर सम्राट के जादू का शो 20 दिसंबर से बिष्टुपुर स्थित मिलानी हॉल में शुरू होने जा रहा है। शहरवासी जादूगर शंकर सम्राट के इंद्रजाल का लुत्फ आगामी 13 जनवरी तक ले पाएंगे। जादूगर शंकर सम्राट जादू शो का उद्घाटन मंगलवार की शाम 6:30 बजे धालभूम के एसडीओ शिवसेना करेंगे इस अवसर पर आमंत्रित जनों के बीच जादूगर शंकर सम्राट अपने इंद्रजाल का प्रदर्शन करेंगे।

जादूगर शंकर सम्राट ने अपने शो की पूर्व संध्या पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वे विहार के फुलवारी शरीफ,पटना के रहने वाले हैं और पिछले 15 वर्षों से वे जादू का शो करते आ रहे हैं। अब तक बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश एवं अन्य राज्यों में 40,000 से अधिक जादू के शो कर चुके हैं। विदेशों में काठमांडू, मस्कट सिंगापुर और अन्य देशों में भी उन्हें अपने इंद्रजाल को प्रदर्शित करने का मौका मिला है।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते जादूगर शंकर सम्राट। साथ में मैनेजर सुदर्शन पांडेय, शहर के जादूगर किंगशूक दा और सुबीर मजुमदार।

उन्होंने बताया कि उनके शो का मुख्य उद्देश्य जादू से लोगों के दिमाग से अंधविश्वास को हटाना लोगों को तंत्र-मंत्र के चक्कर से दूर रहने को लेकर जागरूकता पैदा करना है। साथ ही यह भी बताना एक उद्देश्य है कि जादू अंधविश्वास रुपी जादू -टोना नहीं बल्कि एक विज्ञान पर आधारित मनोरंजन का प्रमुख साधन है। उन्होंने बताया कि भारतवर्ष की देन जादू कला है और जादू कला को 64 कलाओं में सर्वश्रेष्ठ काला माना गया है।

**दो घंटे के शो में 36 आइटम पेश करेंगे शंकर सम्राट, स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी गायब होगी :** इस बार के शो का मुख्य आकर्षण के बारे में बताते हुए जादूगर शंकर सम्राट ने कहा कि इस बार 200 किलोग्राम वजन वाला स्टैचू आफ लिबर्टी स्लो मोशन में गायब होगी। यह पश्चिमी जादू कला पर आधारित प्रस्तुति होगी जिसे देखकर दर्शक दंग रह जाएंगे।इसके अलावा एक चलते पंखे से इंसान का आर पार होना ,एक आरा मशीन से लड़के का दो टुकड़ा होना, मिस्र देश की प्रेम कहानी, जापान के भूत और भूतों का डांस, सुंदरी बन गई खूंखार जानवर,इच्छाधारी नागिन मॉडर्न आर्ट ,हवा में तैरता हुआ बक्शा जिससे एक लड़की का प्रकट होना, जलते हुए आग के बीच से लड़की का प्रकट होना। चाइना वाल आदि।

## स्पीड न्यूज

### मालगाड़ी की चपेट में आयी छात्रा, मौत

**मेदिनीनगर।** शहर के रेड़मा ओवरब्रिज और आबादगंज रेलवे क्रॉसिंग के बीच एक छात्रा की मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। वह ट्यूशन पढ़ने आबादगंज जा रही थी। उसकी पहचान अनिता यादव के रूप में की गयी है। वह मनातू थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दी है।

### चियांकी फाइटर्स ने जीता भगत सिंह टूर्नामेंट



**मेदिनीनगर।** ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन के बैनर तले आयोजित शहीद ए आजम भगत सिंह नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच चियांकी फाइटर्स ने जीत लिया है। चियांकी फाइटर्स ने सोल टेकर को हराया है। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि प्रयाग राज, विशिष्ट अतिथि वार्ड 06 के पार्षद प्रत्याशी राहुल कुमार थे। प्रयाग ने कहा कि पलामू के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है, मगर उन्हें सही मंच न मिलने से वे आगे नहीं आ पाते। मौके पर जिलाध्यक्ष विदेशी पांडेय, कौशल किशोर, हिमांशु रंजन, सोनू पांडेय, गौतम दुबे, भीम तिवारी, सर्वेश दुबे, मोहित कुमार, सौरभ सिंह, मोहित आनंद, अमरेश सिंह आदि भी थे।

### न्यू मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने मनाया पिकनिक



**मेदिनीनगर।** शहर के दो नंबर टाउन स्थित न्यू मॉडल पब्लिक सीनियर विंग के विद्यार्थियों ने पिकनिक मनाया। जिसमें स्कूल के विद्यार्थी, सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने आनंद उठाया। विद्यालय के निदेशक रवि कुमार निराला ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चे को शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाते है। बच्चों ने सुगा बांध के प्राकृतिक सौंदर्य को बारीकी से देख जानकारी प्राप्त की। मौके पर शिक्षक निहारिका पांडे, पीयूष कुमार, आस्था कुमारी, मिली कुमारी, छाया कुमारी, सुशील यादव, नीलम कुमारी थे।

### 140 मरीजों की जांच, दी गयी नि:शुल्क दवा



**मेदिनीनगर।** एसएस हॉस्पिटल ने सुआ पंचायत सचिवालय में जांच शिविर लगाया। गांव के गरीब व जरूरतमंद ग्रामीणों की नि:शुल्क जांच कर नि:शुल्क दवा दिया गया। हॉस्पिटल के प्रोपराइटर डॉ रोहित पांडे ने कहा कि सदर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में शिविर लगाते आ रहे हैं। शिविर में करीब 140 लोगों की जांच की गयी। मौके पर मौके सुआ मुखिया दुलारी देवी, 20 सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर, उपाध्याय सिंह, अस्पताल के डॉक्टर-नर्स थे।

### पंडवा सीओ ने दो ट्रैक्टरों को थाना भेजा



**पंडवा पलामू।** रविवार की रात पंडवा सीओ ने गश्ती के दौरान थाना क्षेत्र के लोहड़ा से अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को पकड़ा। जिन्हें पंडवा थाना को करीबन 1 बजे सुपुर्द किया। सीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि सदर एसडीओ के आदेशानुसार पंडवा अंचल क्षेत्र में 6 जगहों पर चेकनाका लगाने के बावजूद अवैध बालू उठाव कर रहे हैं। गत रात्रि अंचल प्रशासन एक क्षेत्र में गस्ती में निकली तो करीबन 1 बजे दो ट्रैक्टर को एनएच-39 के लोहड़ा से पकड़कर पंडवा थाना को दिया। पलामू जिला खनन पदाधिकारी को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है। ताकि अवैध बालू उठाव पर रोक लगे।

### नौडीहा बाजार में पीसीसी पथ का शिलान्यास



**नौडीहा बाजार (पलामू)।** विशुनपुर पंचायत के इमलियाटांड़ में सोमवार को मुखिया जितेंद्र भारती ने शंभु राम के घर से प्रदीप कुमार के घर तक बननेवाली पीसीसी पथ का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि 15वें वित की राशी से यह 300 फीट सड़क बनेगी। आने वाले समय में कई विकास कार्य धरातल पर दिखेंगे। मौके पर लाभुक समिति के अध्यक्ष अजय कुमार, सचिव अरुण कुमार, समाजसेवी प्रदीप कुमार, रामाधार राम, सुमित्रा देवी, वार्ड सदस्य चंदन रजक समेत कई लोग थे।

### मृतक के परिजनों से मिले पूर्व सांसद



**पाटन पलामू।** प्रखंड के हरिया कला में 1 सप्ताह पहले अपराधियों ने नीरज विश्वकर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जानकारी मिलने पर पूर्व सांसद मनोज कुमार ने मृतक के घर जाकर परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने घटना पर शोक जताते हुए कहा कि वे हरसंभव सहायता को तैयार है। उन्होंने मृतक की पत्नी व मां को ढाढ़स बंधाया। उन्हें नीरज की पत्नी, मां, उनके भाई, चाचा बंधु से घटना की विस्तृत जानकारी ली। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, किशनपुर मंडल विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, पाटन मंडल विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता जैनेंद्र यादव, नागेंद्र प्रसाद, राधेश्याम मेहता, इंद्रदेव राणा, प्रभु राम, पिंकी विश्वकर्मा थे।

### शैक्षणिक भ्रमण शिक्षा का आधार : अभिषेक



**सतबरवा पलामू।** राजकीयकृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा पलामू के विज्ञान शिक्षक अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में नियमित शैक्षणिक भ्रमण भगवान बिरसा जैविक उद्यान तथा मछली घर रांची कराया गया। विद्यार्थियों ने यहां पर मछली के अनेक प्रजातियों के रहन सहन के बारे में जाना। साथ ही साथ पार्क में सफेद बाघ बंगाल टाइगर शेर, हिरन, हाथी, काले भालू, मगरमच्छ, तेंदुआ, शुतुरमुर्ग, घड़ियाल चीता, मोर, अनेक प्रकार के पक्षी, उनके रंग और अनेक प्रकार के जंगली जानवरों के रहन-सहन से अवगत हुए। शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए एक शक्तिशाली सकारात्मक शिक्षण उपकरण है जो सभी विद्यार्थियों को सामाजिक दृष्टि प्राप्त तथा भावनात्मक विकास को बढ़ावा देता है। इसका मूल उद्देश्य छात्र छात्रों को वास्तविक परिस्थितियों से जोड़कर उन्हें प्रत्यक्ष अनुभव कराना इस विधि के माध्यम से छात्रों में एक अनुभूति जागृत होती है जिससे वे भारत के विभिन्नता जैसे इतिहास विज्ञान शिल्पकार और प्रकृति को व्यक्तिगत रूप से जान सकते हैं। शिक्षार्थी प्रकृति के प्रति आकर्षित होते हैं।

# पलामू-गढ़वा में हाथियों के प्रकोप का मामला सांसद ने लोकसभा में उठाया

**>> पलामू के हुसैनाबाद में हाथियों ने ले ली थी दो लोगों की जान**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा में सांसद विष्णुदयाल राम ने प्रश्न काल के दौरान पलामू संसदीय क्षेत्र के दोनों जिले क्रमशः पलामू और गढ़वा में हाथियों के प्रकोप बढ़ने से संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। साथ ही उन्होंने इससे संबंधित वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के मंत्री से सवाल पूछा। सांसद ने कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू में हाथियों का प्रकोप इन दिनों काफी बढ़ गया है। अभी चार दिन पहले ही हुसैनाबाद प्रखंड के दंगवार ओपी के किशुनपुर में 15-20 की संख्या में आये जंगली हाथियों ने दो व्यक्तियों क्रमशः श्री बंशी मेहता एवं मनोज राम को पटक-पटक कर घायल कर दिया उन्हें जब हॉस्पीटल ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी मृत्यु होने पर विभाग के द्वारा तत्काल उनके परिवार को 25 हजार रूपए दिया गया एवं बाद में 3 लाख 75 हजार रूपए मुआवजे की राशि देने की बात की गयी। परंतु फसलों का नष्ट होने पर जो मुआवजा की राशि मिलती है वह बहुत कम है।



**खास बातें :** साथ ही व्यक्तियों की मृत्यु होने एवं फसलों के नष्ट होने पर मुआवजे की राशि मिलने में काफी विलंब होता है तथा उक्त मुआवजे की राशि के संबंध में लोगों को यहाँ तक की विभाग के रेंजर्स को भी विस्तृत जानकारी नहीं रहता है। सांसद ने मंत्री से जानना चाहा कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय उक्त संबंध में क्या कायार्वाई कर रहा है? उक्त प्रश्नों के जवाब में वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के माननीय राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने उत्तर देते हुए कहा कि केन्द सरकार के अलावा राज्य सरकार भी मुआवजा देती है जो भिन्न-भिन्न राज्यों के द्वारा भिन्न-भिन्न होती है। समय पर मुआवजा राशि मिलनी चाहिए।

# विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लायें पदाधिकारी: उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों का जिले में शत-प्रतिशत अनुपालन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने सोमवार को सभी बीडीओ-सीओ व विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों संग बैठक की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुधन योजना, सुखाड़ राहत सहित विभिन्न प्रकारों की छात्रवृत्ति योजना समेत मनरेगा से संबंधित योजनाओं की एक-एक कर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने समाज कल्याण पदाधिकारी को किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत अब तक प्राप्त आवेदनों का वेरिफिकेशन के पश्चात बच्चियों के खाते में राशि भेजने की कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही सभी बीडीओ को शेष आवेदनों को जिला समाज कल्याण में भेजने की बात कही।



**खास बातें :** पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने पशुपालन पदाधिकारी को जेएसएलपीएस के डीपीएम के साथ समन्वय में बनाते हुए बत्तख पालन के लाभुकों की संख्या बढ़ाने को कहा। उन्होंने छात्रवृत्ति के संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी व जिला कल्याण पदाधिकारी को आपस में बैठक करने व छात्रवृत्ति से संबंधित समस्याओं का निराकरण करते हुए बच्चों के खातों में राशि भेजने की कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। वहीं मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना में अंचल स्तर पर आवेदनों का वेरिफिकेशन में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने इसमें तेजी लाने पर बल दिया। इसी क्रम में मनरेगा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने को कहा। मौके पर डीडीसी रवि आनंद, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, प्रशिक्षु आईएएस श्रीकांत विसपुते, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शब्बीर अहमद, तीनों एसडीओ, बीडीओ, सीओ समेत जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### कामेश्वर अवध इंटरनेशनल स्कूल की पहली वर्षगांठ मनी

# मोबाइल फोन से ज्यादा पढ़ाई में ध्यान लगायें स्कूली बच्चे : एसपी

- एसपी, स्कूल के चेयरमैन व अन्य ने किया उद्घाटन
- स्कूल के बच्चों ने एक से बढ़कर एक झांकी और नृत्य किये प्रस्तुत
- विद्यालय का सपना है गरीब बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करना : संजीव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कामेश्वर अवध इंटरनेशनल स्कूल ने पहला वर्षगांठ धूमधाम से मनाया। उद्घाटन पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, स्कूल के चेयरमैन संजीव तिवारी, परमेश्वर तिवारी, झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, प्रिंसिपल एडमिन मार्टीन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़कर एक नृत्य, झांकी एवं संगीत प्रस्तुत किया। संबोधित करते हुए एसपी ने कहा कि बच्चे देश व समाज के भविष्य होते हैं। इसलिए विद्यालय प्रबंधन बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे। ताकि समाज में बच्चे अपनी पहचान स्थापित कर सकें। आज सोशल मीडिया समाज के लिए जहां बेहतर साबित हो रही है। वहीं दूसरी ओर यह बच्चों की बहुत बड़ी दुश्मन भी साबित हो रही है। बच्चे पढ़ाई से ज्यादा मोबाइल में समय बिताते हैं, जिससे वे अपने लक्ष्य प्राप्त नहीं कर पाते हैं। इसलिए बच्चे मोबाइल में कम पढ़ाई में ज्यादा समय दें, तो उनके जीवन के साथ परिवार का जीवन भी सार्थक होगा।

■ चेयरमैन संजीव तिवारी ने कहा कि विद्यालय का सपना है गरीब बच्चों को अन्य विद्यालयों से बेहतर शिक्षा व संस्कार देना। साथ ही शिक्षा के अलावे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कई प्रकार के कार्यक्रम होते हैं। ताकि बच्चे नृत्य, संगीत, खेल के साथ ही साथ सामाजिक ज्ञान अर्जित कर सकें। मौके पर परमेश्वर तिवारी, झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, केंद्रीय समिति सदस्य मनोज गुप्ता, सुनील तिवारी, देवेंद्र तिवारी, पप्पू साह, अर्क अरुनिष, वंदना बंदीका, ज्योत्सना जोशीका आदि भी थे।

# क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों पर दर्ज करें प्राथमिकी, भेजें जेल : डीसी

➲ **जिले में अवैध माइनिंग किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में सोमवार को जिला खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई। समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने अवैध खनन पर कार्रवाई का प्रतिवेदन उपलब्ध कराया। इस दौरान उन्होंने बताया कि पिछले तीन महीने में अबतक अवैध परिवहन व खनन कर रहे कुल 54 वाहनों को जब्त किया गया है। साथ ही 16 लाख 82 हजार रुपये बतौर जुमार्ना भी वसूला गया। वहीं कुल 6 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है।



**समीक्षा के दौरान क्या बोले उपायुक्त ए दोड्डे**

समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सभी एसडीओ को उनके क्षेत्र में संचालित अवैध माइनिंग के खिलाफ स्पेशल टास्क फोर्स का गठन कर कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने बिना सीटीआई और लाइसेंस लिये जिले में संचालित क्रेशर को सील करने को भी कहा। जिससे जिले में अवैध खनन के साथ प्रदूषण पर भी नियंत्रण हो सके। उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी एवं सभी एसडीओ को आपस में समन्वय बनाकर अवैध माइनिंग के विरुद्ध छापामारी करने कि बात कही। उन्होंने कहा कि जिले में कहीं भी किसी तरह के अवैध माइनिंग को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने ओवरलोडिंग कर रहे वाहनों को अविलंब रूप से जब्त करने व जुमार्ना वसूलने के बाद ही छोड़ने की बात कही। उन्होंने थाना प्रभारी व सीओ को संयुक्त रूप से बालू का अवैध खनन में रोकने हेतु अपना योगदान देने की बात कही।

**बैठक में ये भी रहे मौजूद :** मौके पर उपायुक्त ए दोड्डे, एसपी चंदन कुमार सिन्हा, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सदर एसडीओ राजेश साह, छतरपुर एसडीओ एनके गुप्ता, हुसैनाबाद एसडीओ कमलेश्वर नारायण, जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार वन एवं प्रदूषण विभाग के कर्मी मौजूद थे।

# मोहम्मदाबाद की टीम फाइनल में

**कर्नल कप**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** विगत 1 महीने से अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2022 में सोमवार को पहला सेमीफाइनल मैच पथरा बनाम मोहम्मदाबाद खेला गया। यह मैच बहुत ही रोमांचक रहा। दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिला। दोनों टीमों ने बहुत ही शानदार खेल का प्रदर्शन किया। पहले हाफ में मोहम्मदाबाद ने 1-0 की बढ़त हासिल कर लिया। दूसरे हाफ में पथरा टीम ने बेहतर खेल के दम पर बढ़त को कम करने की भरपूर कोशिश किया लेकिन मोहम्मदाबाद के खिलाड़ियों ने उसे नाकाम करते हुए एक गोल और कर बढत को 2-0 कर दिया। इसके बाद कोई भी गोल नहीं हो सका और मोहम्मदाबाद ने मैच को 2-0 से जीत कर कर्नल कप के फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। मोहम्मदाबाद के तरफ से राजा ने गोल किया। मैच में मुख्य निर्णायक (रेफरी) के रूप में धीरेंद्र कुमार बैठा तथा सहायक रेफरी के रूप में महसूर फुटबॉलर जयकूश सिंह और सुनील सिंह ने अपना अहम योगदान दिया।

# एयरफोर्स में अधिकारी बन निखिल ने बाबा के सपनों को किया साकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर नगर पंचायत के गोदरमा के निखिल कुमार पांडेय का चयन इंडियन एयर फोर्स के परमानेंट कमीशन अधिकारी के रूप में हुआ है। निखिल सनातन विद्या निकेतन के निदेशक धनंजय कुमार पांडेय का पुत्र एवं बिजली बोर्ड के पूर्व चेयरमैन वीएन पांडेय का भतीजा है। निखिल बचपन से ही मेधावी छात्र रहा है। निखिल ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 12वीं की परीक्षा पास किया है। निखिल पांडेय ने बताया कि बचपन में ही उसके दादा उसे देश सेवा में जाने के लिए प्रेरित करते थे।

उनका सपना था कि उनका पोता निखिल देश की सेवा में अपना योगदान दे। निखिल ने अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पिता के साथ साथ गोदरमा के सनातन विद्या निकेतन के शिक्षकों को दिया। कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है कि आज उसे यह सफलता मिली है।



अपने माता-पिता और बहन के साथ निखिल कुमार पांडेय।

### सधपुर उमवि के बच्चों में बंटी एमडीएम की राशि



**पाटन पलामू।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सधपुर में कोरोना काल में सरकार से मिले एमडीएम के पैसे का वितरण बच्चों के बीच किया गया। मौके पर स्कूल के प्राचार्य अब्दुल अंसारी, अध्यक्ष क्युम अंसारी, सीआरपी उपेंद्र कुमार ने बच्चों के बीच एमडीएम के 99,911 रुपये बांटे गये। इसके पूर्व प्राचार्य और अध्यक्ष ने बच्चों के बीच 87710 रुपये बंटना था। बच्चों से मध्याह्न भोजन की जानकारी ली, जो संतोषजनक पाया। मौके पर पूर्व जिप सदस्य नंदकुमार राम, बीस सूत्री उपाध्यक्ष उमा सिंह, इस्तखार अंसारी, बीस सूत्री सदस्य दिनेश सिंह, नुर अहमद, रहमतुल्लाह अंसारी, विष्णुदेव सिंह, दुलारे अहमद, मो साहजहां, समसुन बीबी आदि थे।

### हुसैनाबाद पुलिस ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ा



**हुसैनाबाद पलामू।** अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को हुसैनाबाद पुलिस ने रविवार को पकड़ा है। ट्रैक्टर पकड़ थाना परिसर में जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु खनन विभाग को भेजा गया है। एक तरफ बालू माफियाओं पर प्रशासनिक दबिश लगातार तेज होने पर भी बालू माफियाओं में डर नहीं हैं। इधर, इस समस्याओं की मार आम पब्लिक पर भी पड़ता नजर आ रही है; क्योंकि बालू के बिना गरीब गुरबों का पीएम आवास समेत सभी कार्य बाधित हैं। लोग प्रशासन व सरकार के निर्णय को देख रहे हैं। वहीं पलामू जिला के उपायुक्त और पुलिस कप्तान ने संयुक्त रूप से बैठक कर सभी अनुमंडलीय प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस के साथ कोडिनेशन कर अवैध माइनिंग पर कड़ा एक्शन लिया है।

### एमके ऑटोमोबाइल शोरूम में बजाज की एक नये मॉडल की बाइक की लांचिंग, राइडरों ने सराहा



**बिश्रामपुर (पलामू)।** बी मोड़ स्थित एम के ऑटोमोबाइल शोरूम में सोमवार को बजाज के एक नए मॉडल के पल्सर बाइक की लांचिंग की गयी। नये मॉडल के बाइक का लांचिंग प्रमुख रंभा देवी, युवा समाजसेवी मनवुअर खान, रविशंकर चौबे व प्रदीप शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर प्रमुख रम्भा देवी ने कहा कि नये-नये मॉडल की बाइक रेहला जैसे छोटे जगहों पर लॉन्च करना एक बड़ा संदेश दे रहा है। मनव्वर खान ने कहा कि रेहला अब व्यापारिक दृष्टि से भी एक महत्वपूर्ण शहर बनता जा रहा है। शोरूम संचालक अमित कुमार गुड्डू ने बताया कि पल्सर का यह नया मॉडल काफी आकर्षक व अत्याधुनिक तकनीक से लैस है। लांचिंग के पहले ही दिन नये मॉडल का एक मोटरसाइकल बिक भी गया। पहला ग्राहक अफजल आलम बनें। मौके पर किशोर कुमार रवि, चंदन राज गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

# घरटीया में 200 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू)।** प्रखंड के बघमनवा पंचायत के घरटीया में आदिवासी खरवार लोकसेवक संघ और खरवार एकता संघ ने 200 जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा। जरूरतमंद गरीब व वृद्धों के बीच कंबल वितरण बतौर मुख्य अतिथि बिश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन व खरवार एकता संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह खरवार ने किया। शशि रंजन ने कहा कि गरीबों की सेवा ही सच्ची समाजसेवा है। हर साधन संपन्न व्यक्ति को गरीबों की मदद हेतु आगे आना चाहिए। अखिलेश सिंह ने कहा कि आदिवासी खरवार लोक सेवक और खरवार एकता संघ गरीबों को हमेशा मदद को तैयार है। मौके पर उदय सिंह खरवार, युगेशवर सिंह, रामबृक्ष सिंह, कल्पनाथ सिंह, बीएसएफ जवान चत्रगुण सिंह, उमेश्वर सिंह, कृष्ण सिंह, वचन सिंह, रामप्रित सिंह, अनुज सिंह थे।

### पंडवा : बेटे ने की वृद्ध पिता की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**पड़वा पलामू।** थाना क्षेत्र के मझिआंव में बेटा बलराम भुइयां ने वृद्ध पिता धनुकी भुइयां को तेज हथियार से मार डाला। जानकारी मिलते ही पड़वा थाना प्रभारी नकुल साह घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। बताया कि मृतक पूजा पाठ करता है। बलराम के पुत्र की कुछ माह पहले मौत हो गयी थी। उसे शक है कि पिता ने ही ओझा-गुणी कर उसके पुत्र को मार दिया। आरोपी फरार है।

### सतबरवा : आग लगने से घर का सामान हुआ खाक

**सतबरवा पलामू।** सतबरवा प्रखंड के अंसार मोहल्ला निवासी अयूब खलीफा के घर में रात्रि में आग लग गई जिसमें कपड़ा, टीवी समेत अन्य हजारों रुपये के समान जलकर नष्ट हो गये। घटना रात्रि की बताई जा रही है। ग्रामीणों के सहयोग से इसी तरह आग पर काबू पाया गया। आग लगने का कारण बिजली शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

# आप करेगी जनसमस्याओं को लेकर आंदोलन : ओमकारनाथ



■ **आम आदमी पार्टी पांकी प्रखंड इकाई की बैठक**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी पलामू।** आम आदमी पार्टी की सरकार झारखंड में बनती है तो बिजली बिल फ्री होगा। आज आम जनता बिजली की हालत से जूझ रही है। उक्त बातें आप के प्रदेश प्रवक्ता ओंकारनाथ जायसवाल ने कही। वे पांकी प्रखंड कमेटी की बैठक में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि बिजली की आपूर्ति कम की जाती है और न उसके सही बिल आते हैं। एकमुश्त बिजल बिल आने से जनता को भुगतान करने में परेशानी होती है। सरकार जनता पर केस कर परेशान करती है। भाजपा व कांग्रेस से राज्य का भला नहीं हो सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नंदकिशोर यादव उर्फ लालू यादव और संचालन जाहिद हुसैन ने किया। बैठक में प्रखंड कमेटी का पूर्ण गठन किया गया।

# कर्मियों ने ली सुरक्षा की शपथ

➲ **कठौतिया माइंस में वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह शुरू**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पड़वा पलामू।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस में सोमवार को झंडोत्तोलन के साथ वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह शुरू हुआ। झंडोत्तोलन खान सुरक्षा पदाधिकारी केसी मोदक ने किया। जिसके बाद रास बिहारी प्रसाद ने सुरक्षा शपथ दिलायी। मौके पर खान प्रबंधक राजु सिंह ने कहा कि माइंस में उत्पादन जरूरी है लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी सुरक्षा का पालन करना है। कठौतिया माइंस में सुरक्षा के प्रति सजगता का ही परिणाम है कि 2015 से अभी तक कोई दुर्घटना नहीं हुई है।

खान सुरक्षा पदाधिकारी केसी मोदक ने कहा कि यदि सभी खदान कर्मी सुरक्षित व खुशहाल नहीं रहे तो ऐसे उत्पादन का कोई मूल्य नहीं है। इसलिए खदान के कर्मियों को सुरक्षा के साथ काम करना होगा। उन्होंने बताया कि वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह के तहत 21 दिसम्बर को डीजीएमएस द्वारा गठित टीम द्वारा माइंस का निरीक्षण कर लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जायेगा। मौके पर अमरेंद्र सिंह, आरआर शुक्ला, योगेश द्विवेदी, अरविंद सिंह, शैलेंद्र सिंह, रणबीर सिंह, हरिद्वार पांडेय, अनील तिवारी, चिरादीप मिश्रा, अशोक दुबे, अगम अधार, रासबिहारी प्रसाद, गौतम सिंह कई मौजूद थे।



सुरक्षा की शपथ लेते पदाधिकारी व अन्य कर्मी।

# जनकल्याण सेवा ट्रस्ट ने तलेया के जरूरतमंदों में बांटे अनाज-गर्म वस्त्र

➲ **गर्म वस्त्र मिलने से गरीबों को मिलेगी ठंड से निजात : अजीत दुबे**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** जनकल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में चैनपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत तलेया सुभाष नगर में जरूरतमंद लोगों के बीच चावल, गर्म वस्त्र और साड़ी का वितरण किया गया। सभा में ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत दुबे ने कहा कि पलामू जिला में ठंड चरम पर है। इससे आम आवाम परेशान हैं। गरीबों को गर्म वस्त्र नहीं होने से ठंठ में ठिठुरना पड़ रहा है। गर्म वस्त्र मिलने को ठंड से निजात मिलेगा।



**खास बातें :** जन कल्याण ट्रस्ट समर्पण भावना से निरंतर सामाजिक कार्य करता आ रहा है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे ने कहा कि ठंड से सभी को बचने की आवश्यकता है, जो भी वेस्ट कपड़ा घर में पड़ा है या कचहरी परिसर में कपड़ा बैंक का स्टॉक है वहां पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि हम लोग ट्रस्ट के माध्यम से वस्त्र को जरूरत लोगों तक पहुंचा सकें। मौके पर राष्ट्रीय संरक्षक स्वीटी सिन्हा ने कहा कि कल्याण ट्रस्ट आज निरंतर समाज के लिए अग्रसर है। यदि किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को आवश्यकता पड़ता है तो जन कल्याण ट्रस्ट उसके लिए संकल्पित भावना से कार्य करने का प्रयत्न करेगा। मौके पर ट्रस्ट के संगठन सचिव नंदलाल दुबे ने कहा कि गरीबों के घर तक जन कल्याण ट्रस्ट उन तक कपड़ा व चावल पहुंचायेंगे। मौके पर ललिता कुंवर, रेशमी देवी, फुलवंती कुंवर, सत्यवती कुंवर, मधु देवी, एकता देवी समेत 40 परिवार को ट्रस्ट के माध्यम से गर्म कपड़ा एवं खाने का राशन बांटा। वितरण समारोह में जन कल्याण ट्रस्ट के केंद्रीय कमेटी के महिला सदस्य रीना देवी, केंद्रीय प्रवक्ता अजय तिवारी, केंद्रीय सदस्य संतोष दुबे, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष आशीष पासवान आदि लोग शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## पठान फिल्म के गाने पर भाजयुमो ने जताया विरोध



**सिन्दरी ।** अभिनेता शाहरुख खान व अभिनेत्री दिपीका पादुकोण द्वारा अभिनित हिंदी फिल्म पठान के बेशरम रंग गाने में अभिनेत्री द्वारा भगवा रंग के बिकनी पहनने के बाद पूरे देश में बवाल मचा हुआ है। इसपर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा नेत्री साध्वी प्रज्ञा सहित कई संगठनों ने विरोध जताया है। इसपर कड़ी टिप्पणी करते हुए सोमवार को भाजपा धनबाद जिला युवा मोर्चा जिला मिडिया प्रभारी राजेश चौधरी ने बॉलीवुड के लोगों से सुधरने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हमारे सनातन धर्म का सबसे पवित्र भगवा रंग को पठान फिल्म की अभिनेत्री द्वारा बिकनी में इस्तेमाल कर प्रस्तुत करने से धर्म का अपमान हुआ है। यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है। उन्होंने बॉलीवुड के निमार्ता, निर्देशकों सहित कलाकारों से आग्रह किया है कि सुधर जाओ और सनातन धर्म के साथ खिलवाड़ करना बंद करो।

## उचित वेतन की मांग पर जोमेटो कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**धनबाद ।** डिलीवरी एजेंटों ने जोमैटो प्रबंधन पर लगाया आरोप लगाते हुए कहख कि बिना किसी अतिरिक्त लाभ के उन्हें फुल टाइम काम लिया जाता है।ऑनलाइन खाद्य वितरण कंपनी जोमैटो के वितरण एजेंटों ने उचित वेतन और कर्मचारी लाभ की मांग को लेकर हड़ताल शुरू कर दी है। जिसे लेकर बैंक मोड़ से चल कर रणधीर वर्मा चौक तक दर्जनों कर्मी पैदल मार्च कर विरोध जताया है।वहीं पत्रकारों से बात करते हुए जोमैटो कर्मी मो असलम अंसारी ने बताया के इतनी मेहनत करने के बाद भी हमारा परिवार चलाना मुस्किल हो रहा है कंपनी हमारे मेहनत का सही मेहनताना दे नही तो हम सब आंदोलन को बाध्य होंगे।

## पार्वती देवी ने मृतक के घर पहुंच दी सांत्वना

**जोरापोखर।** बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो की धर्मपत्नी सावित्री देवी पिछले चार दिनों से लापता जोरापोखर सुंदरनगर निवासी चाय विक्रेता रमेश साव के पुत्र अजीत का साव तालाब में मिलने की खबर सुनकर मर्माहत उनके आवास पहुंचे और परिजनों के ढांढस बंधाते हुए शोक संवेदना व्यक्त करते हुए गहरा दु:ख प्रकट किए। और स्थानीय पुलिस प्रशासन से इस घटना की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है जैसा कि मृतक की मां बता रही है कि मेरे बच्चे को चार दिनों से लापता कर उसकी हत्या कर शव को तालाब में फेक दिया। इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए वो कम है।

## काकोरी कांड से आज के शासक वर्ग को सीखना चाहिए: अनिल

**सिन्दरी।** स्वाधीनता संग्राम में घटी काकोरी कांड के अमर शहीदों अश्फाक उल्लाह खान, ठाकुर रौशन सिंह व रामप्रसाद बिस्मिल के 95 वें शहादत दिवस पर भारत की जनवादी नौजवान सभा (डीवाईएफआई) सिन्दरी नगर कमेटी ने सोमवार को गौशाला बाजार में श्रद्धांजलि दी। इस विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि काकोरी कांड से ब्रिटिश हुकूमत में भूचाल आ गया था और इसमें शामिल शहीदों को फाँसी दी गई थी। उनके द्वारा सर्वस्व न्योछावर कर मिली आजादी को शासक वर्ग भूल गया है। उन्होंने कहा कि हमें क्रांतिकारियों क सपनों को साकार करने के लिए साम्प्रदायिकता, बेरोजगारी, क्षेत्रवाद और आर्थिक असमानता के खिलाफ संघर्ष को मजबूत करने की जरूरत है। इसी प्रकार हम स्वाधीनता संग्राम के अमर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकेंगे। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता डीवाईएफआई के नगर अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा ने किया। विचार गोष्ठी को लेखक संघ के स्वामीनाथ पांडेय, मार्क्सवादी चिंतक काली सेन गुप्ता, अस्मित न्याय मंच के संयोजक विकास कुमार ठाकुर संबोधित किया।

# उपायुक्त ने की कल्याण व शिक्षा विभाग की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री संदीप सिंह ने आज समाहरणालय के सभागार में शिक्षा व कल्याण विभाग की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) को विद्यालयों के प्राचार्य के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र छात्रों की ऑनलाइन प्रविष्टि संपन्न करने का निर्देश दिया। छात्र का बैंक खाता नहीं होने की स्थिति में उनके माता-पिता अथवा अभिभावक के खाते में छात्रवृत्ति का भुगतान किया जाएगा। वहीं कक्षा 9 से 10 तक के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति का भुगतान उनके बैंक खाते में किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि सभी विद्यालयों में हेल्थ चेकअप कैंप लगाया जाएगा। इसके लिए जिला शिक्षा अधीक्षक सिविल सर्जन से समन्वय स्थापित कर यह सुनिश्चित करें कि हर विद्यालय के सभी छात्रों का स्वास्थ्य जांच हो। बैठक के दौरान स्कूल यूनिफॉर्म, ग्रांट, रंग रोगन, यूडाइस, ई विद्या वाहिनी, शिक्षक व छात्रों की उपस्थिति इत्यादि की समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त संदीप सिंह, उप विकास आयुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह, निदेशक एनईपी इंदु रानी, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी व अन्य लोग उपस्थित थे।

## पेयजल समस्या दूर करने को उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**धनबाद।** सोमवार को सोनी पासवान के नेतृत्व में अंगार पथरा के ग्रामीण पेयजल समस्या के निराकरण की मांग को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौपा. सोनी पासवान ने अवगत कराया कि नेशनल अंगार पथरा,यूनियन अंगारपथरा, 12 नंबर बालू गद्दा, खास अंगार पथरा, 8,10 एवं 16 नंबर छाताबाद, कलाली मोड अंगारपथरा, लकड़का नीचे बस्ती, 4 5 एवं 6 नंबर लकड़का, लालधौडा, बंगाली धौड़ा, कटहल धौड़ा, गजलीटांड में निवास कर रहे लोग भारी पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। मिलो दूर से महिलाएं एवं बच्चे सिर पर पानी ढोकर लाते हैं। कुछ जगह कि स्थिति ऐसी है कि जहां पर महिलाओं के लिए उस क्षेत्र से गुजरना उनके लिए खतरनाक भरा होता है। अगर कोई हादसा हो जाए तो जिम्मेदार कौन होगा। अतः कुछ जगह पर पाइप लाइन बिछाई गई जरूर है पर आउटसोर्सिंग एवं रेलवे लाइन के वजह से कार्य प्रगति में नहीं है।



## सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने लगाई मेडलों की झड़ी

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** डीएवी कोयला नगर मैदान में दिनांक 17.12.2022 को आयोजित धनबाद जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2022 में सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह के भैया बहनों ने भाग लेकर 26 पदकों पर कब्जा किया। इस प्रतियोगिता में ट्रायथलॉन,हेक्सा, 60 मीटर, 80 मीटर, 1600 मीटर ,ऊंची कूद, लंबी कूद, जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, गोला फेक में पूरा दमखम दिखाया और 7 स्वर्ण पदक 11 रजत पदक एवं 8 कांस्य पदक कुल 26 मेडलों को अपने नाम किया । बहनों मे स्वर्ण - प्रगति सोनक, पूजा नायक रजत- कनक गुप्ता, अंजलि मुर्मू, संगीता कुमारी,रिया कुमारी एवं प्राची कुमारी कांस्य- श्रेया कुमारी, प्रगति सिंह, पूजा नायक, अंशु कुमारी, मुस्कान कुमारी तथा भैया में स्वर्ण- अखिल सिंह, राहुल राणा तथा मुनेंद्र गोप रजत- कोमल कृष्णा, दीपक महतो, आदित्य सिंह, अभिनव राज कांस्य- पदक श्याम रजवार, श्रवण सिंह,आदित्य सिंह रहे।

विद्यालय प्रबंधन ने वंदना सभा में सभी भैया बहनों को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर विद्यालय सचिव श्री विक्रम कुमार राजगढ़िया, प्राचार्य अभिमन्यु कुमार, वरिष्ठ आचार्य अनिल जी, प्रेम नाथ मिश्रा, खेलकूद आचार्य विवेक सिंह एवं अंजली जी, संगीत आचार्य मयंक जी आदि ने बच्चों को आशीर्वचन प्रदान किए।

## कार-बाइक की टक्कर में बाइक सवार घायल

**बेरमो/पेटरवार।** पेटरवार. तेनु पथ पर छोटकी सदमा गांव के बी एम फ्यूल नामक पेट्रोल पंप के पास सोमवार की सुबह 7 बजे कार और बाइक के बीच हुई जोरदार टक्कर में बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस सेवा से घायल बाइक सवार युवक को पेटरवार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। अस्पताल के चिकित्सक डॉ ऋचा सिंह ने गम्भीररूप से घायल युवक का प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल बोकारो रेफर कर दिया। घायल बेमरो टांड निवासी अमीन अंसारी का पुत्र जिलानी अंसारी है।

## विनोद बाबू झारखंड आंदोलन के क्रांति दूत थे

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने बोगला मोड़एरामडीह मोड़ एवं बिजुलिया मोड़ में बिनोद बाबू के पुण्यतिथि पर उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते हुए कहा कि विनोदबाबू के विचारों और सपनों को आजसू कभी मिटने नहीं देगा। बिनोद बाबू के नेतृत्व में हुए महाजनोंए सूदखोरों के खिलाफए बाल विवाह के खिलाफए डाईन विसायी के खिलाफ और झारखंड राज्य के गठन के लिए हुई सीधी लड़ाई से प्रभावित होकर हमने उनकी भव्य आदमकद प्रतिमा स्थापित किया है। उनके विचार को आत्मसात करने की सलाह देते हुए श्री रजक ने कहा कि विनोद बाबू झारखंड आंदोलन के क्रांति दूत थे। मौके पर केंद्रीय सचिव दुर्गा चरण महतो नंदलाल महतो लालमोहन शर्मा तपन सिंह चौधरी ओम प्रकाश पाण्डेय सुरेन्द्र महतो टुपलाल महतो बंसत पाण्डेय रमा देवी मौजूद थे।

### 31वीं पुण्यतिथि पर याद किये गये बिनोद बाबू

**बोकारो/कसमार।** झारखंड अलग राज्य के प्रणेता स्व बिनोद बिहारी महतो की 31वीं पूण्यतिथि कसमार के कई इलाकों में मनाया गया। बगियारी मोड़ के सामने झारखंडी भाषा संघर्ष समिति के सदस्य व दुगार्पुर मुखिया अमरेश कुमार महतोए इमाम सफीए भुवनेश्वर महतोए मुखिया सुमित्रा कुमारी आदि ने कहा कि स्व बिनोद बाबू ने गरीबए दलितए शोषित अभिवंचित लोगों का हमेशा मदद किया है। उन्होंने पढ़ो और लड़ो का नारा दिया था। उन्होंने झारखंड अलग राज्य आन्दोलन की नींव रखी थी। मौके पर प्रशांत कुमारए शेखर कुमारए अशोक महतो मिथलेश महतोए करमचंद महतोए धनंजय महतोएमिथलेश महतो आदि मौजूद थे। इधर खुदीबेड़ा. हिसीम चौक में भी आजसू पार्टी कार्यकताओं द्वारा आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर याद किया। मौके पर कौशल्या देवीए महेंद्र महतोए मनोज महतोए हरिहर महतोए चंद्रदेव चौधरीए आदि आजसू कार्यकर्ता शामिल थे। कसमार स्थित झामुमो कार्यालय में भी झामुमो कार्यकताओं ने विनोद बाबू के चित्र पर माल्यार्पण कर याद किया। मौके पर झामुमो नेता दिलीप कुमार हेंब्रमए नरेश महतोए सिकंदर कपरदारए मिथलेश महाराजए सोहेल अंसारीए सोहराब अंसारी आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

## जिप सदस्य ने दिया कंप्यूटर सेंटर के बच्चों को प्रमाण पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/गोमिया।** गोमिया के होसिर स्थित आरआईआईटी कंप्यूटर सेंटर में जिप सदस्य आकाश लाल सिंह ने पास आउट विद्याथियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण कियाण आरआईआईटी कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर होसिर ने बीते सितंबर में परीक्षा आयोजित की थीण जिसमें 95 बच्चों ने भाग लियाण सोमवार 19 दिसबर को पास आउट विद्यार्थियों के बीच समारोह आयोजित कर प्रमाण पत्र का वितरण किया गयाण इस अवसर पर संस्थान के प्रमुख रवि आनंद ने जिप सदस्य आकाश लाल सिंह को गुलदस्ता देकर सम्मानित कियाण मौके पर जिप सदस्य ने कहा कि मौजूदा वक्त हुनरमंद लोगों के लिए हैण जिस व्यक्ति के पास हुनर हैए उसे काम जल्दी मिलता हैण दूसरा पूरी दुनिया टेक्नोलॉजी से चल रही हैण इसलिए कंप्यूटर शिक्षा का महत्व और भी ज्यादा हो गया हैण जो बच्चे कंप्यूटर में अच्छी पकड़ रखते हैंए उन्हें जल्दी काम मिल जाता हैण आज के दौर में वे स्वंय इस क्षेत्र में दूसरे को रोजगार दे सकते हैं।



## ताजिकिस्तान में फंसे झारखंड के 44 मजदूरों ने लगाई वतन वापसी की गुहार

**बेरमो/गोमिया।** बोकारोए गिरिडीह और हजारीबाग के रहनेवाले 44 प्रवासी मजदूर ताजिकिस्तान में फंसे हुए हैंण सोशल मीडिया के जरिए इन 44 प्रवासी मजदूरों ने ताजिकिस्तान से वतन वापसी की गुहार लगाई हैण मजदूरों नें मदद के लिए भारत सरकार और झारखंड सरकार के नाम त्राहिमाम संदेश भेजा हैण वीडियो संदेश में मंजदूरों ने बताया है कि जिस कंपनी में वे काम कर रहे थेए उसने तीन महीने से वेतन नहीं दिया हैण पैसे के अभाव में सभी मजदूर दाने.दाने को मोहताज हैंण मजदूरों में तीन बोकारोए 11 गिरिडीह और सबसे ज्यादा 30 हजारीबाग ज़िले के हैं। इस संबंध में प्रवासी मजदूरों के लिए काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली ने बताया कि यह कोई पहला मौका नहीं हैण पहले भी दलालों के चक्कर में पड़कर गरीब तबके के लोग विदेशों में बंधक बनते रहे हैंण ये सभी कामगार 6 महीने ही बिष्णुगढ प्रखंड के खरना के पंचम महतो के माध्यम से ट्रांसमिशन लाइन के लिए काम करने ताजिकिस्तान गए थेण जहां पिछले तीन महीने से वेतन नहीं मिला हैण केंद्र व राज्य सरकार को मजदूरों की वतन वापसी के लिए जरूरी कदम उठाना चाहिए।

## सांसद ने किया भवनों का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो जिलान्तर्गत चास.पुरुलिया रोड स्थित मंडल कारा चास मोड़ के निकट धनबाद सांसद पीएन सिंह द्वारा लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नए चास अनुमंडल कार्यालय एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय भवन निर्माण का शिलान्यास कर भूमि पूजन किया गया। इस दौरान बोकारो विधायक बिरंची नारायणए बीस सूत्री उपाध्यक्षए उप विकास आयुक्त कीर्ती श्री जीए अनुमंडल पदाधिकारी चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावतए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे। कीर्ती श्री जी ने कहा कि 1950 के दशक के बने चास अनुमंडल कार्यालय के जर्जर स्थिति में रहने के कारण कार्य करने में काफी कठिनाइयां हो रही थी इसलिए उक्त भवन का निर्माण करना जरूरी है। सांसद पीएन सिंह ने कहा कि चास अनुमंडल कार्यालय का नव निर्माण आवश्यक विकास की ओर बढ़ते कदम में एक अच्छी पहल है। ज्ञातव्य हो कि उक्त भवन का शिलान्यास विगत 15 नवंबर 2022 को मुख्यमंत्री के द्वारा ऑनलाइन किया गया था।

# राज्य के पदयात्रा पर निकले युवक का पेटरवार में स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/पेटरवार।** झारखंड राज्य की पदयात्रा पर निकले जैनामोड़ निवासी फ्लाइंग आर्या फिफ्टिन सोमवार को पेटरवार पहुंचे। पेटरवार आगमन पर तेनुचौक में इनका नागरिक अभिनंदन किया गया और उन्हें फूल माला से लाद दिया। झारखंड पदयात्रा पर निकले उत्साही युवक ने कहा कि 18 दिसंबर को जैनामोड़ से यह यात्रा प्रारंभ की है जिसके तहत राज्य के 24 जिलों में करीब 35 सौ किलोमीटर का भ्रमण किया जाएगा। कहा कि पदयात्रा का अंतिम पड़ाव धनबाद या बोकारो होगा। उन्होंने कहा कि इस पदयात्रा का उद्देश्य झारखंड में पर्यटनए पहचान ओर झारखंड की संस्कृति को बढ़ावा देना मेरा मुख्य उद्देश्य है। कहा कि झारखंड खनिज संपदाओं से भरा पड़ा है जिसके कारण पूरे देश में 40 फीसदी खनिज पदार्थो की आपूर्ति करती है लेकिन कुछ वैसे लोग अभी भी है जो झारखंड को झाड़. झंखाड़ समझते है। उन्हें झारखंड के विषय पर विस्तृत जानकारी रखना चाहिए ओर झारखंड की कला संस्कृति की पहचान होनी चाहिए। कहा कि झारखंड का इतिहास 2 हजार वर्ष पुरानी है। आगे कहा कि झारखंड में अंग्रेजों का विरोध करने वाला बाबा तिलका मांझी ही थे जिन्होंने अंग्रेजों को धूल चटाई थी।

### खाने-पीने में हो रही है परेशानी

पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि आर्थिक स्थिति ठीक नही रहने के कारण खाने . पीने में परेशानियां उठानी पड़ रही है और केवल बिस्कुट के सहारे हम पदयात्रा कर रहे है और लोगो को झारखंड की पहचान बताने का कार्य कर रहे है। पदयात्रा के दौरान होटल में बनी खाद्दय पदार्थ का सेवन नही करते है। मौके पर जिप सदस्य प्रहलाद महतोए पूर्व प्रमुख नरेंद्र कुमारए हारून रसीदए बेरमो जिला बनाओ समिति के संयोजक संतोष नायकए अखलेश्वर महतोए राजेन्द्र महतोए नागेश्वर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर में

### महिला समिति ने किया कंबल वितरण



**बोकारो।** बोकारो महिला समिति द्वारा गरीबों एवं जरूरतमंदों की मदद हेतु श्टु मेक समवन विंटर वार्मश के संकल्प के साथ लाबुडीह गाँव में कंबल वितरण किया गया। मौके पर महिला समिति की अध्यक्ष अनीता तिवारीए उपाध्यक्ष सीमा ठाकुर, मोनिका रंगानी, ईती रथए निशा श्रीवास्तवए सचिव बन्दना झा सहित रीता रानीए श्वेता कुमारए अभिरुचि प्रियाए अनिशा झा तथा नीतू आदि उपस्थित थी।
फोटो क्रमांकरूदमे. 519

### इंटर स्टील बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन

**बोकारो।** स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड के तत्वावधान एवं बीएसएल के क्रीडा एवं नागरिक सुविधाएं विभाग की मेजबानी में 20 दिसंबर से सेक्टर .4 स्थित स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स में इंटर स्टील बैडमिंटन चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बोकारो स्टील प्लांट सहित भिलाई स्टील प्लांटए दुगार्पुर स्टील प्लांटए एलाय स्टील प्लांटए इस्को स्टील प्लांटए सलेम स्टील प्लांटए राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड तथा जेएसडब्ल्यू बेल्लारी की कुल नौ टीमें भाग लेंगी और इसका फाइनल मैच 22 दिसंबर को होगा।

### बिहारी अग्रवाल मेमोरियल एथलेटिक मीट-2022 का आयोजन



**चिरकुंडा।** एसजीडी मोडर्न स्कूल चिरकुंडा द्वारा बिहारी अग्रवाल मेमोरियल एथलेटिक मीट-2022 का आयोजन कुमारधुबी स्टेशन रोड स्थित प्राइमरी केम्पस में सोमवार को किया गया। सर्वप्रथम स्कूल के संस्थापक स्व बिहारी लाल अग्रवाल के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मशाल व बेलुन छोड़कर मुख्य अतिथि दिप्ती अग्रवाल,स्कूल के चेयरमेन अरून अग्रवाल,प्राचार्य जुबीन बोस,कृष्ण लाल रूंगटा, शरद अग्रवाल व पवन गढ़याण ने किया। बच्चों ने मार्च पास्ट किया। स्कूल के एआइएसएसई व एआइएसएससीई टापर व सब्जेक्ट टापर को सम्मानित किया गया। बच्चों के बीच ड्रील,बीट्स आफ पेपर रेस,जेक एण्ड जील रेस,चेन रेस,रेन रेन गो अवे रेस,बाल रेस,रिले रेस आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया वहीं बच्चों के अभिभावकों के लिए भी स्लो वाकिंग रेस का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेता को पुरस्कृत किया गया। मौके पर स्कूल के प्राइमरी केम्पस के इंचार्ज स्वागता बनर्जी के अलावे अंशुमान भादुड़ी,जानी दत्ता,सूचि स्मिता सरकार,मनमोहन सिंह,आशीष बनर्जी,देवाशिष गोराई,झिनुक गोराई,अर्चना सिंह,सुष्मिता गोराई,नवल कुमार यादव,रजत मुखर्जी आदि मौजुद थे।

### मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न




**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर-3 स्थित ट्रेनिंग हॉस्टल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता सफलता पूर्वक संपन्न हुई। समापन प्रतियोगिता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि धनबाद सांसद प्रतिनिधि आर एन ओझा एवं जिला खेल पदाधिकारी मारकश हेम्ब्रमए प्रखंड विकास पदाधिकारी चास मिथिलेश चौधरी एवं अन्य लोग उपस्थित थे। बालक वर्ग के फाइनल मैच में पेटरवार प्रखंड ने चास प्रखंड को टाईब्रेकर के सहारे 1.0 से हराकर चैंपियन का खिताब अपने नाम कर लिया तो बालिका वर्ग के फाइनल में चास प्रखंडए पेटरवार प्रखंड को पटखनी दे प्रतियोगिता की विजेता घोषित हुई। मौके पर जिला जिला खेल पदाधिकारी श्री हेम्ब्रम ने विजेता टीमों को शील्ड देकर पुरस्कृत करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। श्री ओझा ने खिलाड़ियों को अनुशासन व परिश्रम से सफलता हासिल करने की बात कही।विजेता टीमें धनबाद में आयोजित प्रमंडल स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल होगी।

### शारदा कॉलोनी में बाबा गुरु घासीदास जयंती



**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद के शारदा कॉलोनी स्थित मंदिर प्रांगण में बाबा गुरु घासीदास जी का जयंती धूमधाम से विधिवत पूजा अर्चना के साथ मनाया गया। पूजा में जजमान के रूप में पुजारी भोला भारतीए इंदर बाबाएनीलू रामए रोहित जोहले शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से 16वीं लोकसभा के सांसद रविंद्र कुमार पांडेय एश्रमिक नेता रविंद्र कुमार मिश्राए समाजसेवी भोला दिगारए ललन मल्लाहए राजू दिगारए कृष्णा रजवारए वार्ड पार्षद निर्मला देवी आदि मुख्य रूप से शामिल हुए। आयोजक भोला भारती और पहलाद राम निखिल ने बताया कि बाबा गुरु घासीदास का जन्म छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में गिरौद नामक ग्राम में हुआ था। उनके पिता का नाम मंहगू दास तथा माता का नाम अमरौतिन था और उनकी धर्मपत्नी का नाम सफुरा था।गुरु घासीदास का जन्म ऐसे समय हुआ जब समाज में छुआछूत, ऊंचनीचए झूठ .कपट का बोलबाला थाएबाबा ने ऐसे समय में समाज में समाज को एकताएभाईचारे तथा समरसता का संदेश दिया। घासीदास की सत्य के प्रति अटूट आस्था की वजह से ही इन्होंने बचपन में कई चमत्कार दिखाएए जिसका लोगों पर काफी प्रभाव पड़ा।गुरु घासीदास ने समाज के लोगों को सात्विक जीवन जीने की प्रेरणा दी। उन्होंने न सिर्फ सत्य की आराधना कीए बल्कि समाज में नई जागृति पैदा की और अपनी तपस्या से प्राप्त ज्ञान और शक्ति का उपयोग मानवता की सेवा के कार्य में किया। इसी प्रभाव के चलते लाखों लोग बाबा के अनुयायी हो गए। फिर इसी तरह छत्तीसगढ़ में शसतनाम पंथश की स्थापना हुई। सस

## तवांग झड़प के बाद परियोजना में तेजी : चीन-तिब्बत सीमा के करीब से गुजरेगा

# अरुणाचल में फ्रंटियर हाईवे बनेगा

एजेंसी

**लद्दाख।** अरुणाचल प्रदेश में केंद्र सरकार फ्रंटियर हाईवे बनाएगी। ये अगले पांच साल में तैयार होगा। तिब्बत-चीन-म्यांमार से सटी भारतीय सीमा के काफी करीब इस हाईवे के निर्माण से सेना के मूवमेंट में आसानी होगी। बताया जा रहा है कि हाईवे का नाम एनएच-913 होगा और इसकी लंबाई 1748 किमी. होगी। सड़क और पहरवहन मंत्रालय इसे बनाएगी और इसका फोकस बॉर्डर एरिया से लोगों का पलायन रोकना है।

**लागत 27 हजार करोड़**

ये हाईवे बोमडिला से शुरू होगा। जो नाफ्रा, हुरी और मोनीगॉन्ग पास से गुजरेगा।

ये 3 पॉइंट्स इंडिया-तिब्बत बॉर्डर के काफी करीब हैं। चीन सीमा के करीब जिडो और चेनक्वेंटी स्थित पॉइंट्स से भी जाएगा। यह इंडिया-म्यांमार बॉर्डर के पास विजयनगर में खत्म होगा। इस पूरे हाईवे को 9 पैकेज में बांटा जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट की कीमत 27 हजार करोड़ होगी। सरकार इसकी लागत को कम करने के विकल्पों पर भी विचार कर रही है।

**निगरानी रखने और पलायन रोकने में भी मिलेगी मदद**

एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि पूरे हाईवे में 800 किमी. सड़क हरियाली वाली जगहों पर बनेगी, क्योंकि इन इलाकों में अभी कोई सड़क मौजूद नहीं है। इस पर पुल और सुरंगें भी होंगी। 2024-25 तक इस प्रोजेक्ट का पूरा प्लान तैयार हो जाएगा और अगले 2 साल में इसका निर्माण भी पूरा कर लिया जाएगा। उम्मीद है कि 2026-27 तक ये काम हो जाएगा। इस हाईवे के चलते विकास में बूस्ट आएगा। खासतौर से उन इलाकों में जो सीमा के करीब हैं। इससे हमें वहां हो रहे पलायन को रोकने में भी मदद मिलेगी।

## चीनी एयरबेस पर हलचल बढ़ी, ड्रोन-फाइटर जेट्स तैनात



9 दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग में भारतीय सेना के साथ झड़प में मात खाए चीन ने नॉर्थ–ईस्ट बॉर्डर के पास अपने एयरबेस पर एक्टिविटी बढ़ा दी है। यहां फाइटर जेट्स और ड्रोन की संख्या बढ़ गई है। मैक्सार टेक्नोलॉजी की सैटेलाइट इमेज में चीन की एक्टिविटीज साफ दिखाई पड़ रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने बांगदा एयरबेस पर सोरिंग ड्रैगन ड्रोन तैनात किया है। यह ड्रोन सैटेलाइट इमेज में दिखाई दे रहा है। बांगदा एयरबेस अरुणाचल सीमा से महज 150 किमी. दूर है। इसके बाद भारतीय वायुसेना ने भी पिछले गुरुवार और शुक्रवार को युद्धाभ्यास किया था। इससे पहले 11 दिसंबर को अमेरिकी रक्षा वेबसाइट वॉर जोन ने सैटेलाइट इमेज जारी किए थे, जिसमें तिब्बत के शिगात्से पीस एयरपोर्ट पर चीन के 10 एयरक्राफ्ट और 7 ड्रोन दिखे थे। तिब्बत में न्यिंगची, शीगत्से और नागरी में चीन के 5 एयरपोर्ट हैं और ये भारत–नेपाल बॉर्डर के करीब हैं। चीन ने पिछले साल ल्हासा से न्यिंगची तक बुलेट ट्रेन की शुरूआत की थी। यह अरुणाचल के पास है।

## तवांग झड़प पर संसद में हंगामा

तवांग झड़प को लेकर सोमवार को संसद के दोनों सदनों में जमकर हंगामा देखने को मिला। तवांग में चीनी अतिक्रमण और एलएसी पर वस्तुस्थिति के बारे में कार्यस्थगन नोटिस के जरिए चर्चा कराने की मांग खारिज कर दी गई, इसको लेकर विपक्षी सांसदों ने पहले हंगामा किया और फिर वॉकआउट कर दिया। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों का कहना है कि चेयर इस मुद्दे पर ध्यान नहीं दे रही थी। कार्यवाही शुरू होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। उन्होंने कहा कि 9 सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए नियम 267 के तहत नोटिस दिए हैं। इनमें से कोई भी नोटिस नियमों के अनुरूप नहीं है।

## सरकार संसद में चर्चा के लिए तैयार नहीं : खडगे

कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खडगे ने कहा कि चाइना और भारत के सैनिकों के बीच हुए विवाद को लेकर एक भ्रम फैलाया जा रहा है लेकिन भारतीय जनता पार्टी संसद में चाइना को लेकर चर्चा करने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि अभी हाल में ही तवांग घाटी में जवानों के से झगड़े होने की बात सामने आई थी और चीन से जुड़ी हुई जो भी सरहद है वहां भी आए आए दिन झगड़े होते रहते हैं। उन्होंने कहा कि चाह गलवान घाटी और डोकलाम हो वहां क्या हुआ पूरे देश ने देखा। उन्होंने कहा कि सदन में इस संसद में इस मामले को उठाना चाहती है कि आखिर हमारी विदेशी रणनीति क्या कहती है लेकिन भाजपा नीत केंद्र सरकार इस बात पर चर्चा कराने को कतई तैयार नहीं है। खडगे ने सीधा हमला बोलते हुए कहा कि आखिर किस कारण से केंद्र सरकार चाइना के मामले को लेकर संसद में चर्चा नहीं करा रही है।

## उत्तर भारत में बर्फीली हवाओं से बढ़ी ठंड, मैदानी इलाकों में कोहरा



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के चलते वहां से मैदानी इलाकों में आ रही बफीर्ली हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। बफीर्ली हवाओं के कारण पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड के अलावा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी तापमान में कमी आई है। इसके साथ ही मैदानी इलाकों में कोहरा भी नजर आने लगा है। दिल्ली में मौसम विभाग ने मध्यम स्तर का कोहरा छाए रहने का अनुमान जताया है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार निम्न दबाव का क्षेत्र अब बंगाल की दक्षिण खाड़ी और इससे सटे हिंद महासागर के मध्य भागों पर स्थित है। संबंधित चक्रवाती परिसंचरण मध्य क्षोभमंडल स्तरों तक फैला हुआ है। इसके पश्चिम की ओर बढ़े और अगले 24 घंटों के दौरान अपनी तीव्रता बनाए रखने की संभावना है। इसके अलावा पश्चिम मध्य अरब सागर के ऊपर अच्छी तरह से चिन्हित कम दबाव का क्षेत्र संबंधित चक्रवाती परिसंचरण के साथ मध्य क्षोभमंडल स्तर तक फैला हुआ है। इसके दक्षिण-पश्चिम दिशा में आगे बढ़े और और कमजोर होने की उम्मीद है। पिछले 24 घंटों के दौरान, अंडमान और निकोबार के दक्षिणी द्वीपों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ एक या दो स्थानों पर भारी बारिश हुई। दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश में हल्की बारिश हुई। मराठवाड़ा, गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, विदर्भ और पश्चिमी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से काफी ऊपर रहा।

### स्पीड न्यूज

## गुरदासपुर में ड्रोन की घुसपैठ, सेना ने लौटाया

**गुरदासपुर (पंजाब)।** पंजाब में बीएसएफ सेक्टर गुरदासपुर में पाकिस्तानी ड्रोन का आना लगातार जारी है। धुंध का फायदा उठाते हुए पाक तस्कर हेरोइन और हथियारों की खेप को भारतीय सीमा में पहुंचाने की नापाक कोशिश में जुटे हुए हैं। रविवार रात को दो बार इस सेक्टर में ड्रोन मूवमेंट देखने को मिली। बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के जवानों ने तकरीबन 100 राउंड फायर कर ड्रोन को वापस भेजा।

## सेंसेक्स 468 अंक उछला

**मुंबई।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ। सोमवार को सेंसेक्स 468.38 अंकों की बढ़त के साथ 61,806.19 अंकों पर जबकि निफ्टी 151.45 अंकों की बढ़त के साथ 18,420.45 अंकों पर बंद हुआ।

## सुंदरबन सीमा पर पहली बार बीएसएफ की महिला प्रहरी तैनात

**नयी दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल ने अपने इतिहास में पहली बार पश्चिम बंगाल के दुर्गम सुंदरबन इलाके में बांग्लादेश के साथ लगती लंबी समुद्री सीमा की सुरक्षा के लिए महिला प्रहरियों को तैनात किया है। सुंदरबन के दलदली, चारों तरफ घने जंगलों और नदियों से घिरे इस दुर्गम इलाके से गुजरने वाली अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा के लिए महिला प्रहरियों की तैनाती को महिला सशक्तिकरण के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है।

## गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने पीएम से की मुलाकात

**नयी दिल्ली।** गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पिचाई ने मुलाकात के बाद पीएम मोदी के साथ की तस्वीर को ट्वीट करते हुए लिखा कि आपके नेतृत्व के अंदर तकनीकी बदलाव की तेज रफ्तार को देखना प्रेरणा देता है। सुंदर पिचाई गूगल भारत में गूगल का सबसे बड़ा इवेंट गूगल फॉर इंडिया के 8वें एडिशन में शामिल होने के लिए भारत आए हुए हैं। यह इवेंट दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित किया गया है।



## महाराष्ट्र और कर्नाटक में बढ़ा तनाव, बेलगावी किले में तब्दील

**बेलगावी।** कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच दावेदारी में फंसे बेलगावी में बोम्मई सरकार के आखिरी विधानसभा सत्र के आयोजन को लेकर विवाद छिड़ गया है। कर्नाटक विधानसभा का 10 दिनों का सेशन यहां चल रहा है, जबकि महाराष्ट्र में एक तबका इसका विरोध कर रहा है। एनसीपी और शिवसेना के नेताओं ने बेलगावी से लगी महाराष्ट्र की सीमा पर घुसने का प्रयास किया। इस दौरान उन्हें हिरासत में ले लिया गया। नेता बेलगावी में घुसने की कोशिश कर रहे थे। कर्नाटक में इस मुद्दे पर इतना तनाव है कि बेलगावी को छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

## नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहा हूं : राहुल

एजेंसी

**अलवर।** राजस्थान में अलवर के मालाखेड़ा में सोमवार को राहुल गांधी ने सभा में कहा, मुझे बीजेपी वाले बुरे नहीं लगते। मैं रास्ते में जाता हूं तो इशारा करके पूछते हैं कि क्या कर रहे हो? मैं उन्हें जवाब देना चाहता हूं कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहा हूं। आइए आप भी बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलिए। महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, सरदार पटेल और अंबेडकर सबने नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोली थी। राहुल ने कहा, अमित शाह से लेकर सारे बीजेपी नेताओं के बच्चे अंग्रेजी मीडियम स्कूल में जाते हैं और भाषण देते हैं कि अंग्रेजी मत सीखो। वे नहीं चाहते कि गरीब अंग्रेजी सीखे। वे नहीं चाहते कि आप बड़े सपने देखो। मजदूरी से बाहर निकलो। मैं यह नहीं कर रहा हूं कि हिंदी नहीं पढ़नी चाहिए। हिंदुस्तान की सब भाषाएं पढ़नी चाहिए, लेकिन अमेरिका, इंग्लैंड, जापान सहित बाकी दुनिया से बात करने के लिए हिंदी काम नहीं आएगी, अंग्रेजी ही काम आएगी। इसीलिए राजस्थान में 1700 अंग्रेजी मीडियम स्कूल शुरू किए गए हैं, लेकिन यह कम है। राजस्थान के हर बच्चे को अंग्रेजी पढ़ने का अवसर मिलना चाहिए।

## बारामुला में आतंकियों का मददगार गिरफ्तार हथियार बरामद

**बारामुला।** उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले में पुलिस और सुरक्षाबलों को आतंक के खिलाफ एक और कामयाबी मिली है। पुलिस ने बारामुला में हथियार समेत आतंकी मददगार को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार सुरक्षाबलों की टीम ने एक विशेष इनपुट पर जिले के चकलू गांव से लश्कर के आतंकी सहयोगी मोहम्मद इशाक लोन को गिरफ्तार किया है। आरोपी गांव नदिहाल का रहना वाला है। उसके पास से एक कनस्तर आईईडी, एक पिस्टल, एक पिस्टल मैगजीन, 18 पिस्टल राउंड और आठ मीटर लंबा बिजली की तार बरामद की गई है।

### पुरानी पेंशन योजना पर सुशील मोदी ने चेताया, कहा

## हालत श्रीलंका जैसी हो जायेगी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने पुरानी पेंशन योजना को लागू करने की कुछ राज्यों की घोषणा को 'अनैतिक' करार दिया और कहा कि आज तो उन्हें कोई दिक्कत नहीं होगी लेकिन वर्ष 2034 में उनकी हालत श्रीलंका जैसी हो जाएगी। राज्यसभा में अनुदान की अनुपूरक मांगों पर चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा सदस्य ने पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाली की घोषणा करने वाले राज्यों से कहा कि उनके द्वारा आज का बोझ भविष्य की पीढ़ी पर डालना 'बहुत बड़ा अपराध' होगा। ज्ञात हो कि कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ और राजस्थान में पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल कर दी गई है जबकि उसने हिमाचल प्रदेश में इसे लागू करने का वादा किया है। पंजाब में भी यह व्यवस्था बहाल है। मोदी ने कहा कि आने वाली पीढ़ी के लिए बोझ छोड़कर जाएं, यह कदापि उचित नहीं होगा। उन्होंने कहा, आज आपको कोई दिक्कत नहीं होगी लेकिन 2034 में जो सरकार आएगी, उसकी अर्थव्यवस्था तबाह हो जाएगी। और भारत के बहुत सारे ऐसे राज्य होंगे, जिनकी हालत श्रीलंका जैसी हो जाएगी।

उन्होंने कहा, इसलिए मैं आग्रह करूंगा कि पुरानी पेंशन योजना के भूत को मत जगाइए। यह बहुत बड़ा खतरा है। हम पूरे देश को संकट में डाल देंगे।

## राहुल जी आपका अमेठी से लड़ना पक्का समझूं! भागेंगे तो नहीं! : स्मृति

**नयी दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के अमेठी के प्रदेश कांग्रेस नेता अजय राय के सोमवार को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को लेकर दिए गए बयान के बाद अब विवाद खड़ा हो गया है। खुद स्मृति ईरानी ने ट्वीट कर अजय राय के बयान पर पलटवार किया है। स्मृति ईरानी ने कहा कि 'सुना है राहुल गांधी जी आपने अपने किसी प्रांतीय नेता से अभद्र तरीके से 2024 में अमेठी से लड़ने की घोषणा करवाई है। तो क्या आपका अमेठी से लड़ना पक्का समझूं? दूसरी सीट पर तो नहीं भागेंगे? डरेंगे तो नहीं?' दरअसल अजय राय ने एक प्रेसवार्ता में कहा था कि अमेठी गांधी परिवार की सीट थी, है और हमेशा रहेगी।

## रूस के तेल रिफाइनरी में ब्लास्ट के बाद लगी भीषण आग



**मॉस्को।** रूस के इरकुत्सक क्षेत्र के उस्त-कुट के पूर्वी साइबेरियाई जिले में स्थित एक तेल रिफाइनरी में भीषण आग लग गई।

इस आग को बुझाने में करीब 150 दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। एक हजार स्क्वायर मीटर में फैली इस आग की लपटें कई किलोमीटर दूर से नजर आ रही थीं। रिपोर्ट से पता चलता है कि कम से कम पांच लोग मारे गए हैं। बताया जा रहा है कि स्थानीय समयानुसार रविवार की रात 11 बजे गैस रिसाव के चलते पहले प्लांट में विस्फोट हुआ और फिर आग पूरे क्षेत्र में फैल गई।

## सारा अली खान ने पूरी की ऐ वतन मेरे वतन की शूटिंग



अभिनेत्री सारा अली खान ने अपनी आने वाली फिल्म 'ऐ वतन मेरे वतन' की शूटिंग पूरी कर ली है। सारा अली खान 'ऐ वतन मेरे वतन' में स्वतंत्रता सेनानी की भूमिका में नजर आएंगी। सारा, उषा मेहता के किरदार में नजर आएंगी। 'ऐ वतन मेरे वतन' धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनायी जा रही है। ऐ वतन मेरे वतन को कन्नन अय्यर ने निर्देशित किया है वहीं, फिल्म की कहानी दरब फारूकी ने लिखी है। सारा ने अपनी इस फिल्म की शूटिंग पूरी होने की जानकारी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर तस्वीरें साझा कर दी हैं। सारा अली ने तस्वीरें साझा कर बताया कि वह बीते कई दिनों से ऐ वतन मेरे वतन के लिए नाइट शेड्यूल की शूटिंग कर रही थीं, लेकिन रविवार को उन्होंने अपने इस शेड्यूल की शूटिंग को पूरा कर लिया है। इस तस्वीर में एक केक भी नजर आ रहा है, जिसमें पर लिखा है इट्स रैप। साथ ही उन्होंने तस्वीर में ऐ वतन मेरे वतन भी लिखा है।




## '10' नंबर की जर्सी के लिए खास रहा आखिरी विश्व कप!

## सचिन तेंदुलकर के बाद लियोनल मेसी ने पूरा किया सपना

**दोहा।** अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप का खिताब जीत लिया है। इस टीम ने 1978 और 1986 के बाद तीसरी बार वर्ल्ड कप ट्रॉफी अपने नाम की। इस जीत के साथ लियोनल मेसी का वर्ल्ड कप जीतने का सपना भी पूरा हो गया। 2006 में वर्ल्ड कप में डेब्यू करने वाले मेसी ने अपने पांचवें विश्व कप में जाकर विश्व कप जीता। अर्जेंटीना के कप्तान ने विश्व कप शुरू होने से पहले कहा था कि यह उनका आखिरी विश्व कप होगा। ऐसे में मेसी ने ट्रॉफी जीतकर ही दम लिया। दुनिया के महानतम खिलाड़ियों में शुमार मेसी का जर्सी नंबर 10 है, जो कि क्रिकेट में भी महान खिलाड़ी की जर्सी नंबर थी। जी हां हम बात कर रहे हैं भारत के पूर्व महान क्रिकेटर मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर की। तेंदुलकर ने भी अपने आखिरी विश्व कप में ट्रॉफी जीती थी। 2011 में सचिन ने आखिरी बार वनडे विश्व कप में हिस्सा लिया था और टीम को चैंपियन बनाया था, ठीक मेसी की तरह। सचिन का वह छठा वनडे विश्व कप था। हालांकि, मेसी की तरह वह भी दो बार वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचे। एक बार उन्हें शिकस्त मिली और एक बार उनकी टीम चैंपियन बनी। 2003 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से हार गई थी। ठीक उसी प्रकार जैसे मेसी की टीम अर्जेंटीना 2014 फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल में जर्मनी से हार गई थी। मेसी भी अपने करियर में सिर्फ दो वर्ल्ड कप फाइनल खेले। इसमें से एक हारे और एक जीते। इस तरह 10 नंबर की जर्सी के लिए उसका आखिरी विश्व कप खास बन गया। हालांकि, अर्जेंटीना के कोच लियोनल स्केलोनी ने तो 2026 विश्व कप के लिए भी टीम में उनकी जगह पक्की कर ली है। फीफा वर्ल्ड कप फाइनल के बाद स्केलोनी ने यह बात कही। हालांकि, उनके कहने का यह भी मतलब हो सकता है कि अगर मेसी खेलते रहे तो अगला विश्व कप जरूर खेलेंगे, लेकिन ऐसा होने की उम्मीद बेहद कम है। बहरहाल, मेसी ने न सिर्फ टीम को चैंपियन बनाया, बल्कि दुनियाभर में अपने फैन्स को खुश होने का मौका दे दिया। मेसी ने इस विश्व कप में कुल सात गोल दागे और वह टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा गोल करने के मामले में दूसरे स्थान पर रहे। उनसे ज्यादा फ्रांस के किलियन एम्बाप्पे ने गोल किए। एम्बाप्पे ने आठ गोल दागे। वहीं, 2011 क्रिकेट विश्व कप में सचिन तेंदुलकर भी सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में दूसरे नंबर पर रहे थे। उन्होंने तब नौ मैचों में 482 रन बनाए थे। सचिन से ज्यादा रन श्रीलंका के तिलकरत्ने दिलशान ने बनाए थे। दिलशान ने नौ मैचों में 500 रन बनाए थे। भारत ने दिलशान की टीम श्रीलंका को ही खिताबी मुकाबले में हराया था। ठीक उसी तरह, जिस तरह मेसी की टीम ने एम्बाप्पे के फ्रांस को हराया। इस तरह सचिन और मेसी दोनों ने अपने आखिरी विश्व कप में सपने को पूरा किया और ट्रॉफी जीतकर खुद को हमेशा के लिए इतिहास में अमर कर लिया।



## दूसरे टेस्ट में नहीं खेलेंगे रोहित शर्मा

**चटगांव।** भारतीय टीम के नियमित कप्तान रोहित शर्मा बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दूसरे और आखिरी मैच में भी नहीं खेलेंगे। शुभमन गिल दूसरे टेस्ट में भी कप्तान लोकेश राहुल के साथ पारी की शुरूआत करेंगे। रोहित शर्मा को बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज के दूसरे मैच में फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी।



## रेहान का पंजा, जीत से 55 रन दूर इंग्लैंड

**कराची।** अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे रेहान अहमद (48/5) के पंजे की बदौलत इंग्लैंड ने पाकिस्तान को तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में सोमवार को 216 रन पर ऑलआउट कर दिया। इंग्लैंड ने 167 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिन का खेल खत्म होने तक दो विकेट के नुकसान पर 112 रन बना लिये हैं और वह जीत से सिर्फ 55 रन दूर है।

## भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड ने वनडे सीरीज के लिए किया टीम का एलान

**केपटाउन।** न्यूजीलैंड ने भारत और पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम का एलान कर दिया है। कीवी टीम 18 जनवरी से तीन वनडे और 27 जनवरी से तीन टी20 मैच की सीरीज खेलने के लिए भारत आएगी।

**न्यूजीलैंड टीम:** केन विलियम्सन (कप्तान, केवल पाकिस्तान), फिन एलेन, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन (केवल भारत), डेवोन कॉनवे, जैकब डफी (केवल भारत), लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लाथम (भारत के खिलाफ कप्तान), एडम मिल्ने, डेरेल मिचेल, हेनरी निकोल्स, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर, हेनरी शिपले, ईश सोढ़ी, टिम साउदी (केवल पाकिस्तान)।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 80 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran – II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran – II | ₹ 100 |
| English Grammar– II | ₹ 100 | English Grammar– II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 60 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!